खबरें छुपाता नहीं, छापता है

ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, शनिवार 21 मार्च 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 204 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 | 1 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### मुबारकबाद



ईद-उल-फितर के मौके पर सभी देशवासियों को

दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

ईद-उल-फितर के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 23 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

# घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

## केंद्र सरकार ने एलपीजी संकट पर दी सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव ने अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि देश की सारी रिफाइनरी अपनी पूरी क्षमता में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा है कि घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और हम लगातार उपभोक्ताओं से अपील कर रहे हैं, जहां भी संभव हो वे नेचुरल गैस अपनाने की ओर बढ़ें।

इस संबंध में राज्य सरकारों को भी पत्र लिखे गए हैं। इस दिशा में पहल करने वाले राज्यों को अतिरिक्त 10 फीसदी एलपीजी मुहैया कराने का भरोसा भी दिया गया है। 13700 से अधिक कनेक्शन दिए गए हैं और 7500 से अधिक लोग एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट हुए हैं। ऑनलाइन बुकिंग्स में लगभग 93 फीसदी की बुकिंग ऑनलाइन है। उनकी डिलिवरी की जा रही है। पैनिक बुकिंग कम हुई -**शेष पृष्ठ दो पर**



- **देश की सारी रिफाइनरी पूरी क्षमता में काम कर रही हैं, खाड़ी देशों में फंसे भारतीय जहाज और नाविक पूरी तरह सुरक्षित**

### प्रीमियम पेट्रोल दो व औद्योगिक डीजल 22 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा कर दिया है। औद्योगिक उपयोग वाले थोक डीजल की दरें भी करीब 22 रुपये प्रति लीटर बढ़ाई गईं। तेल विपणन कंपनियों ने कीमतों में यह इजाफा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के बाद किया है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# उत्तराखंड में धामी मंत्रिमंडल का विस्तार, पांच विधायक बने मंत्री

एस. आलम अंसारी

**देहरादून।** नवरात्रि के दूसरे दिन उत्तराखंड की धामी सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया। लोक भवन में शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे आयोजित समारोह में नव नियुक्त कैबिनेट मंत्रियों को शपथ ग्रहण कराई गई।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) ने शुक्रवार को लोक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उत्तराखंड सरकार के मंत्रिपरिषद के नवनियुक्त मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने विधायक खजान दास, मदन कौशिक, भरत सिंह चौधरी, प्रदीप बत्रा एवं राम सिंह कैड़ा को मंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्य मंत्री भगत सिंह कोश्यारी, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, श्रीमती रेखा आर्या, गणेश जोशी एवं सौरभ बहुगुणा, सांसद महेन्द्र भट्ट और नरेश बंसल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन -**शेष पृष्ठ दो पर**



- **लोक भवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने पांचों विधायकों को दिलाई शपथ**
- **विधायक मदन कौशिक, खजान दास, भरत चौधरी, प्रदीप बत्रा और राम सिंह कैडा बने मंत्री**

### धामी कैबिनेट में अब 12 मंत्री

साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत 9 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली थी। ऐसे में सरकार के गठन के साथ ही तीन मंत्रिमंडल के पद खाली चल रहे थे। लेकिन कुछ समय बाद ही 26 अप्रैल 2023 को समाज कल्याण और परिवहन मंत्री चंदन रामदास के निधन के बाद एक और मंत्रिमंडल का पद खाली हो गया। इसके साथ ही 16 मार्च 2025 में वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की ओर से दिए गए विवादित बयान के बाद उन्हें भी अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा। ऐसे में धामी मंत्रिमंडल में पांच मंत्री के पद खाली चल रहे थे। शुक्रवार को धामी मंत्रिमंडल में पांच नए मंत्री शामिल होने से अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित 12 मंत्री हो गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी नौकरानी नहीं, लाइफ पार्टनर है: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तलाक से जुड़े मामले की सुनवाई में कहा कि 'पत्नी का खाना न बनाना या घरेलू कामकाज ठीक से न करना क्रूरता नहीं माना जा सकता।' जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने कहा कि अब समय बदल चुका है और पति को भी घर के कामों में बराबर की जिम्मेदारी निभानी होगी। जस्टिस मेहता ने कहा कि आप नौकरानी से शादी नहीं कर रहे, बल्कि जीवनसाथी से कर रहे हैं। जस्टिस नाथ ने कहा कि आज के समय में पति को भी खाना बनाना और घर के काम करना चाहिए। बेंच ने इस केस में अंतिम फैसला नहीं सुनाया है। मामले की अगली तारीख पर पति-पत्नी को सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। पहले भी इस केस को मेडिएशन में भेजा गया था, लेकिन समझौता नहीं हो सका। वहीं, मामले में फैमिली कोर्ट ने पति के पक्ष में फैसला दिया था। हाईकोर्ट ने फैसला रद्द किया। बाद में पति ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। दरअसल, इस मामले में पति ने क्रूरता के आधार पर तलाक की मांग की थी।

### यूपी, बिहार समेत 12 राज्यों में बारिश

**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों में मौसम बदला हुआ है। मार्च के महीने में जहां पहाड़ी इलाकों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में भारी बर्फबारी हो रही है। वहीं मैदानी इलाकों राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी और बिहार में तेज बारिश के साथ-साथ ओले गिर रहे हैं। मौसम में बदलाव की वजह वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का बदला हुआ आकार है। आमतौर पर यह सिस्टम कर्व्ड (मुड़ा हुआ) होता है। इस बार यह सीधी लाइन में है। यह रेन बैंड 1000 किमी लंबा है। अफगानिस्तान से पाकिस्तान और इंडिया तक इसका असर है। दरअसल वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पश्चिम से आने वाला बादलों का एक सिस्टम होता है। जो सर्दियों में उत्तर भारत में बारिश और बर्फबारी कराता है। क्लाइमेट साइंटिस्ट डा. प्रदीप के अनुसार, मौजूद वेस्टर्न डिस्टर्बेंस अपनी बनावट के कारण बेहद दुर्लभ है। जिससे शक्तिशाली आंधी-तूफान और गरज वाले बादल पैदा करने की क्षमता है।

### ताहिर हुसैन को मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** 2020 के उत्तर- पूर्वी दिल्ली दंगों के आरोपी पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को कोर्ट ने मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत दी है। उन्होंने इनगुइनल हर्निया के इलाज के लिए स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जमानत की मांग की थी। कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली सरकार को उनकी सर्जरी 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# अमेरिकी F-35 विमान पर इतिहास में पहला हमला: ईरान

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान की आईआरजीसी ने गुरुवार को सुबह 2:50 बजे मध्य ईरान के हवाई क्षेत्र में एक अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान को निशाना बनाने का दावा किया।

आईआरजीसी के अनुसार, विमान के क्रैश होने की बहुत ज्यादा संभावना है। दूसरी तरफ, सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने बताया कि ईरानी मिसाइलों के हमले के बाद एक एफ-35 विमान को इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स ने पुष्टि की कि विमान ईरान के ऊपर एक मिशन पर था। उन्होंने बताया कि विमान सुरक्षित उतर गया है और पायलट की हालत स्थिर है। फिलहाल इस घटना की जांच चल रही है। बता दें कि एफ-35 दुनिया के सबसे महंगे विमानों में से एक है और इसकी कीमत 100 मिलियन डॉलर से भी ज्यादा है। अगर ईरान का यह दावा पूरी तरह सच साबित होता है, तो यह इस युद्ध की सबसे बड़ी सैन्य उपलब्धि होगी। ब्लूमबर्ग और सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के साथ युद्ध में अमेरिका को भारी नुकसान हुआ है। पहली बार किसी देश ने एफ-35 लाइटनिंग 2 विमान पर हमला किया।

- **IRGC का दावा: विमान के क्रैश होने की बहुत ज्यादा संभावना, यूएस ने की आपात लैंडिंग की पुष्टि**

### इजरायली हमले में आईआरजीसी प्रवक्ता और खुफिया मंत्री की मौत

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुख्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी एक भीषण हमले में मारे गए हैं। दावा किया जा रहा है कि यह हमला अमेरिका और इजरायल की ओर से संयुक्त रूप से किया गया था। इस बात की पुष्टि ईरान के सरकारी मीडिया ने की है। इतना ही नहीं, अभी ईरान इस झटके से उबर भी नहीं पाया था कि देश के खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब की भी एक हमले में मौत हो गई।















## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस कमांडो का शव कमरे में फंदे से लटका मिला

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में पुलिस कमिश्नर के एस्कॉर्ट में तैनात कमांडो का शव शुक्रवार को उनके किराए के कमरे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के गंगानगर राजापुर स्थित मकान में रह रहे कमांडो कृपाल सिंह (29) का कमरा अंदर से बंद था। मकान मालिक ने सुबह खिड़की से झांककर उन्हें फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, कृपाल सिंह आखिरी बार 18 मार्च की रात ड्यूटी से लौटने के बाद देखे गए थे। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कृपाल सिंह फिरोजाबाद जिले के निवासी थे और 2019 में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह पुलिस कमिश्नर के एस्कॉर्ट में कमांडो के रूप में तैनात थे।

### मीरवाइज उमर फारूक लगातार तीसरे शुक्रवार नजरबंद

**श्रीनगर।** कश्मीर के मुख्य मौलवी मीरवाइज उमर फारूक ने आरोप लगाया है कि उन्हें एक बार फिर घर में नजरबंद कर दिया गया है, जिससे वह श्रीनगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद में शुक्रवार का उपदेश द्धखुतबाऋ नहीं दे सके। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखी एक पोस्ट में दावा करते हुए कहा कि रमजान के पवित्र महीने के दौरान यह लगातार तीसरा शुक्रवार है जब उन्हें इस तरह की पाबंदी का सामना करना पड़ा है। उनके घर के बाहर पुलिस वाहनों और सुरक्षाबलों की तैनाती कर दी गई और गलियों को कटीले तारों से बंद कर दिया गया। उन्होंने इस कार्रवाई को शासकों की घबराहट का प्रतीक बताया।


## आंधी और बारिश से यूपी में मौसम हुआ सुहाना, किसानों की चिंता बढ़ी

# फसलों को नुकसान होने की संभावना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य क्षेत्रों में तेज रफ्तार हवा और बारिश से बढ़ते तापमान में फौरी ब्रेक लगा है वहीं मौसम के इस बदलाव के चलते खेत खलिहान में पकी पड़ी फसल के नुकसान की भी संभावना गहरा गई है और अन्नदाताओं की चिंता में इजाफा हुआ है।

मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ केंद्र ने उत्तर प्रदेश में आंधी, बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की संभावना को देखते हुए 20-21 मार्च के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से प्रदेश में कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश



■ जौनपुर और प्रयागराज जिले में बिजली गिरने से एक युवक और किसान की मौत हो गई

और तेज झोंकेदार हवाएं (50-60 किमी प्रति घंटा) चलने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान में 7.9 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में वज्रपात, तेज हवाओं और कहीं-कहीं ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है। 21 मार्च को भी कुछ स्थानों पर मौसम सक्रिय रहेगा, जबकि 22 मार्च से मौसम शुष्क होने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान घरों में रहने, पेड़ों के नीचे आश्रय न लेने और बिजली उपकरणों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी है। किसानों को पकी फसल की शीघ्र कटाई कर सुरक्षित स्थान पर रखने और खेतों में जल निकासी की व्यवस्था करने को कहा गया है। इस बीच मथुरा, आगरा, अलीगढ़, इटावा, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और भदोही समेत कई स्थानों पर आंधी बारिश से फसल प्रभावित होने की सूचना है वहीं वर्षाजनित हादसों में कम से कम चार लोगों की मृत्यु हो गई जबकि कुछ मवेशी भी हताहत हुए हैं। जौनपुर जिले में मीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोलनापुर में आज सुबह बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अजीत चौहान (9) आज सुबह घर से शौच के लिए बाहर गया था, तभी खुले मैदान में उस पर वज्रपात हुआ। परिजनों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रयागराज के बहादुरपुर के चकिया घराहरा गांव में बिजली गिरने से किसान संग्राम सिंह (60) की मौत हो गई।

### गर्मी से राहत, तो हवा से परेशानी

कानपुर के रावतपुर क्षेत्र में दीवार गिरने से एक मासूम गंभीर रुप से घायल हो गई। राजधानी लखनऊ में सुबह की शुरुआत धूप के साथ हुई, लेकिन करीब 9 बजे के बाद अचानक घने काले बादलों ने आसमान को ढक लिया। कुछ ही देर में अंधेरा छा गया और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। इस अचानक बदलाव से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं सुबह घर से निकले लोग बारिश और तेज हवा के कारण परेशान भी नजर आए। जालौन,हमीरपुर में भी आंधी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। बारिश से गिरी गेहूं की फसल के साथ सरसों, चना, मटर, मसूर व आम की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। कानपुर की सुबह शुक्रवार को आसमान से घिरे बादलों और हल्की फुहारों से हुई। मौसम में आए बदलाव से लोगों को एक बार फिर ठंड का अहसास हुआ।

## देशविरोधी बड़ी साजिश का भंडाफोड़, नौ गिरफ्तार

कौशांबी, वार्ता

■ देश के महत्वपूर्ण स्थानों की जानकारी भेजते थे विदेश, सीसीटीवी व ओटीपी से चल रहा था जासूसी रैकेट

देश की सुरक्षा को खतरे में डालने वाली एक बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। यूपी के थाना कौशांबी पुलिस और स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो भारत के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और सुरक्षा ठिकानों की गोपनीय जानकारी विदेश में बैठे लोगों तक पहुंचा रहा था। इस मामले में कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 5 नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से 9 मोबाइल फोन, 10 सिम कार्ड और 2 सीसीटीवी कैमरे बरामद किए हैं।

पुलिस से मिली सूचना के अनुसार ये युवक रेलवे स्टेशन, सुरक्षा बलों के ठिकानों और अन्य महत्वपूर्ण जगहों के वीडियो बनाकर विदेश में बैठे लोगों को भेज रहे थे। इतना ही नहीं, ये लोग पैसों का लालच देकर अन्य युवाओं को भी इस काम में शामिल कर रहे थे। इस इनपुट को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने थाना कौशांबी में मुकदमा दर्ज किया, जिसमें बीएनएस की धारा 61(2)/152 और ऑफिशियल एक्ट की धारा 3/5 के तहत केस दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 5 पुरुष और 1 महिला को गिरफ्तार किया। इनके मोबाइल फोन की जांच में कई आपत्तिजनक वीडियो, फोटो और महत्वपूर्ण लोकेशन मिलीं, जो सीधे तौर पर देश की सुरक्षा से जुड़ी थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया गया। गिरोह के मुख्य हैंडलर सुहैल मलिक, नौशाद अली और समीर उर्फ शूटर हैं। इनके इशारे पर भारत के अलग-अलग इलाकों में मौजूद आरोपी रेलवे स्टेशन, सुरक्षा बलों के ठिकानों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की रेकी करते थे और वहां की फोटो, वीडियो और जीपीएस लोकेशन विदेश भेजते थे। 20 मार्च 2026 को एसआईटी ने आगे कार्रवाई करते हुए 9 और को गिरफ्तार किया।

## दंपति ने बेटे संग खाया जहर मां-बेटे की मौत, पिता गंभीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ लखनऊ की घटना सुसाइड नोट छोड़ा

**लखनऊ।** लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र के नींवा गांव में शुक्रवार को एक ही परिवार के तीन लोगों द्वारा जहरीला पदार्थ खाने की घटना सामने आई है। हादसे में मां और बेटे की मौत हो गई, जबकि पिता की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची तो रूपनारायण चौरसिया (55), उनकी पत्नी तारावती (लगभग 50 वर्ष) और पुत्र संदीप चौरसिया (30) अचेत अवस्था में मिले। तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने तारावती और संदीप को मृत घोषित कर दिया, जबकि रूपनारायण का इलाज जारी है। छोटे बेटे कुलदीप ने बताया कि गुरुवार रात सभी ने खाना नहीं खाया और अपने कमरे में चले गए। तड़के आवाज सुनकर जब वह उठा, तो पिता को उल्टियां करते पाया और कमरे में मां व भाई बेसुध पड़े मिले। परिजनों की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस जांच में मृतक संदीप की जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें लिखा है कि अपनी मौत के जिम्मेदार केवल हम हैं। हालांकि आत्महत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। परिजनों के अनुसार, किसी बड़े कर्ज या विवाद की जानकारी नहीं है, हालांकि घर पर कुछ अज्ञात लोगों के आने की बात सामने आई है।

## बढ़ी कीमतों पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

### पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्यवृद्धि मुनाफाखोरी: तिवारी

नई दिल्ली, वार्ता

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने प्रीमियम पेट्रोल के 2.35 रुपये प्रति लीटर तक महंगा होने पर सरकार की आलोचना करते हुए उस पर मुनाफा कमाने का आरोप लगाया है।

तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए शुक्रवार को की गई पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि को मुनाफाखोरी और अवसरवादिता करार दिया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 110 से 120 डालर के बीच होने के बावजूद सरकार की ओर से प्रीमियम पेट्रोल पर प्रति लीटर दो रूपए से ज्यादा की बढ़ोतरी करना जनता के साथ अन्याय है। तिवारी ने सवाल उठाया कि अगर यही काम कोई डीलर करता, तो उसे



मुनाफाखोर और अवसरवादी कहा जाता, लेकिन केंद्र सरकार ने जानबूझकर मुनाफाखोरी करते हुए यह फैसला लिया है। उन्होंने मांग की कि पेट्रोल के बढ़े हुए दाम तत्काल वापस लिए जाएं। अमेरिका - इजरायल और ईरान में चल रहे संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच भारत में प्रीमियम पेट्रोल के दाम में बढ़ोतरी की गई है। प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में 2 से 2.35 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया है। सामान्य पेट्रोल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### व्यापार समझौते के खिलाफ सत्याग्रह युकां

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने एआई सम्मेलन के दौरान भारत मंडपम में किए अपने प्रदर्शन को उचित करार देते हुए कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता पीएम मोदी का आत्मसमर्पण है और युवा संगठन इस समझौते के खिलाफ पूरे देश में सत्याग्रह करेगा। युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब व संगठन के प्रभारी मनीष शर्मा ने कहा कि भारत मंडपम में विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में हिरासत में लिए गए उनके सभी सहयोगियों को रिहा कर दिया गया है। युवा कांग्रेस अमेरिका के साथ हुए समझौते के खिलाफ दिल्ली के साथ ही सभी प्रदेशों के मुख्यालयों, मंडल, जिला और ब्लाक स्तर पर आंदोलन करेंगे।

## सपा की महिला विग ने गैस सिलेंडर की 'अर्थी' निकालकर जताया विरोध

**लखनऊ।** महंगाई और गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर सपा की महिला विग की कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कैसरबाग स्थित पार्टी मुख्यालय पर अनोखा प्रदर्शन किया। महिलाओं ने गैस सिलेंडर को 'शव' मानते हुए उसकी अर्थी निकाली और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सिलेंडर को सफेद कपड़े ओढ़ाकर उसके चारों ओर बैठकर विलाप किया। महिलाएं छाती पीटते हुए कह रही थीं 'अब हम अपने बच्चों को कैसे पालेंगे, सिलेंडर हमें छोड़कर चला गया, अब हम क्या करेंगे। इस भावनात्मक अंदाज में उन्होंने बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की समस्या को उजागर किया। कुछ महिलाएं हाथों में पोस्टर और खाली बर्तन लेकर पहुंचीं थी, जिन पर लिखा था 'महंगी गैस, महंगा तेल-मोदी योगी दोनों फेल'। सपा कार्यालय से निकलकर सड़कों पर उतरीं कार्यकर्ताओं ने नारा लगाया 'मोदी तेरे सरकार में, कटोरा हमारे हाथ में'।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74532.96
निफ्टी 23114.50



सोना 147000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक मजबूत

मुंबई, वार्ता

पिछले कारोबारी दिवस की बड़ी गिरावट के बाद शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में कम कीमतों पर हुई लिवाली से प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 325.72 अंक (0.44 प्रतिशत) की बढ़त में 74,532.96 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 112.35 अंक यानी 0.49 प्रतिशत ऊपर 23,114.50 अंक पर पहुंच गया। बाजार में गुरुवार को भारी बिकवाली देखी गई थी और दोनों सूचकांक सवा तीन प्रतिशत के करीब टूटे थे। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स एक समय 1,079 अंक चढ़ गया था, लेकिन बाद में इसकी तेजी सीमित रह गई। मझौली और छोटी कंपनियों में भी आज तेजी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.74 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.09 प्रतिशत चढ़ा। आईटी, सरकारी बैंकों, फार्मा, धातु, स्वास्थ्य और ऑटो सेक्टरों में अच्छी मजबूती रही। बैंकिंग, निजी बैंक, रियलटी और मीडिया सेक्टरों के सूचकांक गिर गए। सेंसेक्स



की कंपनियों में टाटा स्टील और टेक महिंद्रा के शेयर तीन प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। इंफोसिस, ट्रेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर दो से तीन प्रतिशत की बीच मजबूत हुए। टाइटन, एनटीपीसी, सनफार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटरनल, टीसीएस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, पावरग्रिड, अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी ऊपर रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर लगभग ढाई प्रतिशत टूट गया।

## सोना सस्ता, चांदी बढ़कर 2.34 लाख पर पहुंची

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने की कीमत में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 549 रुपए घटकर 1.47 लाख रुपए पर आ गया है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 3,727 रुपए बढ़कर 2.34 लाख रुपए पर आ गई है। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 8 दिन में 12,963 और चांदी 34,701 सस्ती हुई है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 28,781 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 50 दिन में चांदी 1.52 लाख रुपए सस्ती हो गई है। सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं।

## चावल, गेहूं मजबूत, चीनी नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल की औसत कीमत बढ़ गई। चावल के साथ गेहूं में भी मजबूती रही जबकि चीनी की कीमतों में गिरावट देखी गई। दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 49 रुपये बढ़कर 3,837 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। गेहूं 36 रुपये महंगा हुआ और 2,818 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी 31 रुपये बढ़ गई। दाल. दलहनों में उतार-चढ़ाव देखा गया। तुअर दाल की औसत कीमत 37 रुपये और मसूर दाल की छह रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मूंग दाल 41 रुपये और उड़द दाल 19 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। चना दाल के भाव कमोबेश अपरिवर्तित रहे। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज अवकाश रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.73 प्रतिशत



की तेजी के साथ 65.89 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 267 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। मूंगफली तेल 127 रुपये और वनस्पति 125 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल में 96 रुपये की गिरावट रही। सोया तेल 160 रुपये और सरसों तेल 51 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 29 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। वहीं, चीनी 11 रुपये सस्ती हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड में...**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने किया। लोक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सबसे पहले देहरादून की राजपुर रोड विधानसभा से विधायक खजान दास ने शपथ ग्रहण की। उनके बाद रुद्रप्रयाग के विधायक भरत सिंह चौधरी, हरिद्वार शहर से विधायक मदन कौशिक, रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा व भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने शपथ ग्रहण की। ताजपोशी के लिए नए चेहरों का चयन विधायकों के पिछले चार साल के कामकाज का रिकॉर्ड देखकर किया गया है। नई कैबिनेट में क्षेत्रीय व जातीय समीकरण के बीच संतुलन बनाया गया है।ऐसे में अब धामी मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। उत्तराखंड राज्य में साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले धामी मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया है। मंत्रिमंडल का विस्तार आगामी विधानसभा चुनाव के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल विस्तार के जरिये क्षेत्रीय, जातीय और महिला- युवा संतुलन साधने की कोशिश की है। उल्लेखनीय है कि साल 2022 में सरकार के गठन के बाद से ही मंत्रिमंडल के कई पद खाली चल रहे थे, जिसके बाद से ही समय समय पर मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा चलती रही है। ऐसे में वर्तमान सरकार के कार्यकाल को चार साल पूरा होने से ठीक तीन दिन पहले मंत्रिमंडल का विस्तार कर दिया गया है। शुक्रवार को धामी मंत्रिमंडल में पांच नए मंत्री शामिल होने से अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित 12 मंत्री हो गए हैं।

**घरेलू एलपीजी..**

है। गुरुवार को 55 लाख बुकिंग हुई है। सभी राज्यों के पास सप्लाई उपलब्ध है। पिछले एक हफ्ते में 11300 टन कमर्शियल एलपीपी उपभोक्ताओं को दी गई है। इस सप्लाई का 50 प्रतिशत शिक्षण संस्थाओं और अस्पतालों को मिला है। लगभग 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम सेटअप किए गए हैं। जिला निगरानी समिति भी काम कर रहे हैं। पिछले 24 घंटों में लगभग 4500 जगहों पर छापेमारी की गई है। उत्तर प्रदेश में करीब 1100 जगहों पर छापेमारी की गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने भी 1800 जगहों पर सरप्राइस इंस्पेक्शन किया है। एलपीजी के बारे में यही कहना है कि स्थिति अब भी चिंताजनक है, लेकिन उपभोक्ता अफवाहों पर ध्यान न दें और वैकल्पिक ईंधन का अधिक से अधिक उपयोग करने की कोशिश करें। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि एलपीजी के उत्पादन में लगभग 40 फीसदी तक का इजाफा किया गया है। पोत परिवहन व जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि पिछले 24 घंटे में समुद्र से कोई अप्रिय घटना नहीं है। डीजी शिपिंग की लगातार मॉनिटरिंग लगातार जारी है। खाड़ी क्षेत्र में फंसे हमारे सभी 22 जहाज और 6 से अधिक नाविकों में सभी सुरक्षित है। पिछले 24 घंटों में हमारी हेल्पलाइन पर करीब सवा सौ कॉल और 200 से अधिक ईमेल आए। पिछले 24 घंटों के दौरान 25 भारतीयों को अभियान चलाकर भारत वापस लाया गया। देश के किसी भी पोर्ट पर कहीं कोई कंजेशन की स्थिति नहीं है।

न्यू मंगलोर पोर्ट ने क्रूड और एलपीजी के कार्गो से जुड़े चार्ज के वेवर के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। ये 14 मार्च से 31 मार्च तक वैध है। प्रेस वार्ता के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गुरुवार को दुनिया के पांच नेताओं से बात की। उन्होंने ओमान, मलेशिया, फ्रांस, जॉर्डन और कतर के नेताओं से बात की। इन वार्ताओं में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर भारत का रुख स्पष्ट किया।

## गंगा में बिरयानी पार्टी करने वाले 14 युवकों की जमानत अर्जी खारिज

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में गंगा नदी में नाव पर इफ्तार पार्टी के दौरान बिरयानी खाकर उसके अवशेष नदी में फेंकने के मामले में 14 आरोपियों को गुरुवार देर शाम कड़ी सुरक्षा के बीच अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) नवम अमित यादव की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई की और उसे खारिज कर दिया। सभी 14 आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। अभियोजन पक्ष तथा वादी पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों पर अदालत ने आरोपियों का आपराधिक इतिहास संबंधित थाने से तलब किया है। अगली सुनवाई के लिए 23 मार्च की तिथि नियत की गई है। अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने बताया कि अदालत ने सभी आरोपियों के आपराधिक इतिहास को मंगवाया है। आरोपियों ने न केवल मां गंगा को अपवित्र करने का कार्य किया, बल्कि नाविक भाइयों को जबरदस्ती धमकाकर साथ ले गए। मना करने पर वे नहीं माने और जान से मारने की धमकी देकर नाव पर कब्जा कर लिया। अब अदालत में रो रहे हैं और पश्चाताप जता रहे हैं, लेकिन इससे क्या फर्क पड़ता है। अधिवक्ता नित्यानंद राय ने बताया कि मामले का सबसे महत्वपूर्ण मोड़ नाविक रंजन साहनी और अनिल साहनी के बयान रहे, जो विवेचक द्वारा दर्ज किए गए थे। कोर्ट को बताया गया कि नाविकों की इच्छा के विपरीत नाव को जबरदस्ती ले जाया गया।

## ब्रज की धरा पर राष्ट्रपति मुर्मू भक्ति रस से हुई सराबोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मथुरा।** कान्हा नगरी मथुरा में अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भक्ति रस में सराबोर नजर आईं। वृंदावन पहुंचीं श्रीमती मुर्मू ने प्रख्यात संतों से भेंट कर आशीर्वाद लिया, वहीं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजामों के बीच राष्ट्रपति का यह दौरा ब्रज की सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को सम्मान देने वाला रहा। राष्ट्रपति मुर्मू सबसे पहले प्रख्यात संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचीं। वहां उन्होंने महाराज श्री से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और



■ स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी योजना का उद्घाटन किया

विभिन्न आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की। संत महाराज ने राष्ट्रपति को ब्रज की अनूठी भक्ति परंपरा, यमुना संरक्षण की आवश्यकता और समाज सेवा के प्रकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राष्ट्रपति ने संतों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आध्यात्मिक गुरु समाज को सकारात्मक दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। भेंट के अंत में महाराज श्री ने राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह और प्रसाद भेंट किया। इसके पश्चात राष्ट्रपति मथुरा मार्ग स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम अस्पताल पहुंचीं। यहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और आश्रम के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। राष्ट्रपति ने यहां नवनिर्मित 'ऑन्कोलॉजी ब्लॉक' का लोकार्पण किया, जो क्षेत्र में कैंसर के मरीजों के लिए बेहतर उपचार की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने देश की समृद्ध सांस्कृतिक और सेवा परंपरा को आगे बढ़ाने में मिशनरी संस्थाओं की भूमिका को सराहा। दौरे के अगले चरण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विश्व प्रसिद्ध नीब करौरी बाबा आश्रम पहुंचीं। उन्होंने हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और मंदिर की परिक्रमा की।




# भारत में एकजुट करने की शक्ति, रोक सकता है जंग

## नागपुर में विहिप के कार्यक्रम में बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में कहा कि दुनिया में शांति तभी आएगी, जब लोग स्वार्थ छोड़कर मिलकर रहने और अच्छे मूल्यों पर चलने लगेंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया में चल रहे युद्ध को भारत ही रोक सकता है। भारत में सभी को एकजुट करने की शक्ति है। वे नागपुर में विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। संघ प्रमुख ने कहा कि वैश्विक संघर्षों की असली वजह ही स्वार्थ और वर्चस्व की चाह है। इसी के कारण दुनियाभर में संघर्ष हो रहे हैं।



उन्होंने जोर देकर कहा कि स्थायी शांति केवल एकता, अनुशासन और धर्म के पालन से ही संभव है। उन्होंने कहा कि भारत की 'सब एक हैं' की प्राचीन परंपरा ही विश्व को सौहार्द का मार्ग दिखा सकती है। भागवत ने कहा कि दुनिया 2,000 वर्षों से संघर्षों के समाधान के लिए विभिन्न विचारों के साथ प्रयोग करती रही है, लेकिन उसे खास सफलता नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि धार्मिक असहिष्णुता, जबरन धर्म परिवर्तन और श्रेष्ठता एवं हीनता के विचार अब भी मौजूद हैं। मोहन भागवत ने कहा कि दुनिया आज विनाश की ओर बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। दुनिया में चल रहे युद्धों के बीच एक आवाज उठ रही है कि इन्हें भारत रोक सकता है। संघर्ष में कोई अर्थ नहीं, समन्वय में ही सच्चा अर्थ है। भारत में सभी को एकजुट करने की शक्ति है, लेकिन इसके लिए देश में धर्म का पालन होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत मानवता के दृष्टिकोण को मानता है, लेकिन विश्व के अन्य देश इस दृष्टिकोण को नहीं मानते, वे शक्ति को ही महत्व देते हैं। भारत का संविधान उसकी परंपरा को दर्शाता है, उसमें मौजूद चित्र हमारी सांस्कृतिक विरासत को दिखाते हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत का प्राचीन ज्ञान सिखाता है, कि सभी जुड़े हुए हैं और एक हैं। उन्होंने संघर्ष से सौहार्द्र और सहयोग की ओर बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान भी धीरे-धीरे इसी समझ की ओर बढ़ रहा है। यहां तक की धीरे-धीरे विज्ञान भी इसी तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म सिर्फ किताबों में नहीं होना चाहिए। भागवत का कहना है कि दुनिया में शांति तभी आएगी, जब लोग स्वार्थ छोड़कर मिलकर रहने और अच्छे मूल्यों पर चलने लगेंगे।

## पेट्रो पदार्थों की मूल्यवृद्धि की आलोचना

**लखनऊ।** पेट्रोल कंपनियों द्वारा प्रीमियम पेट्रोल और इंडस्ट्रियल डीजल के दाम बढ़ाए जाने पर समाजवादी पार्टी और एआईएमआईएम ने पहली प्रतिक्रिया दी है। समाजवादी पार्टी ने सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं।

सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा कि गरीब को पहले ही गैस नहीं मिल रहा था, अब पेट्रोल डीजल की कीमतें बढ़ने से रोजमर्रा की जरूरतों के सामान भी महंगे होंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी को यह भार जनता पर नहीं डालना चाहिए था। वहीं ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता शादाब चौहान ने कहा कि सरकार अपना मुनाफा कमाने के चक्कर में है। भारत से भूटान तेल खरीदता है, लेकिन वहां सस्ता है, यहां महंगा है। उन्होंने कहा कि हमने पहली ही चिंता व्यक्त की थी कि सरकार को संजीदगी से काम करना चाहिए। तेल की कीमतें बढ़ाना अनुचित है, सरकारों को अपना मुनाफा कम करना चाहिए।




## लूट के माल के बंटवारे की लड़ाई: अखिलेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में बीजेपी के दो गुटों के बीच वर्चस्व की जंग को लेकर हुई फायरिंग की घटना ने स्थानीय राजनीति में हलचल मचा दी है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस वायरल वीडियो को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर करते हुए बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्होंने तंज कसते हुए लिखा कि '23 में 12' कोई परीक्षा का रिजल्ट नहीं, बल्कि बीजेपी नेताओं के बीच हुए संघर्ष का खतरनाक आंकड़ा है, जिसमें 23 सेकंड के अंदर 12 राउंड गोलियां चलीं। अखिलेश यादव ने आगे कटाक्ष करते हुए कहा कि लोगों को ऐसा लगा, मानो बीजेपी नेता होली मिलन के बहाने दिवाली मना रहे हों। उन्होंने इस घटना को आपसी संघर्ष और कथित रूप से 'लूट के माल के बंटवारे' की लड़ाई बताया।





## सभी देशवासियों को ईद उल फितर की दिली मुबारकवाद
















































# रक्त का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा जाए

## अल्मोड़ा में रेयर ब्लड ग्रुप का बनेगा रिकॉर्ड: जिलाधिकारी अंशुल सिंह

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिला अस्पताल एवं बेस अस्पताल में संचालित ब्लड बैंकों के सुदृढ़ संचालन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लड बैंकों की कार्यप्रणाली, उपलब्ध संसाधनों एवं रक्त की मांग-आपूर्ति की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।



जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ब्लड बैंकों का संचालन व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा आवश्यकतानुसार रक्त का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को रक्त की कमी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मरीजों को समय पर एवं आसानी से रक्त उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने रेडक्रॉस सोसाइटी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिए तथा कहा कि इस पुण्य कार्य में सभी को बढ़ चढ़कर आगे आना चाहिए तथा एक दूसरे के सहयोग से व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाना चाहिए। उन्होंने स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने हेतु व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करने पर बल दिया, जिससे अधिक से अधिक लोग इस पुण्य कार्य में भागीदारी कर सकें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि रेयर ब्लड ग्रुप वाले दाताओं का एक व्यवस्थित एवं अद्यतन रिकॉर्ड तैयार किया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे तत्काल संपर्क कर रक्तदान कराया जा सके। बैठक में यह सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया कि ब्लड बैंकों में उपलब्ध रक्त की जानकारी पारदर्शी एवं सुगम रूप से उपलब्ध हो, जिससे मरीजों एवं उनके परिजनों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए ब्लड बैंक सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनहितकारी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मेडिकल कॉलेज प्राचार्य सीपी भैंसोड़ा, एसीएमओ डा. योगेश पुरोहित, रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज सनवाल, यूथ रेडक्रॉस चेयरमैन अमित शाह मोनू सहित अन्य मौजूद रहे।

### सहायता संसाधनों को बढ़ाए रेडक्रॉस: डीएम

**अल्मोड़ा।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की बैठक जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में रेडक्रॉस सोसाइटी से संबंधित विभिन्न प्रकरणों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा समाज के जरूरतमंद वर्गों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों ने रेड क्रॉस के माध्यम से स्ट्रेचर, शव वाहन, व्हीलचेयर एवं एम्बुलेंस क्रय किए जाने का प्रस्ताव रखा जिसपर भी विचार-विमर्श किया गया तथा जिलाधिकारी ने प्रस्तावों पर अपनी सहमति दी। इससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता सुनिश्चित की जा सकेगी। इसके अतिरिक्त समाज कल्याण विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर अधिकाधिक लोगों को रेडक्रॉस की सेवाओं का लाभ पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में यह भी सहमति बनी कि ब्लॉक स्तर पर गठित रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यों को आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि आपदा की स्थिति में रेडक्रॉस की भूमिका और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बन सके। जिलाधिकारी ने कहा कि संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी समाज सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है और इसके माध्यम से जरूरतमंदों तक त्वरित सहायता पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए।

# एसएसजे में प्राध्यापक भर्ती पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य अधिवक्ता गोपाल भट्ट ने सोबन सिंह जीना विवि में चल रही प्राध्यापक नियुक्ति प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए अनियमितताओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। गोपाल भट्ट ने कहा कि विवि में प्राध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया को लेकर कई प्रकार की विसंगतियां सामने आ रही हैं, जिससे पारदर्शिता और निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। उन्होंने बताया कि विवि द्वारा 10 फरवरी को विज्ञापन जारी किया गया था, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 9 मार्च निर्धारित की गई, जो कि अत्यंत कम समयावधि है। नियमानुसार अभ्यर्थियों को कम से कम 45 दिनों का समय दिया जाना चाहिए, जिससे अधिक से अधिक योग्य उम्मीदवार आवेदन कर सकें। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रोस्टर प्रणाली, आरक्षण अनुपालन तथा चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है। पूर्व में अगस्त माह में रोस्टर पर आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं, लेकिन उन पर समुचित विचार नहीं किया गया। अनुसूचित जाति,



जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण नियमों के पालन को लेकर भी असंतोष जताया जा रहा है। गोपाल भट्ट ने विवि प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ विभागों में रोस्टर का दुरुपयोग कर अपने करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे पूरी प्रक्रिया संदेह के घेरे में आ गई है। उन्होंने यह भी कहा कि लंबे समय से कार्यरत संविदा और अतिथि शिक्षकों के भविष्य को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं बनाई गई है। ऐसे शिक्षकों के लिए 'वन टाइम सेटलमेंट' के तहत विनियमितीकरण की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने कुलाधिपति एवं उच्च शिक्षा विभाग से मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए सभी आपत्तियों का निस्तारण करने तथा नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है।

### हाय री बिजली: 26 दिनों में 9643 बिल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** 26 दिनों में 9643 रूपये का बिल आने से ग्रामीण को झटका लगा। उन्होंने विभाग पर आंख बंद कर बिल थमाने की बात कही। जिले में लगातार विद्युत बिलों में आ रही गड़बड़ी का मामला लोगों व विभाग के लिए सिरदर्द बना हुआ है। कई मंचों पर बड़े हुए बिलों की शिकायत लोग कर चुके है। लेकिन उसके बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। जनपद निवासी गंगा राम पुत्र मदन राम के घर का बिजली का बिल बीते 26 दिनों में 9643 रुपए आया है। ग्रामीण ने बताया कि उन्होंने की शिकायत विभाग में की। लेकिन विभागीय कर्मचारियों का कहना है कि बिल उचित आया है, जिसे जमा करना ही पड़ेगा। इधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मार्च माह में विभाग को 15 करोड़ रूपये वसूली का टारगेट मिला हुआ है। जिसमें से विभाग मार्च माह के अंतिम चरणों में दो करोड़ रूपये वसूल कर पाया है। हालांकि विभाग द्वारा नगर में लगातार डुगडुगी बजाकर लोगों से बकाया बिल जमा करने की बात कही जा रही है।

# कनलगढ़ घाटी महोत्सव में विकास की बहार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** कनलगढ़ घाटी महोत्सव-2026 के ऐतिहासिक और पावन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया ने विभागीय अधिका. रियों एवं क्षेत्रीय जनता के साथ मिलकर लगभग 21 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने विधिवत 10 करोड़ 89 लाख के कार्यों का लोकार्पण तथा 10 करोड़ 45 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया।

21 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास



विधायक गढ़िया ने कहा कि यह केवल विकास कार्यों की घोषणा नहीं है, बल्कि कनलगढ़ घाटी की जनता के विश्वास, सपनों और संघर्षों को समर्पित एक सशक्त संकल्प है। वर्षों से जिन आशाओं ने इस धरती की मिट्टी में आकार लिया, आज उन्हें साकार करने की दिशा में यह एक निर्णायक कदम है।

विधायक ने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से न केवल सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा, बल्कि हर घर में उम्मीद की नई किरण जलेगी, हर युवा को अवसर मिलेगा और हर परिवार के जीवन में खुशहाली का नया अध्याय जुड़ेगा। शुक्रवार को कनलगढ़ घाटी महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया ने महोत्सव का लुत्फ उठाया। इस दौरान विभिन्न विभागों के कार्य योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश की सरकार आम जनता के हितों के लिए निरन्तर कार्य करती आ रही है, आगे भी इसी प्रकार विकास कार्यों को अंजाम दिया जायेगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, ब्लाक प्रमुख भावना शाही, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, कमेटी के संरक्षक लाल सिंह दीवान, अध्यक्ष हरीश बघरी, भूपेश फर्त्याल, दलीप सिंह खेतवाल, सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे। महोत्सव में स्थानीय कलाकारों एवं विद्यालयों के बच्चों द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ साथ कई सुंदर नृत्य, गायनी से लोगों का मन मोहा।

# भगवान राम की प्राप्ति के लिए मन की शुद्धता आवश्यक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जगदम्बा मंदिर के 41वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में भव्य रामकथा का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्यास मनोज पाण्डे ने बाल्मीकि रामायण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान राम की प्राप्ति के लिए मन की शुद्धता आवश्यक है। उन्होंने राम कथा सुनने के लिए माघ, कार्तिक और चौत्र माह को सबसे उत्तम समय बताया। ब्यास जी ने यह भी कहा कि राम नाम की कथा सुनने से मनुष्य राक्षस प्रवृत्तियों और अहंकार से मुक्त हो जाता है। शुक्रवार को सुबह के समय डा. भुवन चंद्र त्रिपाठी के संरक्षण में यज्ञाचार्य खष्टाबल्लभ पाठक ने मंत्रोच्चारण के साथ आह्वान और स्थापन किया। इसके साथ ही मंडप, वेदियों और रामचन्द्र



जी का पूजन भी संपन्न कराया गया। पूजन समारोह में पंडित राक. श काण्डपाल, नारायण सुयाल और युगल पोखरिया के अलावा मुख्य यजमान विमल पाण्डे, रेनू पाण्डे तथा सह यजमान एसपीएस बिष्ट और दया बिष्ट भी मौजूद थे। रामकथा के दौरान ब्यास जी के साथ कीर्तन मंडली में जगदीश लोहनी, नवीन तिवारी और गोविन्द भट ने भी भजन प्रस्तुत किए। बारिश के बावजूद इस भव्य आयोजन में जगदम्बा मंदिर समिति के अध्यक्ष उमेश पाण्डे, सचिव विनोद पाण्डे, कोषाध्यक्ष आशुतोष जोशी, रमेश चन्द्र पाण्डे, घनश्याम भट्ट, विजयर तिवारी, अमर मौर्य, हिमांशु जोशी, राजेन्द्र मिश्रा, सूरज बोरा, हिमांशु, अनमोल, भावेश, तन्मय, वरुण जोशी, कमल परगांई सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। इससे पहले, गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के पहले दिन बृहस्पतिवार को जगदम्बा मंदिर से रानीबाग स्थित गार्गी नदी तक कलश यात्रा निकाली गई।

### टैक्सी मालिकों को नहीं मिला भुगतान

**बागेश्वर।** रामघाट टैक्सी समिति बागेश्वर से जुड़े टैक्सी चालक व मालिक शुक्रवार को जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे से मिले। उन्होंने कहा कि कपकोट में आयोजित राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता के दौरान उनके वाहन उपयोग किए गए थे। एक माह बीत जाने के बाद भी वाहनों का अभी तक भुगतान नहीं हो पाया है। उन्होंने जल्द भुगतान दिलाने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। चालकों ने डीएम को बताया कि पांच मार्च से नौ मार्च तक कपकोट में पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस दौरान पर्यटन विभाग ने उनके वाहनों का उपयोग किया। इनमें से दस वाहनों का भुगतान आज तक नहीं हो पाया है। पर्यटन अधिक. ारी से कई बार भुगतान करने की मांग की जा चुकी है, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन मिल रहा है।

### पीआरडी जवानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बागेश्वर।** प्रांतीय रक्षक दल के जवानों ने प्रत्याशा में ड्यूटी दिए जाने की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। जवानों ने कहा कि 20 मार्च से उनकी ड्यूटी समाप्त की जा रही है। ड्यूटी से पृथक किए जाने के बाद उनके ऊपर बेरोजगारी का संकट बढ़ जाएगा। युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले में तैनात सभी महिला पुरुष पीआरडी जवानों को 20 मार्च से ड्यूटी से आगामी आदेश तक हटाया जा रहा है। जिससे विचलित होकर पीआरडी जवानों ने शुक्रवार को डीएम आकांक्षा कोड़े से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जवानों ने कहा कि वे लंबे समय से जिले के सभी विभागों पुलिस थानों आदि में अपनी ड्यूटी दे रहे हैं। अब उन्हें ड्यूटी से पृथक किया जा रहा है। उन्होंने डीएम से गुहार लगाते हुए कहा कि सभी जवानों को प्रत्याशा में ड्यूटी दी जाए। ताकि उनके घर परिवार का पालन पोषण होता रहे।

# अजय कंबोज ने सांसद अजय भट्ट का आभार जताया



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** शुक्रवार को अजय कंबोज ने सांसद अजय भट्ट के निवास पर पहुंचकर स्वयं को ओबीसी मोर्चे में जिला मीडिया संयोजक के रूप में मनोनयन होने पर उनका आशीर्वाद लिया और सांसद का आभार व्यक्त किया। सांसद अजय भट्ट ने अजय कंबोज को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर मिष्ठान का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें जिला महामंत्री किसान मोर्चा विपिन कांडपाल, बी. भगवान तिवारी (सांसद प्रतिनिधि), सुक्खा सिंह, गो. विन खनाया (ग्राम प्रधान बेलपड़ाव), लोकेश आर्य, मलकीत सिंह, लाहोर सिंह, बालम राम, मयक नेगी, ललित मोहन, दीवान बिष्ट, प्रदीप कालर, राज तिवारी शामिल थे।

# आर्य समाज का स्थापना दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** आर्य समाज काशीपुर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आर्यसमाज का स्थापना दिवस हवन पूजन कर धूमधाम के साथ मनाया गया।



मोहल्ला लाहौरियान स्थित आर्य समाज मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में हवन, भजन उपदेश आदि का आयोजन हुआ आर्य समाज के प्रधान अतुल रस्तोगी के हवाले से जानकारी देते हुए समाज के उपसचिव/प्रचार सचिव विकल्प गुड़िया ने बताया कि हवन के यजमान प्रधान अतुल आजाद, मन्त्री संजय कुमार अग्रवाल एवं अभिषेक सक्सैना, सपत्नीक रहे। जबकि यज्ञ को अपनी ओजस्वी वाणी से सुरेश तिवारी ने संपन्न कराया। यज्ञ उपरान्त धामपुर से आए भजनोपदेशक विक्रमदेव आर्य जी ने स्वामी दयानन्द जी द्वारा राष्ट्र एवं समाज के उद्धार के लिए किए गये कार्यों, कानून के माध्यम से बताया। इस अवसर पर संरक्षक शिवचरण विश्नोई, संजय कुमार अग्रवाल, विमल गुड़िया, संजय चतुर्वेदी, डा अरुण, अम्बरीष गर्ग, राजीव घई, चक्रेश जैन, विपिन अग्रवाल एडवोकेट, डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, अलका पाल, इंदुमान महिला, शशि प्रभा सिंघल, कुमकुम राजपूत, महेंद्र लोहिया, एडवोकेट मयंक गुप्ता, रिंकू, टेकचन्द, हरिप्रक. ाश, अनिल शर्मा, विनोद मेहरोत्रा सहित बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला आर्य समाज के सदस्यों उपस्थित रहे।

# भारतीय संस्कृति, परंपरा का जीवंत प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत-2083 के अवसर पर 'नवारंभ 2083' कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समिति 'सांस्कृतिक चेतना परिषद' द्वारा गांधी हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, परंपरा और मूल्यों का जीवंत प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऊधम सिंह नगर के जिला न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी और अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने की। इस दौरान विश्वविद्यालय की प्रथम महिला वीना चौहान और जिला न्यायधीश की धर्मपत्नी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप

पंतनगर विश्वविद्यालय में 'नवारंभ 2083' पर प्रोग्राम



प्रज्वलन से हुई, जिसमें परिषद की परामर्शदात्री डा. विनीता राठौर ने 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' के साथ सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया। मुख्य आकर्षण था परिषद की वार्षिक पत्रिका 'संस्कृति' के पंचम संस्करण का विमोचन, जिसे सिकंद कुमार त्यागी और कुलपति ने किया। उन्होंने भारतीय नववर्ष के महत्व को स्पष्ट करते हुए विश्वविद्यालय की कृषि और शोध में योगदान की सराहना की। इस वर्ष की कार्यक्रम की थीम 'पंचसूत्र' थी, जो भारतीय संस्कृति में 'पां अंक' के महत्व को दर्शाती है। कार्यक्रम में बच्चों ने कविताओं और नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति की गहराई को दर्शाया, जिसे दर्शकों ने सराहा। कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. आनंद सिंह जीना और सहायक छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. राजीव रंजन के मार्गदर्शन में हुआ, जबकि कार्यक्रम की संचालन व्यवस्था डा. विनीता राठौर के निर्देशन में प्रभावशाली रही। कार्यक्रम में संचार निदेशक डा. जेपी जायसवाल, जैव प्रौद्योगिकी परिषद के निदेशक डा. संजय शर्मा, सेवायोजन निदेशालय के निदेशक डा. एमएस नेगी और विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता भी उपस्थित रहे।

### विवि के छात्रों का नामी कम्पनी में चयन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय के पांच विद्यार्थियों का चयन मैसर्स जेएसडब्ल्यू ग्रुप द्वारा साक्षात्कार के आधार पर किया गया है। चयनित विद्यार्थियों में भाग्येष कांडपाल (बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग), आर्यन बर्तवाल, सुब्रत अग्रवाल, शांभवी और हर्षित कौर (बीटेक आईपीई) शामिल हैं। इन विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के बाद प्रति वर्ष रुपये 6 लाख का वेतन मिलेगा, साथ ही उन्हें अन्य सुविधाएं और भत्ते भी दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की और चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के निदेशक डा. एमएस नेगी ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने यह भी बताया कि निदेशालय भविष्य में भी अन्य क्षेत्रों में विद्यार्थियों के सेवायोजन के लिए लगातार प्रयासरत रहेगा।

## एक नजर

### मोबाइल के द्वारा लाखों की ठगी करने का आरोप

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने अज्ञात पर मोबाइल फोन से 2 लाख बीस हजार रुपये ठगने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। नदीम हुसैन पुत्र फखरूद्दीन निवासी ग्राम बाबरखेड़ा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके मोबाइल नंबर पर एक व्यक्ति द्वारा कॉल आया तथा उसने स्वयं को बाबू बताकर जो कि उसका मुमेरा भाई है, कहा कि उसके दोस्त की माता हॉस्पिटल में भर्ती हैं। उसने कहा कि मैं सऊदी से रियाल लगा दूंगा। ऐसा बोलकर उसने 2,20,000 रूपये मांगे, जिस पर उसने बाबू को परेशान होता देख पैसे किसी डॉक्टर जिसका नाम विशाल कुमार आ रहा था के नम्बर पर डलवाये जो जल्दबाजी में उसने अपने व परिचितों के खातों से पैसा डलवा दिया। बाद में समझ में आया कि उसके साथ धोखा हो गया है। नदीम हुसैन ने बताया कि उक्त बाबू जिसने उससे गलत तरीके से पैसे डलवाये को फोन किया परन्तु कोई फोन नहीं उठा रहा है। नदीम ने तहरीर में कहा कि उसके साथ धोखाधड़ी व जालसाजी कर पैसा हड़प लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तमंचा व कारतूस समेत एक बदमाश गिरफ्तार

**काशीपुर।** कुंडा पुलिस ने एक बदमाश को 315 बोर के अवैध तमंचे व एक 315 बोर का जिंदा करतू समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गश्त के दौरान एक युवक को ढेला नदी के पास से संदिग्ध लगने पर पकड़ा, उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए बदमाश ने पूछताछ के दौरान अपना नाम सादिक पुत्र जाबिर निवासी काली बस्ती हजरत नगर काशीपुर बताया है। पकड़े गए बदमाश ने पुलिस को बताया कि वह नशा करने के लिए चोरी तथा कबाड़ बीनने का काम करता है तथा पहले भी वह जेल जा चुका है। पुलिस ने उक्त बदमाश को तमंचे व कारतूस समेत न्यायालय में पेश कर दिया है जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया।

### चन्द्रावती महाविद्यालय में कार्यशाला आयोजित

**काशीपुर।** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा बृहस्पतिवार को कौशल विकास हेतु एक दिवसीय कार्याशाला का आयोजन बूस्टिंग इम्प्लौयबिलिटी विषय पर किया गया, जिसमें अतिथि वक्ता के रूप में राधेहरि स्नातकोत्तर राजकीय महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की सहायक प्रोफेसर रुचि कुलश्रेष्ठ ने विद्यार्थियों को कम्युनिकेशन स्किल, साक्षात्कार, बायोडाटा बनाने के टिप्स दिये। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डा. कीर्ति पन्त, डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, डॉ. रमा अरोरा, डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. ज्योति रावत, डॉ. रंजना, शीतल अरोरा, डॉ. ज्योति गोयल, डॉ. पुष्पा धामा, प्राची धौलाखण्डी, डॉ. अंजली गोस्वामी, डॉ. मंगला, कृति टंडन, विजेन्द्र सिंह एवं कु. सृष्टि उपस्थित रहे।

### हाथी के आतंक से ग्रामीण परेशान

**कालाढूंगी।** हाथी के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को कालाढूंगी वन विभाग कार्यालय पहुंचकर हाथी के उत्पात से छुटकारा दिलाए जाने की मांग की। मूसानगर, बजनी, आलू, केसर, बांगर जैसे क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से एक हाथी द्वारा किसानों के खेतों में घुसकर भारी नुकसान किया जा रहा है, साथ ही कई झोपड़ियों को भी तोड़ा जा रहा है। इस स्थिति से ग्रामीण काफी तंग आ चुके हैं। सामाजिक कार्यकर्ता कमल जोशी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने वन विभाग कार्यालय पहुंचकर कार्यालय प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि एक हाथी देर शाम होते ही खेतों और घरों में घुसकर उत्पात मचाता है, जिससे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से शीघ्र कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी कि अगर इस पर तुरंत कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी वन विभाग की होगी। इस दौरान कमल जोशी, दीपक, गुड्डू, कमल सती, जित. ेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, गणेश राम, कमल किशोर, भास्कर चंद, पंकज जोशी, राजेश कुमार, कमल सिंह सहित अन्य ग्रामवासी भी मौजूद थे।

### गरीब परिवारों तक पहुंची ईद की खुशियां

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जामा मस्जिद मुतावल्ली कमेटी अल्मोड़ा जरूतरमंदों की मदद को आगे आया है। शुक्रवार को कमेटी के सदस्यों ने नगर में ईद पर्व के



उपलक्ष्य में गरीब मुस्लिम परिवारों को राशन सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर जामा मस्जिद मुतावल्ली रजा अली अंसारी ने बताया कि उत्तराखंड वक्फ बोर्ड निर्देश पर नगर में जरूरतमंदों की मदद को अभियान चलाया गया। बताया कि अभियान का उद्देश्य कही भी कोई असहाय गरीब परिवार ईद की खुशियां मनाने से महरूम ना रह पाए। बताया कि राशन कीट में आटा, चावल, सिवाई, तेल, ड्राई फ्रूट, चीनी, दूध समेत आदि सामग्री दी गई है। यहां शहर इमाम कारी बहादुर अली, हाजी नूर खान, हाजी इस्लाम, मेहराजुल इस्लाम, अकबर खान, रोनी अंसारी, तारिक हुसैन, अनवर खान, शाहनवाज हुसैन अंसारी, बाबर अंसारी, हाजी शफीक नसीम अहमद समेत अन्य मौजूद रहे।

## अधिवक्ता द्वारा पड़ोसियों पर किये मानहानि के केस खारिज हुए

**काशीपुर।** न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) ने एक अधिवक्ता द्वारा पड़ोसियों पर किये गये मानहानि के मुकदमे खारिज कर दिये। काशीपुर के मौहल्ला साकेत नगर निवासी अधिवक्ता नेमपाल सिंह के द्वारा न्यायालय में मुकदमा दायर कर कहा गया कि उसके पड़ोसी दुष्यंत कुमार, उषा देवी और जयप्रकाश ने उसके खिलाफ नगर निगम में अवैध प्लॉटिंग व नाली बंद करने की शिकायत की। इस शिकायत पर अधिवक्ता नेमपाल सिंह ने न्यायालय में मुक. दमा दायर किया और कहा कि इन लोगों ने मेरी मानहानि की और मेरी शिकायतों को फेसबुक और व्हाट्सएप पर वायरल किया है, जिससे समाज में मेरी ख्याति गिरी है। इस मामले में विपक्षी पड़ोसियों की ओर से अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल, मुनिदेव विश्नोई एवं भारत भूषण ने बहस के दौरान कहा कि सदभाव में यदि कोई शिकायती पत्र लोक कल्याण के लिए भेजा गया है तो वह मानहानि नहीं माना जाएगा। अधिवक्ताओं की बहस व तर्कों से संतुष्ट होकर अधिवक्ता नेमपाल की की ओर से किया गया मानहानि वाद न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) पूनम टोडी द्वारा खारिज कर दिया गया।

**प्रबन्धक, आर.एस. ढिल्लो जनता इण्टर कालेज**
**महादेवनगर, काशीपुर (उधम सिंह नगर)**

विज्ञापन सं.-02/2026 दिनांक-21.03.2026

माननीय उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल में दायर याचिका सं. 1605 ऑफ 2025 में पारित निर्णय दिनांक 03.09.2025 के अनुपालन में मुख्य शिक्षा अधिकारी उ.सिं.नगर के पत्रांक/मा.-06/13735-37/विज्ञापन अनुमति/2025-26 दिनांक 18.03.2026 के द्वारा प्रदत्त अनुमति के क्रम में विद्यालय में निम्न विवरणानुसार रिक्त पद पर सीधी भर्ती हेतु अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं।

| क्र. सं. | पद एवं वेतनक्रम | वेतन क्रम | रिक्त पदों की संख्या | आरक्षण श्रेणी | आयु (01-01-2026 को) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रधानाध्यापक | 56100-177500 लेवल-10 | 01 | अनारक्षित | न्यूनतम आयु 30 वर्ष अधिकतम शासन द्वारा निर्धारित |

1. उक्त रिक्त पद पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र कार्यालय मुख्य शिक्षा अधिकारी ऊ0 सिं0 नगर से रु. 300.00 का रेखांकित पोस्टल आर्डर या बैंक ड्राफ्ट जो मुख्य शिक्षा अधिकारी उ.सिं.नगर के नाम देय हो जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। 2. पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 3 सप्ताह के भीतर मुख्य शिक्षा अधिकारी उ.सिं.नगर के कार्यालय में पंजीकृत डाक द्वारा अपने सभी शैक्षिक/प्रशिक्षण व अन्य प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ जमा किये जा सकेंगे। आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर बायीं ओर पदनाम एवं दायीं ओर विद्यालय का नाम अंकित होना चाहिए। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र, अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। 3. प्रधानाध्यापक पद हेतु शैक्षिक योग्यता व अर्हता (अ) या (ब) में से कोई एक। (अ) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि के साथ विश्वविद्यालय की बी.एड. उपाधि या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से एल.टी. डिप्लोमा, तथा मान्यता प्राप्त हाईस्कूल या इण्टर कालेजों में 5 वर्ष का शिक्षण अनुभव। (ब) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि के साथ विश्वविद्यालय की बी.एड. उपाधि या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से एल.टी. डिप्लोमा, तथा मान्यता प्राप्त हाईस्कूल कालेजों में 8 वर्ष का शिक्षण अनुभव या हाईस्कूल कालेजों में 5 वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ जूनियर कक्षाओं में 7 वर्ष का शिक्षण अनुभव या जूनियर हाईस्कूल में प्रधानाध्यापक पद पर 5 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव। 4. प्रधानाध्यापक पद हेतु अनुभव प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप में हो तथा मुख्य शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षरित होना चाहिए। 5. उत्तराखण्ड सेवायोजन कार्यालय में आवेदनकर्ता का नाम पंजीकृत होना चहिए एवं आवेदन की तिथि को नवीनीकृत होना चाहिए तथा पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। आवेदन के पूर्व से सेवायोजित होने की स्थिति में सम्बन्धित विभाग/संस्था का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

नोट-पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या-01/2025 दिनांक 17.12.2025 के क्रम में जो अभ्यर्थी आवेदन कर चुके हैं उन्हें इस विज्ञापन में आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

प्रबन्धक

# कार्यक्रम स्थल का मुख्यमंत्री धामी ने किया निरीक्षण

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज हल्द्वानी में, सीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक में दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नैनीताल जनपद के एमबी इंटर कॉलेज में आज शनिवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह प्रतिभाग करेंगे। रक्षा मंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम एवं आयोजन की तैयारियों के दृष्टिगत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को हल्द्वानी पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस काठगोदाम में अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी दी।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने एमबी इंटर कॉलेज मैदान पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए कि जनसभा में आने वाले लोगों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही पेयजल, साफ-सफाई एवं शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था की जाए, ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।





मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि शहर की जनता एवं बाहरी आगंतुकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए पूर्व में ही रूट डायवर्जन प्लान तैयार कर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट, विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, लालकुआं से मोहन सिंह बिष्ट, नैनीताल से सरिता आर्या, रामनगर से दीवान सिंह बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, दायित्वधारी डा. अनिल कपूर (डब्बू), शंकर कोरंगा, शांति मेहरा, दिनेश आर्य, दीपक मेहरा सहित आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. मंजूनाथ टीसी तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## रक्षा मंत्री की सुरक्षा के लिए पुलिस-प्रशासन की ब्रीफिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रस्तावित नैनीताल दौरे के मद्देनजर शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के मीटिंग हॉल में पुलिस एवं प्रशासन की उच्चस्तरीय ब्रीफिंग आयोजित की गई। ब्रीफिंग में वीवीआईपी कार्यक्रम को सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने की। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक एसटीएफ डा. नीलेश आनंद भरणे, पुलिस महानिरीक्षक अभिसूचना करन सिंह नगन्याल, डीएम ललित मोहन लाल तथा एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। ब्रीफिंग में निर्देश दिए गए कि वीवीआईपी सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा स्थापित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल, रूट और आसपास के क्षेत्रों में सघन एंटी-सबोटाज चेकिंग कराई जाएगी। बम निरोधक दस्ता बीडीएस एवं डॉग स्क्वायड हर स्थल का निरीक्षण करेगी, जबकि केवल अधिकृत पास धारकों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान रूट पूरी तरह क्लियर रखा जाए। छतों और ऊंची इमारतों पर विशेष पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा



सीसीटीवी के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जाएगी। कंट्रोल रूम से 24 घंटे मॉनिटरिंग होगी और वायरलेस सहित सभी संचार माध्यम सक्रिय रखे जाएंगे। इसके साथ ही एटीएस, क्यूआरटी और रिजर्व फोर्स को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए है। फायर सर्विस, एम्बुलेंस और मेडिकल टीम को स्टैंडबाय पर रखा जाएगा। एलआईयू द्वारा सतत सूचना संकलन और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखने को कहा गया है। बैठक में विभिन्न जनपदों से आए पुलिस उपाधीक्षक, पीएसी, एसडीआरएफ सहित अन्य बलों के अधिकारी मौजूद रहे।

### पूरे जनपद में यातायात व्यवस्था में परिवर्तन

वीवीआईपी कार्यक्रम के साथ ही ईद और लंबे वीकेंड के चलते 21 व 22 मार्च को पर्यटकों की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए पूरे जनपद में यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष योजना लागू की गई है। सुबह 7 बजे से रात 12 बजे तक भारी एवं मालवाहक वाहनों का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। दूध, सब्जी, पेट्रोल-डीजल, एलपीजी गैस और मेडिकल सप्लाई जैसी आवश्यक सेवाओं को ही छूट दी जाएगी। आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सीज की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों को समय से पहले ड्यूटी स्थल पर पहुंचने, अनुशासन बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए वैकल्पिक योजना तैयार रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम समाप्ति के बाद भीड़ के सुरक्षित और व्यवस्थित डिस्पर्सल पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

## चिंगारी से लगी आग में गोशाला खाक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामपुर रोड स्थित जीतपुर नेगी क्षेत्र में बीते गुरुवार रात तेज हवा और बारिश के बीच एक बिजली के खंभे में शॉर्ट सर्किट के कारण निकली चिंगारी से एक गोशाला में आग लग गई। इस हादसे में गोशाला पूरी तरह जलकर खाक हो गई, और दो गोवंशीय पशु घायल हो गए। जबकि गोशाला के मालिक भी आग बुझाने के प्रयास में झुलस गए। जानकारी के अनुसार जीतपुर नेगी निवासी हेम आर्या वृद्धाश्रम के पास रहते हैं। बताया जा रहा कि हेम ने अपने घर के आंगन में ही गोशाला बनाई थी। बीते गुरुवार की रात करीब पौने दो बजे अचानक आग की लपटें उठने लगीं। जैसे ही हेम आर्या ने देखा कि उनकी गाय और बछड़े गोशाला में फंसे हुए हैं, वे उन्हें बचाने के लिए दौड़े, लेकिन इस दौरान वे भी मामूली रूप से झुलस गए। आग की चपेट में आने से उनके दोनों गोवंशीय पशु भी जलकर घायल हो गए। घटना के समय गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत ऊर्जा निगम को सूचित किया और बिजली सप्लाई को बंद करवा दिया। इसके बाद अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एफएसओ एमपी सिंह ने बताया कि घटना में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। माना जा रहा कि गुवार की रात तेज हवा और बारिश के दौरान बिजली के खंभे में हुए शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी के कारण यह घटना घटी है फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

## भाजपा के 'उत्सव' पर कांग्रेस नेता ललित जोशी का तंज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



हल्द्वानी। धामी सरकार के चार साल पूरे होने पर भाजपा द्वारा हल्द्वानी में आयोजित उत्सव कार्यक्रम पर कांग्रेस नेता ललित जोशी ने तीखा तंज कसा है। प्रेस को जारी बयान में ललित जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार के चार वर्षों के कार्यकाल में बेरोज़गारी चार गुना और भ्रष्टाचार आठ गुना बढ़ गया है। ललित जोशी ने आरोप लगाया कि पूरे चार साल में पेपर लीक, सरकारी भ्रष्टाचार, वर्षों से टूटी सड़कें, अंकिता हत्याकांड, महिला उत्पीड़न और वोट चोरी कर सत्ता हासिल करने जैसे मामलों में ही सरकार उलझी रही। अब उन्हीं किलताओं पर पर्दा डालने के लिए सरकारी तामझाम और चकाचौंध के जरिए उन्हें छिपाने का प्रयास किया जा रहा है।

## बेसुध मिले युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक बेसुध हालत में पीलीकोठी स्थित एक खंडहर में पड़ा हुआ मिला। आनन फानन में उसे सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। माना जा रहा कि नशे के इंजेक्शन के ओवरडोज के चलते ही युवक की मौत हुई होगी। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुसुमखेड़ा हरीपुर नायक भूमिया बिहार फेस-2 में गुड़िया एक किराए के मकान में रहती है और घरों में काम कर अपने परिवार का गुजर बसर करती है। बताया जा रहा कि गुड़िया की दो बेटिया एक बेटा शुभ दीवाकर है। जो दिल्ली में एक फाइनेंस कंपनी में काम करता था। बताया जा रहा कि शुभ एक सप्ताह पूर्व ही घर आया हुआ था। माना जा रहा कि शुभ नशे के इंजेक्शन का भी आदी था। बताया जा रहा कि बीते बुधवार की शाम वह अपने एक दोस्त के साथ घर से बाहर निकला, लेकिन रात तक घर नहीं लौटा। परिवार ने उसे कई बार फोन करने की कोशिश की, लेकिन उसका फोन नहीं लगा। अगले दिन शुभ के दोस्त की बहन ने परिवार को सूचना दी कि वह पीलीकोठी स्थित खंडहर में अचेत पड़ा हुआ है। सूचना पर परिजनों ने खंडहर पहुंचकर देखा तो शुभ बेसुध अवस्था में पड़ा हुआ था। उसे आनन फानन में सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि युवक की मौत कैसे हुई यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पायेगा।

## पंखुड़ियां ने 9 महिलाओं को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को पंखुड़ियाँ सांस्कृतिक, पर्यावरण एवं दिव्यांग कल्याण समिति ने एक निजी रेस्टोरेंट में नव ज्योति नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित कर समाज मे उल्लेखनीय व उत्कृष्ट कार्य कर रही 9 महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी नरेश पांडे ने सभी महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि समाज मे महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें आगे बढ़ाना होगा तभी वह आत्म विश्वास के साथ आत्म निर्भर हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि समाज का स्तर तभी बढ़ सकता है जब महिलाओं की स्थिति में निरंतर विकास होगा। इस दौरान प्रो. रश्मि पंत, शर्मिष्ठा चक्रवर्ती बिष्ट, चम्पा चिलवाल, भवानी बिष्ट, बलजीत कौर, मीना थापा, वंदना शर्मा, मोनिका शर्मा, आशा शाही को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में निर्मल जोशी, पवन कार्की, गिरीश खाती व दिव्यांशी गुसाई ने अपनी मनमोहक गायकी से कार्यक्रम में समां बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन रिम्पी बिष्ट, नेहा बिष्ट, डॉली अग्रवाल, मेघा त्रिपाठी व स्नेहा बिष्ट ने किया। इस दौरान जसविंदर सिंह भसीन, गुलाब सिंह नेगी, विशाल शर्मा, अरुणा टंडन, शांति जीना सहित तमाम लोग उपस्तिथ थे।

## राम सिंह कैड़ा के मंत्री बनने पर हर्ष जताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक एसडीएम कोर्ट परिसर में डा. हरीश पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन पीसी दानी द्वारा किया गया। बैठक में राम सिंह कैड़ा को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया गया। डा. हरीश पाल ने कहा कि राम सिंह कैड़ा को मंत्री बनाकर सीएम ने राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष और योगदान को सम्मान दिया है। बैठक में कई वरिष्ठ सदस्यों और समाजसेवियों ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में दीवान सिंह बिष्ट, राजेन्द्र खनवाल, केएस काण्डपाल, डीएन जोशी, भुवन तिवारी, प्रकाश जोशी, भास्कर साह, मोहन पाठक, पवन अर्पित पाल और अमित सिंह शामिल रहे।

## पेट्रोल बोतल में नहीं देने पर दे-दनादन, पुलिस ने उठाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक ओर जहां देश में पेट्रोल की कीमतों में भारी उछाल आया तो वहीं दूसरी ओर हल्द्वानी के एक पेट्रोल पम्प में बोतल में पेट्रोल ना देने पर लात घूसे चल गए। आरोप है कि पेट्रोल पम्प कर्मचारी से अपने साथियों के साथ मारपीट की। इस दौरान काफी देर तक हंगामा हुआ, बाद में पुलिस सभी को चौकी उठाकर ले गयी। जानकारी के अनुसार सरगम सिनेमा के पास स्थित इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप पर शुक्रवार को कुछ युवक बोतल में पेट्रोल लेने के लिए पहुंचे। कर्मचारी ने मना किया तो वह आग बबूला हो गए। युवकों ने अपने एक और साथी को बुला लिया और पेट्रोल पंप कर्मियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। युवकों ने बेल्ट से पेट्रोल पंप कर्मियों को पीटना शुरू कर दिया। पेट्रोल पंप में मौजूद कर्मी भी युवकों से भिड़ गए। काफी देर तक दोनों पक्ष एक दूसरे से भिड़ते रहे। बाद में जब युवकों ने देखा कि उनका पलड़ा हल्का हो रहा है तो उनमें से दो युवक वहां से खिसक लिए। मौके पर एक युवक रह गया। जिसे घेर लिया गया। पेट्रोल प्रबंधकों ने पुलिस को फोन किया लेकिन शहर में वीआईपी मूवमेंट होने की वजह से काफी देर तक पुलिस नहीं पहुंची। जब पुलिस पहुंची तो आरोपी युवक को लेकर चौकी पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से बात सुनी गई है अभी दोनों ही पक्ष मेडिकल कराने के लिए अस्पताल गए हैं। मामले में अभी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। इधर शहर में वीआईपी ड्यूटी होने की वजह से भी पुलिस कार्यवाही की गति धीमी है।

## अधिवक्ता ने महिला पर लगाया धोखाधड़ी व धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र में एक अधिवक्ता ने महिला पर लाखों रुपये हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार ऊंचापुल लोहरियासाल तल्ला निवासी अधिवक्ता दिनेश ने तहरीर में बताया कि वर्ष 2021 में ज्योति आर्या से सिविल कोर्ट परिसर में पहचान हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच पहचान इतनी बढ़ गई कि घर पर आना-जाना भी शुरू हो गया। अधिवक्ता के अनुसार महिला ने घरेलू रिश्तों का फायदा उठाकर 2021 से 2024 के बीच नगद, फोनपे, गूगल पे और बैंक ट्रांसफर के माध्यम से करीब 12 लाख रुपये उधार लिए। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 में, अधिवक्ता की पत्नी की फर्म के जरिए चौफला चौराहे के पास महिला के मकान का निर्माण कार्य शुरू किया गया, जिसमें लगभग 18 लाख रुपये खर्च होने का दावा किया गया है।

जब अधिवक्ता ने महिला से रकम वापस मांगी, तो उसने मई 2024 में दो चेक 5.25 लाख और 4.75 लाख रुपये दिए, जो बाउंस हो गए। इसके बाद, 3 अक्टूबर 2024 को महिला ने 10 लाख रुपये का एक और चेक दिया, लेकिन वह भी भुगतान नहीं हो सका। मामले का निपटारा न्यायालय में चल रहा है। अधिवक्ता का आरोप है कि महिला ने उनकी और उनकी पत्नी की देनदारी से बचने के लिए झूठी शिकायत भी दर्ज कराई, जिसकी जांच में मामला केवल पैसों के लेन-देन का पाया गया। इसके अलावा, महिला द्वारा उन्हें और उनकी पत्नी को चेक बाउंस केस वापस लेने के लिए लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। काठगोदाम थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 'बनभूलपुरा पर मानवीय दृष्टिकोण अपनाए सरकार'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विभिन्न राजनीतिक-सामाजिक संगठनों ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को 7 सूत्रीय ज्ञापन भेजकर बनभूलपुरा की जनता के आवास की रक्षा के लिए उच्चतम न्यायालय में राज्य सरकार द्वारा जनहित में पक्ष रखे जाने की मांग करते हुए दशकों से बसी आबादी को हटाने की हर कोशिश बंद करने, नजूल भूमि पर बसी हुई आबादी को मालिकाना अधिकार दिए जाने की मांग की गई। यह भी मांग उठाई गई कि किसी अपरिहार्य स्थिति में विस्थापन होना जरूरी हो तो बिना शर्त बनभूलपुरा के प्रभावित सभी परिवारों को बाजार भाव पर उनकी सम्पत्तियों का मुआवजा देते हुए उनके संपूर्ण पुनर्वास की जिम्मेदारी राज्य सरकार ले। साथ ही एक ज्ञापन पत्र उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को भी भेजा गया जिसमें हज़ारों मेहनतकशों के नागरिक अधिकार और आजादी से भी पहले की बसासत के पहलुओं और मानवीय आधार का संज्ञान लेने और पूरे प्रकरण में राज्य सरकार की साम्प्रदायिक भूमिका के विरुद्ध संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन करने का निर्देश देने की मांग की गई। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय, ऐक्टू प्रदेश महामंत्री के के बोरा, पछास के चन्दन, महेश, क्रालोस के मुकेश चंद्र भंडारी, अमित कुमार, राजेश खुल्बे रहे।

## अलविदा रमज़ान, ईद आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को रमज़ान महीने के आखिरी जुमे की नमाज़ अकीदत के साथ मुस्लिम समुदाय ने अदा की और इसी के साथ शनिवार आज ईद मनाई जाएगी। चांद का दीदार हो गया है। महानगर के मुस्लिम बहुल इलाकों बनभूलपुरा, आज़ाद नगर में ईद के जश्न की बड़े पैमाने पर तैयारियां की जाने लगीं। बाज़ारों की रौनक में चार चांद लग गए हैं। खरीदारी के लिए भारी संख्या में लोगों ने बाज़ारों का रुख किया और ईद के लिए तैयारियों को मुकम्मल किया। दोपहर बाद बाज़ार की नज़ारा कुछ ऐसा था कि हल्की बारिश और डंठ के बावजूद दुकानों में लोगों की भीड़ देखी गयी। कपड़े, जूते चप्पलों से लेकर श्रंगार तक की बम्पर खरीदारी हुई। देर रात



तक बाज़ारों में रौनक नज़र आई। खरीदारी के साथ ही मुस्लिम महिलाओं में मेहंदी लगवाने का भी क्रेज़ दिखा। मीठी ईद के लिए खाने-पीने का सामान भी खूब बिका। शहर की मस्जिदों में जुमे की नमाज़ तय समय पर हुई और उलेमाओं ने रमज़ान महीने में गरीबों को दिए जाने वाले ज़कात एवं फितरा के बारे में नमाज़ियों को बताया। नमाज़ के बाद देश-दुनिया में अमन-चैन के लिए खास दुआ का एहतमाम किया गया। बच्चों में ईद को लेकर खास उत्साह का माहौल है। आज शनिवार को महानगर की विभिन्न मस्जिदों तता ईदगाह में ईद की नमाज़ तय पर होगी।

## मुक्त व दूरस्थ शिक्षा पर डाला प्रकाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

### मुक्त विश्वविद्यालय में परिचयात्मक संगोष्ठी

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के तहत कोरिया नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी दक्षिण कोरिया (केएनओयू) के प्रो. क्वांग सिक चुंग के अतिथि प्रो. फैलोशिप कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को आयोजित शैक्षणिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। कार्यक्रमों की शुरुआत विश्वविद्यालय अतिथि गृह के सेमिनार हॉल में आयोजित परिचयात्मक संगोष्ठी से हुई। केएनओयू में संस्थागत संरचना एवं शैक्षणिक पद्धतियां मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के परिप्रेक्ष्य में विषय पर प्रो. चुंग ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली तथा नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों पर विस्तार से





जानकारी दी। इसके बाद शोध एवं नवाचार प्रकोष्ठ के साथ संवाद सत्र आयोजित हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय की शोध गतिविधियों का अवलोकन करते हुए शोधार्थियों और शिक्षकों के साथ सार्थक चर्चा की गई। सेमिनार हॉल में आयोजित मुख्य व्याख्यान में प्रो. चुंग ने आभासी शिक्षण सामग्री एवं अधिगम विश्लेषणः मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा में रुझान और अनुप्रयोग विषय पर व्याख्यान दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहानी ने कहा कि अतिथि प्रो. फैलोशिप कार्यक्रम के माध्यम से विश्वविद्यालय वैश्विक शैक्षणिक सहयोग की दिशा में सशक्त कदम उठा रहा है। अंतरराष्ट्रीय संबंध प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. जितेन्द्र पांडे ने बताया कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीयकरण के प्रयासों को गति प्रदान करती है। बता दे कि प्रो. क्वांग सिक चुंग 18 से 30 मार्च तक विश्वविद्यालय में प्रवास पर है और इस अवधि में विभिन्न शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों में सहभागिता कर रहे है। निकट भविष्य में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय एवं कोरिया नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी के मध्य औपचारिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिससे दोनों संस्थानों के बीच दीर्घकालिक शैक्षणिक एवं शोध सहयोग को और सुदृढ़ किया जा सकेगा।

## बार एसोसिएशनः पहले दिन नामांकन पत्रों की बिक्री

### चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बार एसोसिएशन हल्द्वानी के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को पहले दिन नामांकन पत्रों की बिक्री और जमा करने की कार्यवाही शुरू हुई जिसमें अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य चुनाव अधिकारी आनन्द पाण्डेय के नेतृत्व में चुनाव समिति ने नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराई। इस दौरान सहयोगी के रूप में मनोज बिष्ट, हिमांशु डालाकोटी, मोहित पाण्डे, महेन्द्र बुटौला, नीरज जोशी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए दो नामांकन पत्रों की बिक्री और जमा की गई। उपाध्यक्ष पद के लिए एक तथा उपाध्यक्ष महिला आरक्षित पद के लिए दो नामांकन पत्र लिए गए। सचिव पद के लिए तीन, संयुक्त सचिव के लिए दो और संयुक्त सचिव (प्रेस) पद के लिए भी दो नामांकन पत्रों का विक्रय हुआ। इसके अलावा सदस्य महिला आरक्षित पद के लिए दो, सदस्य सामान्य पद के लिए पांच, पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए तीन, लेखाधिकारी के लिए दो और कोषाध्यक्ष पद के लिए दो नामांकन पत्रों की बिक्री की गई। मुख्य चुनाव अधिकारी आनन्द पाण्डेय ने बताया कि 21 मार्च को भी नामांकन पत्रों की बिक्री और जमा करने की प्रक्रिया जारी रहेगी। इसके लिए समय सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक निर्धारित किया गया है।

## राम सिंह कैड़ा को बधाई दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी एवं भीमताल के विधायक राम सिंह कैड़ा को प्रदेश सरकार में मंत्री बनाए जाने पर राज्य आंदोलनकारियों ने खुशी व्यक्त की है और उन्हें बधाई दी है। इस अवसर पर राज्य आंदोलनकारियों ने भाजपा नेतृत्व और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उत्तराखंड चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय प्रवक्ता लाखन सिंह चिलवाल ने कहा कि भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा को मंत्री बनाए जाने से राज्य आंदोलनकारियों का सम्मान हुआ है। वहीं, उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के जिलाध्यक्ष दीपक रौतेला, राजेंद्र बोरा, ललित कंडवाल, विक्की पाठक, पूरन परिहार, दीवान सिंह बिष्ट, चंद्रशेखर बेलवाल, कृष्णानंद जोशी समेत अन्य आंदोलनकारियों ने राम सिंह कैड़ा को प्रदेश सरकार में मंत्री बनने पर हार्दिक बधाई दी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## घर में घुसकर मां-बेटे से मारपीट, केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भूपेंद्र सिंह निवासी गांधी कॉलोनी वार्ड 27 ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 मार्च की रात वह अपनी मां की दवा लेने जा रहा था, तभी मोहल्ले के तुषार उर्फ छोटू और उसके साथियों ने उसकी कार में तोड़फोड़ कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। किसी तरह वह वहां से निकलकर घर पहुंचा, लेकिन आरोपी उसका पीछा करते हुए घर तक आ गए। उन्होंने गेट का ताला तोड़कर घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की और घर में भी तोड़फोड़ की। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी। बताया कि वह एक हाथ से दिव्यांग है और अपनी बुजुर्ग मां के साथ अकेले रहता है, जिससे उसे लगातार खतरा महसूस हो रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लाख कार्रवाई के बाद भी बंद नहीं हो रही कालाबाजारी

■ दूषित कुट्टू का आटा खाने से कई लोगों की बिगड़ी हालत

■ एक दर्जन बीमार, छह की हालत गंभीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नवरात्र पर्व के मद्देनजर शासन प्रशासन द्वारा पिछले कई दिनों से व्यापारियों को खराब कुट्टू का आटा बिक्री करने से मना करने बावजूद नगर में खराब कुट्टू आटा की बिक्री पर प्रभावी ढंग से रोक नहीं लग पाई है। इसका खामियाजा नगर के रम्पुरा व सुभाष कालोनी के दो परिवारों को भुगतना पड़ा। करीब एक दर्जन सदस्यों की खराब कुट्टू का आटा खाने से तबीयत बिगड़ गई और उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराना पड़ा। इस घटना से प्रशासनिक व स्वास्थ्य अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। इधर चिकित्सकों ने 6 की हालत को गंभीर बताया है।

जानकारी के अनुसार रम्पुरा व सुभाष कालोनी निवासी परिवारों के लोगों ने प्रथम नवरात्र पर व्रत रखा था। सायं काल मौहल्ले की ही एक किराना दुकान से कुट्टू का आटा खरीद कर लाये और सभी ने इस आटे से बनी रोटियों खाई। बताया जाता है कि मध्य रात्रि रम्पुरा और सुभाष कालोनी निवासी 43 वर्षीय रेखा देवी, 20 वर्षीय सोनम, 40 वर्षीय सोमपाल, 10 वर्षीय दीप्ति, 12 वर्षीय किरन, 15 वर्षीय शिवम, 27 वर्षीय सौरभ, 25 वर्षीय कमलेश, 35 वर्षीय बेबी, 16 वर्षीय वर्षा व 35 वर्षीय रामवती की हालत तेजी से बिगड़ने लगी। उन्हें उल्टी होने लगी, चक्कर आने लगे और शरीर ठंडा पड़ने के साथ ही बेहोशी आने लगी। जिससे परिजनों में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में सभी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने रम्पुरा के 27 वर्षीय सौरभ राठोर, 58 वर्षीय कमलेश, 34 वर्षीय शारदा और सुभाष काला. नी निवासी 20 वर्षीय सोनम,16 वर्षीय वर्षा रस्तोगी और 37 वर्षीय रेखा रस्तोगी को गंभीर हालत देखते हुये भर्ती कर लिया गया। बल्कि बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। रोगियों द्वारा खाया गया कुट्टू के आटे का नमूना सुरक्षित रख लिया गया है। चिकित्सा विभाग के अपर निदेशक व वरिष्ठ चिकित्सक डा- एमके तिवारी ने बताया कि मामले की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हल्द्वानी आगमन को लेकर डीएम ने सौंपी जिम्मेदारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रुद्रपुर। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने 21 मार्च को रक्षा मंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह के हल्द्वानी आगमन के दृष्टिगत यातायात को सुगम एवं जाममुक्त बनाए रखने हेतु जनपद के विभिन्न मार्गो पर नोडल/सह नोडल नामित करते हुए अधिकारियों की तैनाती की है।

उन्होने बताया कि बाजपुर, हल्द्वानी रोड हेतु नोडल अधिकारी/उप जिलाधिकारी डॉ0 अमृता शर्मा, सह नोडल/खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी, पूर्ति निरीक्षक विपिन चन्द्र पाठक व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मनोज कुमार दास की तैनाती की है। इसी प्रकार पत्थरचट्टा हेतु नोडल/उप जिलाधिकारी ऋचा सिंह, सह नोडल/नायब तहसीलदार देवेन्द्र बिष्ट, खण्ड विकास अधिकारी असीत आनंद, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कैलाश पटवाल व पूर्ति निरीक्षक चन्द्र शेखर काण्डपाल की तैनाती की है। नगला हेतु नोडल/तहसीलदार गिरीश चन्द्र त्रिपाठी, सह नोडल/अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नगला विजय बिष्ट, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका किच्छा दीपक शुक्ला व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी भरत सिंह राणा की तैनाती की गयी है। सिडकुल, सितारगंज हेतु नोडल/उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, सह नोडल अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सितारगंज प्रतिभा कोहली, खण्ड विकास अधिकारी चिन्ताराम आर्या व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी धमेन्द्र सिंह धामी की तैनाती की है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए यात्रियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

# अवैध तमंचा व कारतूस सहित एक को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के अंतर्गत थाना पुलिस द्वारा शातिर अभियुक्त अभियुक्त मोहसिन उर्फ मोना को एक अवैध 315 बोर तमंचा व कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया। कोतवाल द्वारा बताया गया कि अभियुक एक शातिर किस्म का अभियस्त चोर है, जिसके विरुद्ध पूर्व में चोरी और आर्म्स एक्ट के आधा दर्जन मुकदमे पंजीकृत हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में चौकी प्रभारी नादेही उ.नि. संतोष देवरानी, चौकी इंचार्ज सूतमिल उ. नि. इंद्र सिंह ढेला द्वारा मय पुलिस टीम के गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर जसपुर क्षेत्र से अभियुक्त मो. हसिन उर्फ मोना पुत्र साहिद निवासी नई बस्ती थाना जसपुर को एक अदद अवैध 315 बोर तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त



बरामदगी के आधार पर कोतवाली जसपुर में मुकदमा अपराध संख्या 103/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। मीडिया से बातचीत में प्रभारी कोतवाल राजेन्द्र सिंह डांगी ने बताया कि पूर्व में भी अभियुक्त का आपराधिक इतिहास रहा है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई संतोष देवरानी ,चौकी इंचार्ज नादेही, एसआई इंद्र सिंह ढेला, चौकी इंचार्ज सूतमिल, का. अरुण कुमार, अशोक कुमार आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# अखण्ड नाम संकीर्तन में विधायक ने किया हरि नाम का श्रवण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर विधानसभा के ग्राम मुकरन्दपुर मे आयोजित श्री श्री अखण्ड नाम संकीर्तन में शामिल हुए विधायक शिव अरोरा ने हरि कृष्ण नाम श्रवण कर समस्त क्षेत्रवासियो के सुख समृद्धि की कामना की।

विधायक अरोरा बोले अखण्ड नाम कीर्तन भगवान कृष्ण के प्रति अटुट भक्ति प्रेम का प्रतीक है जो हमारे अंतरमन को सुखमय जीवन व्यतीत करने का मार्ग प्रशस्त करती है। विधायक ने कहा अखण्ड नाम कीर्तन जहाँ सारा समाज एक सूत्र मे नजर आता है और वहां स्वयं लगातार अखण्ड नाम कीर्तन मे हर वर्ष आते रहें हैं। भगवान कृष्ण के प्रति अपार श्रद्धा का भाव दर्शाता है यह समागम कितना दिव्य और पवित्र है। ऐसे आयोजन समाज मे अपने धर्म संस्कृति के प्रति जगरूकता का भाव पैदा होता है और बंगाली समाज अखण्ड नामकीर्तन का विशेष महत्व है। इस दौरान ग्राम प्रधान महेन्दर सैनी, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनु चौधरी, उत्तम मण्डल, धर्म चंद,अंजना मण्डल, गौरव मण्डल, ज्योतिष राय, संजय सरकार, शुभम राय, काला चंद मण्डल, कृष्ण मंडल आदि लोग मौजूद रहे।

# लाटरी पद्धति से हुआ 43 मदिरा की दुकानों का आवंटन

■ मदिरा दुकानों के लिए कुल 257 लोगों ने किए आवेदन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में प्रभारी अधिकारी/उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला सभागार में 24 देशी व 19 विदेशी मदिरा कुल 43 दुकानों का आवंटन लाटरी पद्धति से किया गया। मदिरा दुकानों हेतु कुल 257 आवेदन प्राप्त हुए।

जनपद में कुल 152 मदिरा की दुकानों में से 132 मदिरा की दुकानों का नवीनीकरण किया जा चुका है। शुक्रवार को पुरानी 20 मदिरा की दुकानो व 23 नये मदिरा की दुकानों का आवंटन किया गया। जिसमे 07 विदेशी मदिरा की दुकान में मात्र एक-एक आवेदन आने पर विदेशी मदिरा की दुकान टनकपुर रोड खटीमा कमला जोशी, सिसैया सितारगंज गोविन्द सिंह मेहता, छोई रोड पुष्पा कशवाहा, धीमरखेड़ा सिंगारा सिंह, पिपलिया धौराडाम रोड अमरू निशा, नादेही अंशिका कण्डवाल, सुनपहर की दुकान वंशीधर मिश्रा को आवंटित हुई। इसी तरह किच्छा रोड सितारगंज की विदेशी मदिरा की दुकान हेतु 03 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे से लाटरी द्वारा नवजोत सिंह को आवंटित हुई। चैती चौहरा विदेशी दुकान हेतु 26 आवेदन प्राप्त हुए लाटरी से अर्जुन सिंह खोलिया को आवंटित हुई। रम्पुरा हेतु 13 आवेदन आवंटन मानसी बत्रा, बाजपुर दोराहा 02 आवेदन आवंटन लालबहादुर कुशवाहा, इन्द्रा कालोनी 06 आवे. दन आवंटन हरीश चन्द्र जोशी, ढकिया गुलाबो 04 आवेदन आवंटन प्रतीक अग्रवाल, रामराज रोड मण्डी गेट बाजपुर 62 आवेदन आवंटन प्रकाश चन्द्र पाण्डे, धनौरी केला मोड़ 08 आवेदन आवंटन राजवीर सिंह, सकैनिया रोड 09 आवेदन परमेश अरोरा, सुल्तानपुर पट्टी 04 आवेदन आवंटन मनोज, निकट खुर्पिया फार्म किच्छा 08 आवेदन आवंटन नरेन्द्र चन्द्र गुरूरानी, परमानंदपुर 05 आवेदन प्राप्त हुए आवंटन जितेन्द्र सिंह को की गयी।

देशी मदिरा में 11 दुकाने एकल आवेदन पर सितारगंज चीनीमिल रोड कैलाश चन्द्र, पुरनापुर टेड़ाघाट रूपेश कुमार, भगवंतपुर मानसी बत्रा, धीमरखेड़ा जसवंत सिंह, हल्दुआ साहू रूबी वर्मा, पटिया कौधाअसरफ भुपेश जायसवाल, पिपलिया धौराडाम रोड अमृत कुमार, प्रतापपुर रोड योगश चन्द्र जोशी, दुकड़ी बिचवा भुपेश जायसवाल, सुनपहर सतीश पाठक, बगियाघाट भूपेन्द्र सिंह कठायत को आवंटित हुई। जबकि देशी मदिरा की दुकान मानपुर रोड 02 आवेदन आवंटन सावित्री देवी, अनाजमंडी काशीपुर 10 आवेदन आवंटन रूपेश कुमार, मलसा. गिरधरपरु 30 आवदेन आवंटन लो. केश कुमार सक्सेना, जाफरपुर 06 आवेदन आवंटन मानसी बत्रा, चक्की मोड 05 आवेदन आवंटन जितेन्द्र सिंह नेगी, छिनकी किच्छा 17 आवेदन आवंटन रामअयोध्या, बिन्दुखेड़ा रोड दानपुर आवेदन 02 आवंटन संजय सिंह, बानूसी 04 आवेदन आवंटन जसविन्दर सिंह, खुर्पिया फार्म किच्छा 06 आवेदन आवंटन अश्वनी कुमार, निकट परमानंदपुर 02 आवेदन आवंटन लाल सिंह, सकैनिया रोड आवेदन 02 आवंटन सौरभ कुशवाहा, पिपलिया बाजपुर आवदेन 02 आवंटन संदीप कुमार, निकट कोसी काटा बाजपुर आवेदन 03 आवंटन राजकुमार महरोत्रा को लाटरी पद्धति द्वारा दुकाने आवंटित हुई। इस दौरान प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी महेन्द्र बिष्ट सहित आवेदनकर्ता व कर्मचारी मौजूद थे।

# व्यापारियों का नहीं होने दिया जाएगा अहित: विकास शर्मा

■ बाईपास चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारियों को महापौर ने दिया राहत दिलाने का आश्वासन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** काशीपुर बाईपास के चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारियों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर महापौर विकास शर्मा से मुलाकात की और अपनी दुकानों को बचाने की गुहार लगाई। व्यापारियों की चिंताओं को गंभीरता से सुनते हुए महापौर ने उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी व्यापारी का अहित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि मार्ग के डिजाइन में परिवर्तन कर दुकानें बचाना संभव हुआ तो वह भी किया जाएगा और यदि दुकानें टूटती हैं, तो व्यापारियों को वैकल्पिक स्थान पर नई दुकानें बनाकर दी जाएंगी।

व्यापारियों ने महापौर को अवगत कराया कि बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण के लिए चिन्हीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। इस मार्ग पर नगर निगम द्वारा आवंटित कई दुक. ानें ऐसी हैं, जिनमें व्यापारी पिछले 30 वर्षों से अपना कारोबार कर रहे हैं। वर्तमान योजना के तहत लगभग 24 दुकानों को तोड़ने की तैयारी है, जिससे इन दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि उन्होंने कोई अतिक्रमण नहीं किया है, बल्कि दशकों पहले नगर पालि. का ने उन्हें ये दुकानें विधिवत नियमानुसार आवंटित की थीं। व्यापारियों ने महापौर से दुकानों को बचाने की गुहार लगाई। व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए सड़क का चौड़ीकरण आवश्यक है, लेकिन व्यापारियों के कारोबार की बलि देकर विकास नहीं होगा। उन्होंने बताया कि व्यापारियों के हितों को देखते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आग्रह कर चौड़ीकरण की सीमा को 75 फीट से घटाकर 60 फीट करवाया था, तब व्यापारियों ने भी इस पर सहमति जताई थी। महापौर ने स्पष्ट किया कि डिवाइडर को थोड़ा खिसकाकर दुकानों को बचाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर नवीन चौहान, सुभाष कालरा, पंकज वालरा, निपेंद्र वर्मा, डिंपल आहूजा, बृजेंद्र कुमार, संजीव मलिक, सविता मेहंदीरत्ता, संजय पाल, अजय श्रीवास्तव, प्रदीप पसरीचा, मनोज कुमार सलूजा, सोनू कालरा, प्रदीप सिंघल, सुरेंद्र सैनी, अंकुश सलूजा, सुदीप सिंघल आदि लोग मौजूद रहे ।

# पूरे जोशो खरोश के साथ अदा की गई अलविदा की नमाज

■ मुल्क में अमन व शांति के लिए की गई दुआ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** नूरी मस्जिद में शांतिपूर्वक अलविदा की नमाज अदा की गई, जिसमें तमाम मुसलमानों ने पूरे एहतिमाम के साथ मस्जिदों में हाजिर होकर नमाज अदा की और कोघ्मो मिल्लत और देश के लिए दुआएं की।

अलविदा जुम्मे में हजरत मौलाना इरफानुल हक कादरी (प्रबंधक मदरसा गौघसिया ) ने अपने बयान में कहा कि रमजान एक पवित्र महीना है जिसका आज आखिरी दिन है यह मुसलमान ही नहीं बल्कि हर धर्म जाति के सभी लोगों के लिए रहमत और बरकत का महीना था। हर एक के चैन सुकून का सबब था, अब यह हमारे सामने से रुखसत हो रहा है तो हमारे दिलों को बड़ी तकलीफ होती है। हजरत ने लोगों से अपील की की रमजान की तरह हर महीने में अल्लाह की इबादत करें, एक दूसरे का साथ दें, और हर एक की खूब मदद करें, मुल्क में अमन और शांति को बरक. रार रखें, इसी से हम सब तरक्की कर सकते हैं।

आपको बताते चलें कि पिछले जुम्मा को भी अलविदा की नमाज अदा की गई थी मगर 30 रमजान का चांद होने की वजह से इस जुम्मे को भी अलविदा की नमाज अदा की गई है। अब 21 मार्च बरोज शनिवार को पूरे हिंदुस्तान में ईद की नमाज अदा की जाएगी। नूरी मस्जिद में ईद की नमाज 8:45 बजे पर होगी।

# इंदर सिंह रावत ने सीएम ने भेंट कर ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व सांसद प्रतिनिधि इंदर सिंह रावत ने देहरादून में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह से शिष्टाचार भेंट की और रामनगर को श्रीरामनगर करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।



इंदर सिंह रावत ने दिए गए ज्ञापन में मुख्यमंत्री को बताया कि रामनगर एक नगर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। यहां स्थित वह पावन स्थल है, जहां जनश्रुति के अनुसार माता सीता ने अपने वनवास का समय व्यतीत किया था। यह स्थान श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। इसी प्रकार रामनगर में स्थित एक भव्य धार्मिक स्थल है, जहां भगवान हनुमान जी के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन होते हैं और देशभर से श्रद्धालु यहां आते हैं। साथ ही कोसी नदी के मध्य स्थित एक दिव्य शक्ति पीठ के रूप में प्रतिष्ठित है, जो देवी स्वरूप की प्रत्यक्ष अनुभूति कराता है और प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में प्रसिद्ध है।रामनगर की इस समृद्ध धार्मिक परंपरा, ऐतिहासिक महत्व एवं आध्यात्मिक पहचान को देखते हुए नगर का नाम ष्श्रीरामनगरष किए जाने की मांग की है।जिससे इसकी धार्मिक गरिमा और अधिक सुदृढ एवं प्रतिष्ठित हो सके।

उन्होंने मुख्यमंत्री से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस विषय में सकारात्मक निर्णय लिए जाने की अपील करते हुए रामनगर को श्री रामनगर करने की मांग की है।इस मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जल्द कार्य करने का आश्वासन दिया है।

## एक नजर

### पुलिस ने एक शराब तस्कर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जसपुर पुलिस टीम द्वारा एक शराब तस्कर राजेंद्र सिंह को 80 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया

पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में हल्का प्रभारी उ.नि. हरीश आर्य द्वारा मय पुलिस टीम के गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर जसपुर क्षेत्र से राजेन्द्र सिंह पुत्र सोमपाल सिंह निवासी कलियावाला थाना जसपुर को 80 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर कोतवाली जसपुर में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राज. ेंद्र सिंह डांगी, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई हरीश आर्य, का. विपिन कुमार, जोगेंद्र सिंह, दीपक आदि शामिल रहे।

### सड़क दुघर्टना में मौत, मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** बीते रविवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की हुई मौत के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम गांगी निवासी मोले सिंह पुत्र गोविंद सिंह ने शुक्रवार को कोतवाली खटीमा को सौंपी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र सुमित सिंह उम्र 37 वर्ष अपने साथी दीपू सिंह पुत्र दौलत सिंह के साथ अपनी स्कूटी में बैठकर अपने ससुराल गुरुखुड़ा से घर की तरफ आ रहे थे। इसी बीच झनकट दियोरी मार्ग पर पुराने गुरुद्वारे के समीप पीछे से तेज गति व लापरवाही से आ रही कार (यूके 06 एफ 3227) के चालक ने स्कूटी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी (यूके 06 एजे 2590) चला रहे सुमित सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया तथा दीपू सिंह को भी हल्की चोटें आई। वहीं आनन-फानन में सुमित सिंह को नागरिक चिकित्सालय खटीमा ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसका नागरिक चिकित्सालय खटीमा में ही बीते रविवार को पोस्टमार्टम किया गया। तत्पश्चात परिजनों ने उसका दाह संस्कार किया और दाह संस्कार के बाद शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज करने व कार्यवाही हेतु खटीमा कोतवाली में तहरीर दिया। वहीं तहरीर के आधार पर खटीमा कोतवाली में अज्ञात के विरुद्ध धारा 106(1), 281 में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। वहीं पुलिस मामले की जांच मे जुटी हुई है।

### बाजपुर में अलविदा जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा, ईद की नमाज सुबह 9:30 बजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** रमजान माह के आखिरी जुमे 'अलविदा' की नमाज शुक्रवार को नगर व आसपास के क्षेत्रों में पूरी अकीदत और श्रद्धा के साथ अदा की गई। इस दौरान मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ देखने को मिली।

नगर की जामा मस्जिद में पेश इमाम मुफ्ती निजामुद्दीन साहब ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा मौहल्ला मुंडियापिस्तौर स्थित गौसिया मस्जिद में कारी अमीर अहमद रिजवी, केशवनगर की मदीना मस्जिद में हाफिज राहत अली, मुंडियापिस्तौर नई बस्ती की रजा मस्जिद में मुफ्ती सलीम रजा, हबीब नगर की नूरी मस्जिद में हाफिज नूर मोहम्मद तहसीनी तथा मौहल्ला मजरबख्श की चांद मस्जिद में मौलाना मुरशद रजा ने नमाज-ए-अलविदा अदा कराई। नमाज के दौरान खास तौर पर देश में अमन-चौन और तरक्की के लिए दुआएं मांगी गईं। नगर के साथ ही विकासखंड बाजपुर के मुस्लिम बाहुल्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। वहीं, ईद-उल-फितर की नमाज ईदगाह मुंडियापिस्तौर में सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर अदा की जाएगी। गौसिया मस्जिद के पेश इमाम कारी अमीर अहमद रिजवी ने सभी अकीदतम. ंदों से समय पर ईदगाह पहुंचने की अपील की है।

### ग्राम खम्बारी में 22 मार्च को राजा जगतदेव महाराज की प्रतिमा का अनावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम खम्बारी में 22 मार्च को प्रात: साढ़े दस बजे श्रद्धेय राजा जगतदेव महाराज जी की दिव्य प्रतिमा के अनावरण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस पावन एवं ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्र के लोगों से सपरिवार उपस्थित होने की अपील की गई है। कार्यक्रम के आयोजकों के अनुसार यह आयोजन केवल प्रतिमा अनावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक है। राजा जगतदेव महाराज का जीवन त्याग, पराक्रम और जनकल्याण की भावना से प्रेरित रहा, जो आज भी समाज को सशक्त और संगठित होने की सीख देता है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और सामा. जिक समरसता व भाईचारे के संदेश को मजबूत करें।

### बाजपुर की बेटी विजया परमार बनीं टॉपर, क्षेत्र का नाम किया रोशन


**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** क्षेत्र की होनहार बेटी विजया परमार ने झारखंड लोक सेवा आयोग की खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी परीक्षा में टॉप कर इतिहास रच दिया है। उनकी इस शानदार सफलता से पूरे बाजपुर में खुशी की लहर है। विजया परमार प्रतिष्ठित शिक्षक अनिल सिंह परमार और सुनीता सिंह परमार की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि को उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। परिजनों, शिक्षकों और क्षेत्रवासियों ने विजया को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी सफलता से बाजपुर का नाम रोशन हुआ है और यह युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी हैं।

### ईद पर्व को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च, शांति बनाए रखने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** ईद के पर्व को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाल नरेश चौहान के नेतृत्व में शुक्रवार को पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च नगर के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया, जिसमें पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस ने आमजन से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। कोतवाल ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाएं। पुलिस प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के लिए डॉ.शिप्रा पंत के शोध प्रस्ताव का हुआ चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संगीत विभाग में कार्यरत डॉ. शिप्रा पंत के शोध प्रस्ताव को मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के लिए चयनित किया गया है। उनके द्वारा उत्तराखंड के प्राचीन ग्रंथों में प्राप्त शास्त्रीय संगीत के तत्वों पर शोध परियोजना को पूर्ण किया जाएगा। डॉ.पंत के शोध प्रस्ताव के मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के चयनित होने पर महाविद्यालय में खुशी की लहर है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.एम.सी. पाण्डे ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए डॉ.शिप्रा पंत को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर प्रो.एस.एस.मौर्य, स्टाफ क्लब के संयोजक डॉ.नरेश कुमार, डॉ.लवकुश चौधरी, डॉ.योगेश चन्द्र, डॉ.पी.सी.पालीवाल,डॉ. डी.एन.जोशी,डॉ.इंदु आर्या, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गोविंद सिंह जंगपांगी,गोविंद सिंह मेवाड़ी, महाविद्यालय परिवार द्वारा उनके चयन पर हर्ष व्यक्त किया है।

# देवीधुरा में आस्था और विकास का संगम

## कड़ाके की ठंड और बारिश के बीच मां वाराही धाम के भव्य नवनिर्माण का शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** प्रसिद्ध बाराही धाम देवीधुरा में शुक्रवार को कड़ाके की ठंड, घने कोहरे और बारिश के बीच माँ बज्र वाराही के भव्य एवं दिव्य मंदिर के नवनिर्माण कार्य का भूमि पूजन और शिलान्यास पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। यह ऐतिहासिक अवसर आस्था, परंपरा और विकास के संगम का साक्षी बना। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य कीर्ति शास्त्री द्वारा गणेश पूजन एवं विभिन्न देवी-देवताओं के आह्वान के साथ हुई।

कई दिनों से सूखी पड़ी धरती पर इस पावन अवसर पर हुई वर्षा को श्रद्धालुओं ने शुभ संकेत माना। प्रतिकूल मौसम के चलते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का देवीधुरा पहुंचना संभव नहीं हो सका। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर क्षेत्रवासियों को इस ऐतिहासिक अवसर की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि माँ वाराही धाम सदियों से अटूट श्रद्धा, शक्ति और लोकआस्था का केंद्र रहा है तथा यह केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामा. जिक चेतना का भी प्रमुख केंद्र है। मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध बग्वाल मेले को वीरता, परंपरा और सामूहिक आस्था का अद्भुत प्रतीक बताते हुए इसे राज्य सरकार की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का उदाहरण बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले मंदिर के भव्य नवनिर्माण से यह धाम राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख आध्यात्मिक एवं पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित होगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी ने मौके पर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया और प्रदेश व देशवासियों की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। शिलान्यास कार्यक्रम में क्षेत्र के चार खाम सात थोको के, चमियालखाम, गंगासिंह गहढवालखाम, बिष्टखाम और लमगड़िया खाम- वालिक खाम के बद्री सिंह बिष्ट ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शिला पूजन किया। महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में भव्य कलश यात्रा निक. ाली गई, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति और उत्साह से सराबोर हो उठा।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में "विकास भी और विरासत भी" को राज्य सरकार का मूल मंत्र बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड के चारधाम, शक्तिपीठों और सिद्धपीठों के संरक्षण एवं पुनरुत्थान का कार्य तेजी से हो रहा है। उन्होंने चम्पावत जनपद के समग्र विकास का उल्लेख करते हुए बताया कि शारदा कॉरिडोर के अंतर्गत 179 करोड़ रुपये की लागत से शारदा घाट का पुनर्विकास कार्य प्रारंभ हो चुका है, जबकि लगभग 430 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित गोल्ज्यू कॉरिडोर पर भी कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा लोहाघाट के छमनिया में अत्याधुनिक एथलेटिक सिंथेटिक ट्रैक, 257 करोड़ रुपये की लागत से महिला स्पोर्ट्स कॉलेज तथा राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में भवन एवं छात्रावास निर्माण कार्य भी जारी है। सड़क एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के तहत रीठा साहिब क्षेत्र में 24 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का नवीनीकरण, शहीद शिरोमणि चिलकोटी मोटर मार्ग का निर्माण, लोहाघाट में फायर स्टेशन और देवीधुरा में नई पुलिस चौकी की स्थापना जैसे कार्यों का भी उल्लेख किया गया। मां बाराही मंदिर के इस भव्य नवनिर्माण कार्य को चार खाम सात थोक एवं मंदिर ट्रस्ट द्वारा 2 से 3 वर्षों में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद अधिकारी, दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश चन्द्र पाण्डेय, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, प्रकाश तिवारी, ज्योति सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डा. जी.एस. खाती, सीएमओ डॉ देवेश चौहान, सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित लमगड़िया द्वारा किया गया। श्री बाराही शक्तिपीठ ट्रस्ट के अध्यक्ष हीरा बल्लभ जोशी, ट्रस्ट संरक्षक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, ट्रस्टी नरेश सिंह लडवाल, दिनेश जोशी, हयात बिष्ट, चंदन बिष्ट, इश्वर बिष्ट, आदि तमाम लोगों ने इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अकीदत के साथ अदा हुई अलविदा जुमे की नमाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मुकद्दस रमजान के अलविदा जूमे पर रोजे के आखिरी दिन मुस्लिम समाज के लोगों को नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में उलमाओं के द्वारा नमाज अदा कराई गई।

नगर की जामा मस्जिद में शहर इमाम मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी, बड़ी मस्जिद में मुफ्ती शकील अहमद,मोती मस्जिद,मक्का मस्जिद,आला हजरत मस्जिद सहित अन्य नगर और ग्रामीणों की मस्जिदों में भी अलविदा नमाज अदा कराई गई।नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने अल्लाह पाक की बारगाह में हाथ उठाकर देश में अमन चौन, भाईचारे और कौम के लिए दुआएं मांगी गई। उलमाओं ने कहा कि मुकद्दस रमजान का महीना बहुत ही रहमत और बरकतों वाला महीना होता है। इस महीने में मुस्लिम समाज के लोगों को ज्यादा से ज्यादा इबादत करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुकद्दस रमजान सब्र, इंसानियत, भाईचारे और जरूरतमंदों की मदद करने का पैगाम देता है। उन्होंने कहा कि लोगो को चाहिए कि समाज में भाईचारे और मोहब्बत को कायम कर एक दूसरे की मदद करें। शनिवार को ईद उल फितर होंगी। ईद उल फितर की नमाज शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे मोहल्ला खताड़ी स्थित ईदगाह में शहर इमाम मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी और बड़ी मस्जिद में मुफ्ती शकील अहमद के द्वारा आठ बजे अता कराई जाएगी।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की नैनीताल जिला कार्यकारिणी घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट की सहमति, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गोड़ के निर्देश पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैयद अली नकवी ने अपनी जिला कार्यकारणी का विस्तार किया है।

जिला अध्यक्ष सैयद अली नकवी ने जिला उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद जिकरान, गजाला,सतवंत सिंह और सलमान जाफरी को बनाया गया है।जिला महामंत्री पद पर दानिश सिद्दीकी और अशफाक हुसैन को बनाया गया है।जिला मंत्री पद पर मोहम्मद इमरान,परमजीत सिंह,अली खान और रिहान खान को बनाया गया है। जियाउद्दीन को कोषाध्यक्ष, नमन जैन को जिला कार्यालय मंत्री, शाकिर हुसैन को जिला मीडिया संयोजक,असलम अंसारी को जिला मीडिया सह संयोजक,सरफराज हुसैन को जिला सोशल मीडिया संयोजक,लाल मोहम्मद को जिला सोशल मीडिया सह संयोजक और फईम रिजवी को जिला आईटी संयोजक बनाया गया है। वहीं सैयद महमूद अली,बलवीर सिंह,अमित मसीह,जाकिर अली,मोहम्मद अली, मोहम्मद हाजी तकी, मोहम्मद सुएब,मोहम्मद रिजवान,मोहम्मद शादाब, मोहम्मद रिजवान,मोहम्मद इशरत अली, मोहम्मद साबिर अली, तस्लीम अहमद, वकील अहमद,अबरार सलमानी,आरिफ खान, फाईम खान, हसीन,मोहम्मद कमर,मोहम्मद फैसल और मोहम्मद आसिफ को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।जिला कार्यकारिणी घोषित होने पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा नेता इंदर सिंह रावत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी,पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती, भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत,व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन काण्डपाल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत,भाजपा प्रदेश मंत्री अजीज खान, भाजपा नेता संजय बिष्ट,भाजपा नेत्री आशा बिष्ट,पूर्व सभासद मोहम्मद,अनवर मलिक आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## एक नजर

### मदिरा दुकानों के आवंटन को प्रक्रिया शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कैंप कार्यालय में जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई की अध्यक्षता में जनपद पिथौरागढ़ में आबकारी विभाग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 एवं 2027-28 हेतु अव्यवस्थापित/नवसृजित मदिरा दुकानों के व्यवस्थापन के संबंध में समीक्षा की गई।

इस क्रम में एफएल-5डी (विदेशी मदिरा एवं बीयर) की 11 तथा सीएल-5सी (देशी शराब एवं बीयर) की 11, कुल 22 फुटकर दुकानों को लॉटरी के माध्यम से आवंटित किया जाना प्रस्तावित है। निर्धारित समय सारिणी के तहत प्रथम चरण की लॉटरी हेतु 19 मार्च 2026 की सायं 05:00 बजे तक प्राप्त आवेदनों का संकलन किया गया। इस दौरान तीन मदिरा दुकानों को पूर्ण निर्धारित राजस्व पर उठान हेतु प्रत्येक के लिए 01-01 आवेदन प्राप्त हुआ है।

उक्त तीनों दुकानों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु कुल निर्धारित राजस्व 4,37,20,953 तथा वित्तीय वर्ष 2027-28 हेतु 4,58,34,791 निर्धारित किया गया है। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लॉटरी प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाए तथा शेष दुकानों के लिए आगामी चरणों में अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, आबकारी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मंदिर शिलान्यास के बीच राम सिंह कैड़ा के मंत्री बनने पर जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** बाराही धाम देवीधुरा में आज का दिन आस्था और उल्लास का अनूठा संगम बन गया। एक ओर जहां मां बाराही के भव्य मंदिर का शिलान्यास कार्यक्रम पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ, वहीं दूसरी ओर भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की खबर से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

धाम में मौजूद श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों ने इस अवसर को दोहरी खुशी के रूप में मनाया। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि राम सिंह कैड़ा का बाराही धाम से वर्षों पुराना जुड़ाव रहा है और वे लगातार यहां की परंपराओं में सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं। मंदिर समिति से जुड़े पदाधिकारियों अध्यक्ष हीरा बल्लभ जोशी, ट्रस्टी लक्ष्मण सिंह लांगुरिया, नरेंद्र लडवाल, दिनेश जोशी सहित अन्य सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। आचार्य कीर्ति वल्लभ शास्त्री एवं अन्य गणमान्य लोगों ने भी इसे क्षेत्र के लिए सकारात्मक संकेत बताया। भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश चंद्र पांडे, दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत समेत कई जनप्रतिनिधियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि राम सिंह कैड़ा को मंत्री बनाए जाने से न केवल क्षेत्र का मान बढ़ा है, बल्कि विकास कार्यों को भी नई गति मिलेगी। इस मौके पर वक्ताओं ने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारी के साथ राम सिंह कैड़ा उत्तराखंड के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे और जनभावनाओं पर खरा उतरेंगे।

# तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का हुआ समापन

■ विभिन्न जनपदों के शिक्षकों ने शैक्षिक उत्कृष्टता के नवाचारी को किया साझा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** डायट लोहाघाट में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय सामाजिक विज्ञान कार्यशाला का समापन जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं समाजसेवी सचिन जोशी, प्राचार्य दिनेश सिंह खेतवाल ने किया। राज्यभार के शिक्षकों ने अपने जनपदों में किए गए नवाचारों को आपस में साझा किया। लोहाघाट में सम्पन्न तीन दिवसीय यह आयोजन केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम मात्र नहीं था, बल्कि शिक्षा में आवश्यक परिवर्तन की ओर बढ़ाया गया एक सशक्त कदम साबित हुआ।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने राज्य के समस्त जनपदों से आए शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। जिला समन्वयक डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने एनसीईआरटी की नई पाठ्यपुस्तकों की उपयोगिता पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जनपद सह समन्वयक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने किया, जिन्होंने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते के साथ ही शिक्षकों को नवाचारी पद्धतियों की ओर प्रेरित किया।

कार्यशाला के दौरान राज्यभर से आए विषय विशेषज्ञों तथा संदर्भदाताओं ने शिक्षकों की सोच को विस्तार देने हेतु कई महत्वपूर्ण बिंदु साझा किए। संदर्भदाता के रूप में डिग्री कॉलेज लोहाघाट से डॉ. सुनील कुमार ने भारतीय ज्ञान परंपरा, डायट बागेश्वर से डॉ. रवि कुमार जोशी ने क्रॉस कटिंग थीम्स, डॉ. कमल गहतोड़ी ने सामा. जिक विज्ञान विषय में हो रहे नए नवाचारों, जिला सह समन्वयक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने सामा. जिक विज्ञान विषय में प्रोजेक्ट कार्य, डायट पौढ़ी से डॉ प्रमोद कुमार नौडियाल ने स्थानीय परिवेश विषय, प्राचार्य दिनेश सिंह खेतवाल ने स्वाट एनालिसिस, समन्वयक डॉ अनिल कुमार मिश्र ने नई पाठयपुस्तकों के अभिमुखीरण संबंधी जानकारी तथा डॉ पारुल शर्मा ने नई शिक्षा नीति एवं सामाजिक विज्ञान विषय की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ अवनीश शर्मा, कृष्ण सिंह ऐरी, डॉ पारुल शर्मा, दीपक सोराडी, राम बालक मिश्रा आदि ने सहयोग किया। समस्त प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि सचिन जोशी तथा डायट प्राचार्य दिनेश सिंह खेतवाल द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# लोहाघाट के दीपक चन्द्र मुरारी ने गेट 2026 में अखिल भारतीय स्थान 20 प्राप्त कर रचा इतिहास

■ किमोटा गांव से उठी प्रतिभा की गूंज देशभर में 14 से अधिक बार अभियंत्रण प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर दिखाई अदम्य मेहनत और जुनून



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** सीमांत क्षेत्र लोहाघाट के समीप कर्णकरायत के किमोटा गांव के होनहार छात्र दीपक चन्द्र मुरारी ने वर्ष 2026 की अभियंत्रण स्नातकोत्तर अभिक्षमता परीक्षा में उत्पादन एवं औद्योगिक अभियांत्रिकी विषय में अखिल भारतीय स्तर पर 20वां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

साधारण परिवेश से निकलकर असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले दीपक ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कर्णकरायत और लोहाघाट क्षेत्र में प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने उच्च शिक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखते हुए National Institute of Technology Warangal से प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की, जिससे उनकी तकनीकी नींव और अधिक सुदृढ़ हुई।

दीपक की सबसे बड़ी विशेषता उनकी निरंतरता और बहुआयामी प्रतिभा है। उन्होंने अब तक 14 से अधिक बार इस राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा को विभिन्न अभियांत्रिकी विषयों में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है, जो उनके अनुशासन, समर्पण और कठोर परिश्रम का सशक्त उदाहरण है।

शिक्षण क्षेत्र में भी उन्होंने अपनी पहचान बनाई है और हैदराबाद के एक प्रतिष्ठित संस्थान में वरिष्ठ शिक्षण सहयोगी (अभियंत्रण परीक्षा प्रशिक्षक) के रूप में कार्य कर चुके हैं, जहां उन्होंने अनेक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

दीपक की इस शानदार उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है। उनके पिता सुरेश चंद्र मुरारी (पूर्व सैनिक) और माता सावित्री मुरारी (गृहिणी) ने हर कदम पर उनका उत्साहवर्धन किया और मजबूत संबल प्रदान किया।

दीपक चंद्र मुरारी की यह सफलता न केवल युवाओं के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह भी सिद्ध करती है कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और परिश्रम सच्चा हो, तो हर ऊंचाई को प्राप्त किया जा सकता ।

# नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक का जनपद का दौरा

## बैंकिंग, कृषि, सहकारिता एवं विकासात्मक गतिविधियों की व्यापक समीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** नाबार्ड उत्तराखंड क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्र. बंधक ने 17 से 20 मार्च 2026 तक पिथौरागढ़ जिले का चार दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र, एफपीओ, चाै, कृषि एवं पशुपालन परियोजनाओं तथा विभिन्न विकासात्मक हस्तक्षेपों का गहन स्थलीय निरीक्षण एवं समीक्षा की।

दौरे की शुरुआत उत्तराखंड ग्रामीण बैंक (UGB) क्षेत्रीय कार्यालय में समीक्षा बैठक से हुई, जहां क्षेत्रीय प्रबंधक ने पिथौरागढ़ एवं चंपावत जिलों के पिछले तीन वर्षों के प्रदर्शन की प्रस्तुति दी। मुख्य महाप्रबंधक ने बैंक के प्रयासों की सराहना करते हुए कृषि क्षेत्र में क्रेडिट प्रवाह बढ़ाने, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत पूर्ण संतृप्ति सुनिश्चित करने तथा SRLM के अंतर्गत SHG क्षमता निर्माण को सुदृढ़ करने पर बल दिया। जिला सहकारी बैंक (DCCB) पिथौरागढ़ के मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक में मुख्य महाप्रबंधक ने PACS कंप्यूटरीकरण की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा शेष PACS को शीघ्र PACS-only स्थिति में लाने एवं dynamic day-end सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 10% एवं 20% KCC घटकों के तहत ऋण वितरण बढ़ाने, DDUKKSY में 100% उपलब्धि और KCC पोर्टल के व्यापक उपयोग पर भी विशेष जोर दिया। मुख्य महाप्रबंधक ने मुनाकोट स्थित GI टैगयुक्त च्यूरांश ऑर्गेनिक इकाई, बीन की RIDF वित्तपोषित डीप लिटर पोल्ट्री हैचरी, FIDF एवं PMMSY के अंतर्गत निर्मित ट्राउट slos SRLM समर्थित ग्राम दुकान तथा छिपला केदार और बसुकीनाथ एफपीओ का स्थलीय निरीक्षण किया। इन सभी स्थलों पर उत्पादन प्रक्रिया, विपणन संभावनाओं, मूल्य श्रृंखला विकास, डिजिटल प्लेटफॉर्म उपयोग, आजीविका संवर्धन तथा दीर्घकालिक स्थिरता पर विस्तृत चर्चा हुई। जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक में राज्य सरकार की योजनाओं एवं संभावित अभिसरण अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया। दौरे ने जिले में वित्तीय समावेशन, ग्रामीण विकास एवं उद्यमिता संवर्धन को बढ़ावा देने के प्रति नाबार्ड की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया।

### मुख्यमंत्री धामी पहुंचे खटीमा जनता की जनसमस्याएं सुनीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अपने खटीमा भ्रमण के दौरान हेलीपैड लोहियाहेड में जनप्रतिनिधियों व जनता से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनीं तथा समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा जनसमस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकता है इसलिए अधिकारी जन समस्याओं का त्वरित समाधान करें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, मेयर काशीपुर दीपक बाली, उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, भवानी भण्डारी, रंदीप पोखरिया, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, एएसपी डॉ उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, तहसीलदार वीरेन्द्र सजवान,अधिशासी अभियंता लोनिवि एनके अग्रवाल सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि,जनता उपस्थित थे।

### बारिश से फीकी पड़ी पूर्णागिरि मेले की रौनक फिर भी श्रद्धालुओं की आस्था बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चम्पावत।** प्रसिद्ध पूर्णागिरि धाम में चल रहे वार्षिक मेले में आज सुबह से हो रही तेज बारिश ने रौनक को कुछ समय के लिए फीका कर दिया। लगातार वर्षा के चलते सुबह के समय बहुत कम श्रद्धालु ही माँ पूर्णागिरी मंदिर के दर्शन के लिए पहुंच सके। हालांकि, बारिश थमने के बाद दोपहर में एक बार फिर तीर्थ यात्रियों की आवाजाही बढ़ने लगी और मेले में धीरे-धीरे रौनक लौटती नजर आई। टनकपुर स्थित ठहराव स्थलों और अस्थायी टेंट/रैन बसेरों में श्रद्धालु मौसम खुलने का इंतजार करते रहे।



इस दौरान विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों द्वारा भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को भोजन उपलब्ध कराया गया, जिससे उन्हें काफी राहत मिली।

मेला मजिस्ट्रेट डॉ. ललित मोहन तिवारी लगातार व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर व्यापारियों को अनिवार्य रूप से रेट लिस्ट प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं से किसी प्रकार की अधिक वसूली न हो। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस की वर्दी के साथ-साथ सादे कपड़ों में भी जवान तैनात किए गए हैं, जो हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन के अनुसार अब तक मेले में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई है। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था अडिग बनी हुई है और मौसम अनुकूल होते ही मेले में एक बार फिर भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

# 12 लाख के बकाएदार को बंदीगृह में डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** तहसील प्रशासन ने बकाया धन की वसूली के लिए सख्ती कर दी है। वसूली की समीक्षा के दौरान तहसीलदार हिमांशु जोशी के निर्देश पर बकायेदारों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बैंक एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को इंडियन बैंक के बकायेदार गांव खुनसरा निवासी कुंवरसेन पुत्र जागा लाल को हिरासत लिया है। संबंधित बकायेदार पर करीब 12 लाख 41 हजार 139 रुपये की राशि बकाया है। तहसीलदार के अनुसार, बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद भी उसने बकाया जमा नहीं किया गया। जिसके बाद सख्त कदम उठाते हुए गिरफ्तारी की कार्रवाई की गई।

# युवा संसद प्रतियोगिता, लोकतंत्र पर युवाओं ने रखे विचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के तत्वावधान में विकसित भारत युवा संसद प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोविन्द बल्लभ पंत विवि के पूर्व प्रोफेसर बीएम कुमार, विशिष्ट अतिथि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के रिसोर्स पर्सन सुनील पंत और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अवधेश नारायण सिंह ने किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राजेश कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय प्रवर्तन किया। जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार ने प्रतिभागियों को प्रतियोगिता की प्रक्रिया से अवगत कराया। प्रतियोगिता में 'आपातकाल के पचास वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक' विषय पर युवाओं ने अपने विचार रखे।



प्रत्येक प्रतिभागी को तीन मिनट का समय दिया गया।निर्णायक मंडल में प्रो. बीएम कुमार, प्रो. अवधेश नारायण सिंह, सुनील पंत, प्रो. आदित्य प्रकाश सिंह और डॉ. राजेश कुमार सिंह शामिल रहे। प्रतियोगिता में गणेश भट्ट, अंशु पाण्डेय, सुदर्शन सोरारी, नितिन सिंह और कैलाश चौधरी को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. रवीन्द्र कुमार सैनी, प्रो. विकास दुबे, प्रो. हेमलता सैनी, मुस्कान चावला, तनीशा चावला सहित महाविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अवैध बंदूक और दो जिंदा कारतूस के साथ एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** सीओ बाजपुर विभव सैनी के निर्देशन एवं कोतवाली प्रभारी संजय पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए ग्राम कठपुतलियां, गूलरभोज निवासी 50 वर्षीय गुरमीत सिंह को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध देसी बंदूक (.315 बोर) और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

इस अभियान में कोतवाल संजय पाठक के साथ उप निरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट, हेड कांस्टेबल दयालगिरी, कांस्टेबल रघुवीर और कांस्टेबल संजय कुमार की अहम भूमिका रही।

# राम सिंह कैड़ाः छात्र राजनीति से मंत्री का सफर

## धामी कैबिनेट के विस्तार में कुमाऊं मंडल से भीमताल के विधायक कैड़ा एकमात्र मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** लंबे राजनीतिक इंतजार और निरंतर संघर्ष के बाद नैनीताल जिले के भीमताल से दूसरी बार विधायक बने राम सिंह कैड़ा को धामी सरकार के मंत्रिमंडल में स्थान मिला है। गौरतलब है कि वह शुक्रवार को हुए पांच सदस्यीय मंत्रिमंडल विस्तार में कुमाऊं मंडल से एकमात्र मंत्री बने हैं। इससे नैनीताल जनपद के दुर्गम एवं लंबे समय से उपेक्षित ओखलकांडा क्षेत्र से आने वाले कैड़ा की भीमताल विधानसभा में विकास की नई उम्मीद जगी है और स्थानीय लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। उल्लेखनीय बात यह भी है कि 4 वर्ष पूर्व उनके भाजपा में आने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं में काफी असंतोष देखा गया था फिर भी उनका 4 वर्ष के भीतर भाजपा नेतृत्व की सहमति से मंत्री बनना भी चर्चा में है।



काबिलेगौर है कि 15 मार्च 1974 को नैनीताल जनपद के ओखलकांडा विकासखंड के कैड़ा गांव में जन्मे राम सिंह कैड़ा ने प्रारंभिक शिक्षा गांव में प्राप्त करने के बाद एमबीपीजी महाविद्यालय हल्द्वानी से उच्च शिक्षा ग्रहण की और छात्र राजनीति में सक्रिय भूमिका निभायी। वर्ष 1999 में छात्र संघ अध्यक्ष बनने से पूर्व भी वह छात्र संघ के विभिन्न पदों पर निर्वाचित रहे। उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान उन्होंने अग्रिम पंक्ति में रहकर सक्रिय भागीदारी की।

### एक नजर सियासी सफर पर

**नैनीताल।** 1994 में एमबीपीजी कॉलेज के छात्र संघ में उप सचिव और 197 में सचिव रहे जबकि 1999 में छात्रसंघ अध्यक्ष बने वही 2001 में कुमाऊं विश्वविद्यालय छात्र महासंघ के अध्यक्ष बने जबकि 2001 में उत्तराखंड संयुक्त छात्र संघर्ष समिति के अध्यक्ष बने। इसके साथ ही 2008 में जिला पंचायत सदस्य नैनीताल वहीं 2008 व 2012 में क्षेत्र पंचायत सदस्य रहे। 2017 से 2022 के बीच भीमताल से निर्दलीय और 2022 भाजपा से विधायक निर्वाचित हुए और अब 2026 में धामी सरकार में मंत्री बने हैं।

आंदोलनों का नेतृत्व किया और जेल यात्राएं भी कीं जिससे उनकी राजनीतिक पहचान मजबूत हुई। प्रारंभ में कांग्रेस से जुड़े रहे कैड़ा भीमताल से टिकट न मिलने पर वर्ष 2017 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े जहां उन्होंने 95,669 मतों में से 18,878 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। निर्दलीय रहते हुए भी उनका झुकाव भारतीय जनता पार्टी की तत्कालीन सरकार की ओर रहा और वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पूर्व उन्होंने औपचारिक रूप से भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी ने उन पर विश्वास जताते हुए टिकट दिया जिसे उन्होंने पुनः जीत में परिवर्तित किया। अब मंत्री पद मिलने से भीमताल सहित पर्वतीय क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं तथा संपर्क मार्गों और समग्र विकास को लेकर नई अपेक्षाएं बढ़ी हैं। छात्र राजनीति से शुरू हुआ उनका सफर जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य और विधायक होते हुए अब मंत्री पद तक पहुंचा है, जिसे जमीनी संघर्ष और संगठनात्मक सक्रियता का परिणाम माना जा रहा है। उनकी पत्नी कमलेश कैड़ा भी ब्लॉक प्रमुख रही हैं।

### मंत्री बनने पर पहाड़पानी में बंटी मिठाई

**धारी।** जिले के धारी ब्लॉक के पहाड़पानी क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा के केबिनेट मंत्री बनने पर लोगों ने खुशी जाहिर की जिसमें पहाड़पानी बाजार तथा धानारौली आदि जगह जगह जाकर मिठाई बाटी एवं आतिशबाजी भी की। इस दौरान मंडल महामंत्री कृष्ण चन्द्र मेलकानी, ललित मोहन शर्मा, ग्राम प्रधान दिनेश चन्द्र मेलकानी, नवीन चन्द्र व पवन महतोलिया, दयाकिशन, हेम मेलकानी आदि मौजूद रहे। उधर नाई में मंडल अध्यक्ष नरेश नयाल, उत्तम नयाल तथा हीरा नयाल आदि मौजूद रहे।

## आप नेता जितेंद्र फुलारा का त्यागपत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** आम आदमी पार्टी के पूर्व कुमाऊं प्रमुख जितेंद्र फुलारा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। लगभग 15 वर्ष का कारपोरेट अनुभव रखने वाले मूल



रूप से जनपद अल्मोड़ा के ग्राम थापला चौखुटिया के निवासी फुलारा अंतराष्ट्रीय विमानन सेवा से भी जुड़े रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि उन्होंने अन्ना आंदोलन से प्रेरित होकर पार्टी से जुड़ने के बाद पारदर्शिता और जनसेवा के मूल्यों के लिए अपनी नौकरी तक छोड़ी थी। श्री फुलारा ने शुक्रवार को नैनीताल में बताया कि उन्होंने दिल्ली, उत्तराखंड तथा छत्तीसगढ़ व पंजाब और गुजरात सहित कई राज्यों में संगठन को मजबूत करने तथा जनहित के मुद्दों को उठाने में सक्रिय भूमिका निभायी। दिल्ली के बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में कार्य करते हुए चार चुनावों में विधायक संजीव झा की जीत में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा दिल्ली में उत्तराखंड प्रकोष्ठ की स्थापना कर प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व भी निभाया। वर्ष 2017 में देहरादून में आंदोलन के दौरान जेल यात्रा भी की और वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र के प्रभारी तथा वर्ष 2023 में छत्तीसगढ़ में जोन प्रभारी के रूप में भी कार्य किया। पत्र में उन्होंने स्पष्ट किया है कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से त्यागपत्र दिया है। अब वह बिना किसी राजनीतिक दल से जुड़े समाज सेवा तथा जनहित के मुद्दों को उठाने तथा उत्तराखंड की संस्कृति और मूल्यों को आगे बढ़ाने का कार्य जारी रखेंगे। उन्होंने समर्थकों व सहयोगियों से इस निर्णय का सम्मान करने और समाजहित में सहयोग जारी रखने की अपील भी की है।

## एक नजर

### उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाएं समाप्त

**अल्मोड़ा।** जिले में उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाएं समाप्त हो गई है। जिले भर में बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। शुक्रवार को परीक्षा के अंतिम दिन 1991 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 23 छात्र-छात्राएं परीक्षा से अनुपस्थित रहे। परीक्षा नियंत्रण कक्ष प्रभारी जनार्जन तिवारी ने बताया कि शुक्रवार को हाईस्कल हिन्दुस्तानी संगीत (गायन) में सभी पंजीकृत 79, आईटीईएस में 513 में से 510, ब्यूटी एंड वेलनेस में 95 में से 93, कृषि में सभी 53, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी में 174 में से 173 व इंटरमीडिएट संस्कृत में 1100 में से 1083 ने परीक्षा दी। बताया कि इन परीक्षाओं में कुल पंजीकृत 2014 छात्र-छात्राओं में से 1991 शामिल रहे। वहीं, 23 छात्र-छात्राएं परीक्षा देने नहीं पहुंचे। उन्होंने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यम चंदन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में सचल टीम ने कृषि इंटर कॉलेज विजयपुर पाटिया व जीआईसी कमलेश्वर का निरीक्षण किया। बताया कि मूल्यांकन कार्य 27 मार्च से शुरू होगा। इसके लिए जीजीआईसी अल्मोड़ा, मिशन इंटर कॉलेज रानीखेत व जीआईसी चौखुटिया में मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है।

### दिनेश गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल।** राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान 613वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 613वें दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास परिसर में भारी बरसात के बावजूद अपने स्वर्गीय पिताजी तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

### कार्तिकेय का इंसपायर अवार्ड के लिए चयन

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के ज्यूलीकोट स्थित संत



अंथोनी इण्टर कॉलेज के कक्षा 10वीं के छात्र कार्तिकेय का चयन भारत सरकार की योजना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में इंसपायर अवार्ड के लिए चयन हुआ है। इस कामयाबी में कार्तिकेय को भारत सरकार की ओर से 10 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है, उसने ये अहम कामयाबी अपने विज्ञान प्रोजेक्ट में प्राप्त की। बता दें कार्तिकेय के पिता जीवन चन्द्र प्रगतिशील किसान जबकि माता संगीता एक कुशल ग्रहणी के साथ-साथ दोनों पूर्व प्रधान ग्राम चोपड़ा रहे हैं। विद्यालय की प्रबन्धक सिस्टर मार्सीलीना समेत प्रधानाचार्या सिस्टर शोभा के अलावा सिस्टर सीमा तथा शिक्षक- शिक्षिकाओं व क्षेत्रवासियों ने बधाई देते हुए कार्तिकेय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### 31 लोगों ने लिया मौन पालन का प्रशिक्षण

**नैनीताल।** जिले के राजकीय मौनपालन केन्द्र ज्योलीकोट द्वारा राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन योजनान्तर्गत सात दिवसीय मौनपालन प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन किया गया। प्रशिक्षण में कुमाऊं मंडल के विभिन्न इलाकों से पहुंचे 31 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मड हाइव तथा मौनगृह छोटे उपकरण बनाने, मौनचरों की बनावट, व्यवहारिक प्रशिक्षण एवं प्रक्षेत्र भ्रमण तथा संग्रहालय भ्रमण व प्रगतिशील मौनपालकों तथा विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान और प्रशिक्षणार्थियों को मौनपालन किट वितरित किये गये। प्रदेशीय मौन विशेषज्ञ गरिमा तिवारी तथा प्रेमा राणा वरिष्ठ कीट विद् ने मौन पालन से आर्थिक समृद्धि का आह्वान किया। इस मौके पर डा. रश्मि पाण्डे, यशोदा रावत, हरीश चन्द्र दुबडिया, दर्शनी पन्त, प्रेमा पाण्डे, हिमांशु जीना, करन बहादुर, विनोद कुमार तथा सांसद प्रतिनिधि पुष्कर जोशी आदि उपस्थित रहे।

### स्कूली बच्चों ने सीखे ऐपण बनाने के गुर

**नैनीताल।** नगर के अयारपाटा स्थित श्री अरविंदो आश्रम में स्कूल ऑफ डिजाइन ऑरो यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं के लिए देवभूमि उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति एवं पारंपरिक कला ऐपण पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को ऐपण की परंपरा, महत्व और उसकी विशिष्ट शैली से अवगत कराया गया साथ ही उन्हें इसका व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत ऐपण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें दीपा चौधरी एवं रेनू आर्या द्वारा अत्यंत कुशलता के साथ ऐपण की बारीकियां सिखाई गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए इस पारंपरिक कला को सीखने में गहरी रुचि दिखाई। कार्यशाला के सफ ल आयोजन में अमित सुठा, आयुष मेहरा तथा पालिका के अयारपाटा वार्ड के युवा सभासद मनोज साह जगाती का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### नैनीताल में बारिश ने बढ़ायी लोगों की दुश्वारियां

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में शुक्रवार को दिनभर जबरदस्त पानी बरसा। लगातार वर्षा से जनजीवन पर बुरा असर पड़ा। मौसम विभाग ने दो दिन बाद एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने का पूर्वानुमान जारी किया है। बता दें नगर में गुरुवार आधी रात से बारिश शुरू हो गई थी जो शुक्रवार देर शाम तक जारी रही। लगातार बारिश के बीच सुबह और शाम को बार मूसलधार बारिश ने लोगों की राह रोक ली। इस बीच नगर भ्रमण पर पहुंचे सैलानियों को भी भीगने के लिए मजबूर हुए। नाले उफान पर आ गए तो कचरे के ढेर नैनी झील में समा गए। बारिश की वजह से नैनी झील में नौकायन प्रभावित रहा। सुबह दफ्तर जाते कर्मचारी बारिश में भीगे तो स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा। देर शाम वर्षा ने थोड़ा विराम दिया तो घने कोहरे ने नगर को आगोश में ले लिया। अलबत्ता बारिश की संभावना बनी हुई थी।

# खान अधिकारी को अहम जिम्मेदारी

## बागेश्वर में खड़िया खनन मामले पर हाई कोर्ट में हुई सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने बागेश्वर जिले में खड़िया के अनियंत्रित खनन से जुड़ी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए वैध खनन ऑपरेटरों को खनन की अनुमति दिए जाने से पूर्व उनके दावों के सत्यापन के लिये जिला खान अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी है जबकि पर्यावरणीय कानूनों की जांच के लिये पर्यावरण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव क्षेत्रीय स्तर के अधिकारी को नामित करेंगे। बता दें न्यायालय ने उन खनन पट्टा धारकों को राहत देने के संकेत दिए हैं जो सभी वैधानिक नियमों का पालन कर रहे हैं और जिनके पास वैध संचालन अनुमति मौजूद है।

ज्ञात हो कि हाईकोर्ट ने बागेश्वर के ग्रामीणों के शिकायती पत्र का स्वतः संज्ञान लेकर अवैध खड़िया खनन के खिलाफ जनहित याचिका पंजीकृत कर 6 जनवरी 2025 को बागेश्वर में सभी खनन कार्यों पर रोक लगा दी थी और 9 जनवरी 2025 को मशीनों को जबत करने के आदेश दिए थे। इसके बाद कई खनन संचालकों ने हस्तक्षेप आवेदन दायर कर यह दलील दी कि उनकी इकाइयाँ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों के अनुरूप हैं और उनके पास वैध दस्तावेज हैं अतः उन्हें काम शुरू करने और मशीनें छोड़ने की अनुमति दी जाए। सुनवाई के दौरान अधिवक्ताओं ने उच्चतम न्यायालय के उन आदेशों का हवाला दिया जिनमें कहा गया था कि खनन पर पूर्ण प्रतिबंध से राज्य की अर्थव्यवस्था और लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सर्वोच्च न्यायालय ने पूर्व में ही उन 29 सोपस्टोन खनन पट्टा धारकों को काम फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी थी जिन्हें राज्य सरकार ने जांच में सही पाया था।

उच्च न्यायालय ने माना कि जिन अन्य खनन ऑपरेटरों के पास वैध पट्टे और संचालन आदेश हैं और जिन पर कोई बड़ा जुर्माना नहीं लगा है उन्हें भी खनन की अनुमति दी जानी चाहिए। हालांकि न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी भी इकाई को अनुमति देने से पहले उनके दावों का सत्यापन करना अनिवार्य है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे नियमों का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं। तथ्यों के सत्यापन के लिए हाईकोर्ट ने जिला खान अधिकारी नाजिया हसन को व्यक्तिगत मामलों की जांच करने की जिममेदारी सौंपी है। वह यह जांच करेंगी कि कया इन इकाइयों के पास वैध अनुमतियां हैं और कया वहां इस्तेमाल की जाने वाली मशीनें खनन योजना के अनुरूप हैं? पर्यावरणीय कानूनों के अनुपालन की जांच के लिए न्यायालय ने उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव को निर्देश दिया है कि वे एक सप्ताह के भीतर क्षेत्रीय स्तर के एक अधिकारी को नामित करें।

यह अधिकारी जिला खान अधिकारी के साथ मिलकर खनन इकाइयों की स्थिति का जायजा लेंगे। न्यायालय ने आदेश दिया है कि खनन संचालक अपने दावे दो सप्ताह के भीतर जिला खान अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें। इसके बाद अगले दो हफ्तों में नामित अधिकारी इन दावों की जांच करेंगे और एक विस्तृत रिपोर्ट सारणीबद्ध रूप में न्यायालय को सौंपेंगे। मामले की सुनवाई के दौरान स्टोन क्रशर मालिकों ने भी अपनी समस्या रखी कि सोपस्टोन खनन पर रोक के कारण उनके वैध कार्यों को भी मौखिक आदेशों से रोका जा रहा है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि वर्तमान जनहित याचिका केवल बागेश्वर में सोपस्टोन खनन तक सीमित है और इसका स्टोन क्रशर की गतिविधियों से कोई लेना-देना नहीं है। न्यायालय ने स्पष्ट आदेश दिया कि 6 जनवरी 2025 का अंतरिम आदेश स्टोन क्रशरों के संचालन में कोई बाधा नहीं बनेगा। हालांकि यदि इन इकाइयों में कोई अन्य अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी कानून के अनुसार कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होंगे। न्यायालय ने इस मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल को निर्धारित की है। तब तक जिला खान अधिकारी और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि को अपनी संयुक्त रिपोर्ट हलफनामे के साथ पेश करनी होगी।

### कोटद्वार में उपजे विवाद पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने एक मामूली विवाद पर कोटद्वार में उपजे विवाद के मामले पर सुनवाई की। मामले की लंबी सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को झटका देते हुए याचिका को निस्तारित कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को जांच में पुलिस के साथ सहयोग करने को कहा है और साथ ही कोर्ट ने याचीकाकर्ता को अनावश्यक रूप से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शामिल न होने की हिदायत दी ताकि जांच प्रभावित न हो सके। सुनवाई के दौरान याचीकाकर्ता दीपक के अधिवक्ता द्वारा कोर्ट को बताया कि उनकी ओर से दर्ज मुकदमे पर पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की। बकायदा अपनी तरफ से अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना में शामिल लोगो के नाम जबकि वो बता रहे हैं तब भी मुकदमा दर्ज नहीं किया। वे भीड़ के शांत करने के लिए गए थे। उल्टा पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इसका विरोध करते हुए सरकार की तरफ से कहा गया कि घटना के वक्त ये वहां मौजूद थे। इनके द्वारा भीड़ के साथ धक्का मुक्की करने का वीडियो वायरल हो रहा है। इसके बाद पुलिस ने इनके व 22 लोगों को चिन्हित कर मुकदमा मुकदमा दर्ज किया जिसकी जांच चल रही है। अभी घटना में शामिल पुलिस ने पांच मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने याचीकाकर्ता को कोई राहत नही देते हुए याचिका को निस्तारित कर दिया है। मामले के अनुसार वायरल वीडियो में दीपक कुमार ने नाम बदलने की मांग पर सवाल उठाते हुए कहा कि दुकान 30 साल से अधिक पुरानी है जब भीड़ ने उनकी पहचान पूछी तो उन्होंने खुद को मोहममद दीपक बताया यही वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ जिसके बाद दीपक कुमार को लोगों का समर्थन मिलने लगा और उनके मुताबिक उन्हें 100 से 500 रुपये तक के छोटे-छोटे चंदे मिलने लगे। इस घटना के बाद 28 जनवरी को दीपक कुमार और उनके सहयोगी के खिलाफ दुर्व्यवहार, मोबाइल फोन छीनने और आपराधिक धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज की गई। दीपक कुमार ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर मुकदमा निरस्त करने तथा परिवार की सुरक्षा और संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच की मांग की गयी, फिलहाल कोर्ट ने उन्हें कोई राहत नही देते हुए अगली सुनवाई शनिवार (आज) भी जारी रखी है।

## बारिश से बागेश्वर में कंपकपाने वाली ठंड

**बागेश्वर।** समूचे जनपद में शुक्रवार सुबह से लागतार बारिश हो रही है। पिछले एक सप्ताह से जिले के मौसम में आए बदलाव से कंपकपाने वाली ठंड बढ़ गई है। बता दें कि जिले में बारिश व बर्फबारी के बाद एक बार फिर ठंड लौट आई है। ठंड से बचने के लिए लोगों ने गरम कपड़े निकाल लिए हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने अलाव भी जलाए। हालांकि खेती किसानी के लिए बारिश को किसान संजीवनी बता रहे हैं। फल उत्पादन को भी इससे लाभ होगा। बारिश व बर्फबारी से आठ डिग्री तापमान लुढ़क गया है। जिले में शुक्रवार की सुबह से ही बारिश शुरू हो गई। दिनभर बारिश से बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। वही उच्च हिमालयी क्षेत्र के गांवों में कर्मी, सोराग, झूनी, खलझूनी, शिखर, आदि क्षेत्रों में हिमकण गिरे।

# बारिश ने खोली नैनीताल में सफाई व्यवस्था की पोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में बीरवार रात और शुक्रवार को दिनभर हुई बारिश ने सफाई व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। तेज बारिश के दौरान नालों के रास्ते बहकर आया कूड़ा सीधे जीवनदायिनी नैनी झील में पहुंच गया जिससे नैनी झील की स्वच्छता और पर्यावरण पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बता दें बारिश के दौरान नैनीताल के विभिन्न इलाकों से प्लास्टिक समेत पॉलिथीन और अन्य कचरा पानी के साथ बहते हुए नालों के जरिए नैनी झील में समा गया। कई स्थानों पर नाले जाम होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर ही फैल गया जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमित सफाई न होने और कूड़ा प्रबंधन की ठोस व्यवस्था न होने के कारण हर बारिश में यही स्थिति बन जाती है। नैनी झील में पहुंच रहा कचरा न सिर्फ इसकी सुंदरता को बिगाड़ रहा है बल्कि जलीय जीवों और पानी की गुणवत्ता पर भी असर डाल रहा है। उन्होंने नगर पालिका से नालों की नियमित सफाई और कूड़ा निस्तारण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। मामले में पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल का कहना है कि बारिश के कारण अचानक पानी का बहाव बढ़ने से कचरा नैनी झील में पहुंचा है। बोली जल्द ही सफाई अभियान चलाकर नैनी झील की सफाई कराई जाएगी।

# अलविदा की नमाज़, ईद मनाई जाएगी आज

## अमन-चैन, भाईचारे के लिए मस्जिदों में हुई दुआ, ईद के लिए विशेष तैयारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में रमजान के तहत शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। नगर के मल्लीताल के जामा मस्जिद व तल्लीताल के मस्जिद में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने नमाज अदा की। मल्लीताल जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती अजमल काजमी व तल्लीताल के इमाम मौलाना मोईम अहमद ने रोजदारों को नमाज अदा करवाई। नमाज के बाद दुआ में अमन चैन तथा भाईचारे और खुशहाली के लिए रोजदारों ने दुआ की। अलविदा जुमा के मौके पर मस्जिद में विशेष



व्यवस्थाएं की गई थीं। अलविदा जुमा के दिन लोगों के दिलों में गम भी होता है क्योंकि यह पवित्र और बरकतों से भरा महीना रुख्सत होने वाला होता है। रमजान रहमत व बरकत और इज्जत का महीना है। इस दौरान अनुमन इस्लामिया के सदर सुएब अहमद, सुहेल सिद्दीकी, मो. वाहिद, जमाल सिद्दकी, एहसान हुसैन, मो. हामिद, ताहिर हुसैन, तल्लीताल अनुमन कमेटी के सदर वसी कुरैशी, तैयब हुसैन, अजमल हुसैन, अकरम खान, मो. शाह निक्की, अफजल हुसैन फौजी, अबरार हुसैन के साथ अन्य नमाजी मौजूद रहे। इस दौरान छोटे बच्चों में उत्साह देखने को मिला। सरोवर नगरी नैनीताल में शनिवार (आज) ईद की नमाज सुबह 10 बजे से मल्लीताल ईदगाह में अदा की जाएगी। मामले में अंजुमन इस्लामिया कमेटी के महासचिव जमाल अहमद ने बताया कि शनिवार को ईद उल फितर के मौके पर सुबह 10 बजे ईदगाह मल्लीताल में नमाज अदा की जाएगी। कहा कि बारिश होने की दशा में मल्लीताल में सुबह 10 बजे जबकि तल्लीताल में सुबह 10.30 बजे नमाज अदा की जाएगी।

## स्वयंसेवियों ने किए शिविर में कई कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर नैनीताल जिले के ग्राम अधौड़ा में चल रहा है। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा गांव में साफ-सफाई के विभिन्न कार्य किए गए तथा ग्रामीणों के साथ जनसंपर्क व विभिन्न जागरूकता संबंधी कार्य किए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत होने वाले बौद्धिक सत्र में विभिन्न विद्वानों व गणमान्य लोगों द्वारा छात्र.छात्राओं के साथ बौद्धिक विमर्श किया गया। शिविर का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना डीएसबी परिसर की संयोजक डा. शशि पांडे व सहायक अधिकारी डा. मनोज सिंह बाफिला, डा. हिमानी जलाल, डा. संदीप मंडोली द्वारा किया गया जा रहा है।

# मौखिक स्वच्छता के बारे में बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल के कालेज ऑफ फार्मेसी द्वारा विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हैप्पी माउथ इज ए हैप्पी लाइफ थीम के अंतर्गत एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दें कार्यक्रम का मैन उद्देश्य लोगों को मौखिक स्वच्छता के महत्व तथा उसके समग्र स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर कंयुनिटी हेल्थ सेंटर (सीएचसी) भीमताल के सहयोग से रामलीला मैदान भीमताल में



मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को दंत रोगों के प्रारंभिक लक्षणों, सही मौखिक स्वच्छता के उपायों तथा समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही आमजन के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक परामर्श की सुविधा भी मुहैया कराई गई। इस पहल के माध्यम से विशेष रूप से उन लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गईं, जिन्हें दंत चिकित्सा सुविधाएं सहज रूप से मुहैया नहीं हो पाती हैं। शिविर के सफल संचालन में सीएचसी भीमताल की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दौरान डा. बलराज कौर मेडिकल ऑफिसर एवं सुश्री सिमरन स्टाफ नर्स की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम के अंतर्गत एक ऑनलाइन विशेषज्ञ सत्र का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रखयात दंत चिकित्सक एवं पेलिएटिव केयर विशेषज्ञ डा. गीतिका गंगोला ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने मौखिक स्वास्थ्य की देखभाल व रोगों की प्रारंभिक पहचान तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से जानकारी साझा की। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और दंत चिकित्सा से जुड़े विभिन्न प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए।कार्यक्रम में संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जो संस्थान की सामाजिक जिमेदारी एवं स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# नैनीताल में गैस की किल्लत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में शुक्रवार को भी गैस की किल्लत रही। नगर में सुबह से ही कड़ाके की ठंड और बारिश के बीच लोग छाता लेकर कतार में खड़े रहे। बीते दिन गैस बुक जमा करने वाले 50 उपभोक्ताओं को गैस वितरित की गई।



बता दें नैनीताल के बीडी पांडे जिला अस्पताल के समीप गोलघर में शुक्रवार को गैस की गाड़ी आने से पहले ही गैस के लिए लोगों ने कतार लगाना शुरू कर दिया था। 150 से अधिक लोग तेज बारिश में गैस के लिए छाता लेकर कतार में लगे रहे। इंडेन गैस एजेंसी की मैनेजर अंकिता पांडे ने बताया कि शहर के वार्डों में रोटेशन वाइस गैस भेजी जा रही है लेकिन गोलघर के समीप शहर के सभी क्षेत्रों के लोग सिलेंडर लेने आ रहे जिसके चलते बीते गुरुवार को कतार में खड़े 50 उपभोक्ताओं की गैस बुक जमा के ली गई थी जिन्हें शुक्रवार को गैस दी गई, इसके साथ ही 50 उपभोक्ताओं की गैस बुक जिनकी गैस बुक है उनकी गैस बुक जमा की गई है जिन्हें शनिवार आज गैस वितरित की जाएगी। इधर आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने आरोप लगाया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गैस एक दिन भी नहीं आ रही है जिससे उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

# भवाली रोड पर आमने-सामने भिड़ीं दो टैक्सी, उड़ गए परखच्चे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल-भवाली रोड पर भूमियाधार के पास शुक्रवार को दो टैक्सी वाहनों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि एयरबैग खुलने के कारण बड़ा हादसा टल गया और सवार लोग गंभीर चोटिल होने से बच गए। जानकारी के अनुसार निखिलेश बिष्ट अपनी टैक्सी (यूके 04 टीबी-9558) से परिवार के साथ भवाली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से भवाली से नैनीताल की ओर आ रही क्षितिज चमियाल की (टैक्सी यूके 01 टीए-2888) से उनकी गाड़ी की सीधी टक्कर हो



गई। हादसे के बाद दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। घटना के बाद दोनों टैक्सी चालकों के बीच मौके पर ही विवाद हो गया जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। सूचना मिलने पर तल्लीताल पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। इसके बाद दोनों पक्षों को थाने लाया गयाए जहां पूछताछ में भवाली से नैनीताल की ओर आ रहे चालक की गलती सामने आई। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि कोहरे के चलते सड़क साफ न दिखने से हादसा हुआ था। मामले में क्षतिग्रस्त वाहन का काम कराने को लेकर दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से समझौता हो गया है।

## अयारपाटा वार्ड में नियमित सफाई नहीं होने से बढ़ी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के घनी आबादी वाले अयारपाटा वार्ड में बीते कुछ दिनों से कूड़ेदानों की नियमित सफाई नहीं होने से लोगों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले में अयारपाटा वार्ड के सभासद मनोज साह जगाती ने बताया कि वार्ड में जगह-जगह पर पालिका की ओर से स्थापित किए कूड़ेदान इन दिनों लबालब भर चुके हैं उनके भर जाने से कूड़ा कूडेदानों के आस पास बिखर रहा है। कहा कि नगर में इन दिनों तेज बरसात होने की वजह से कूड़ेदानों से तीव्र दुर्गंध आ रहा है जिसकी वजह से वार्ड का वातावरण और अधिक प्रभावित हो रहा है। जगाती ने पालिका प्रशासन से जल्द से जल्द जनहित में अयारपाटा वार्ड में स्थापित सभी कूड़ेदानों की सफाई करने की गुजारिश की है।

# कैदियों को अधिकार बताए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भारतीय जागरूकता समिति एवं जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार रोशनाबाद में एक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम



का आयोजन किया गया जिसमें कैदियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। बता दें कार्यक्रम में हाईकोर्ट के अधिवक्ता एवं भारतीय जागरूकता समिति के अध्यक्ष ललित मिगलानी समेत जिला विधि प्राधिकरण के रमन सैनी एवं डिप्टी जेलर प्रमोद दानू उपस्थित रहे जिसमें रमन सैनी ने कैदियों को जिला विधिक प्राधिकरण की कार्यशैली के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी वहीं दूसरी और हाईकोर्ट की अधिवक्ता ललित मिगलानी ने कैदियों को उनके कर्तव्य एवं अधिकारों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी मिगलानी ने कैदियों को यह बताया कि जेल में रहकर भी वह काफी कुछ नियमों के तहत कर सकते हैं सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका लाभ कैदी भी ले सकते हैं कैदी चाहे तो जेल में पढ़ लिखकर आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि जेल एक सुधार ग्रह है वहां पर अपने अपराधों का पश्चाताप करके अपने आप को सुधारने का एक व्यक्ति को दूसरा मौका मिलता है अगर कैदी सभी नियमों का अच्छे से अनुसरण करें एवं अपने आचरण में परिवर्तन लाता है तो उसका प्रभाव उसको मिली सजा पर भी पड़ता है उससे उसकी सजा काम करने में मदद मिलती है।

# मां वाराही का प्राचीन धाम सदियों से श्रद्धा, आस्था व शक्ति का केंद्र: सीएम

## मंदिर के नव निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम को किया वर्चुअल संबोधित





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास से श्री वाराही धाम देवीधुरा, चम्पावत में आयोजित मंदिर के नव निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री वाराही धाम के नव-निर्मित कार्यों का शुभारम्भ होना हम सभी के लिए सौभाग्य का क्षण है। उन्होंने कहा माँ वाराही का प्राचीन धाम सदियों से श्रद्धा, आस्था और शक्ति का केंद्र रहा है। वाराही धाम में आयोजित होने वाला बग्वाल मेला हमारी वीरता, परंपरा और सामूहिक आस्था का अद्‌भुत संगम है। राज्य सरकार ने इसे राजकीय मेला घोषित भी किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मां वाराही मंदिर का नव-निर्माण मंदिर को और अधिक भव्य एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करेगा। यह धाम आस्था के साथ विकास और समृद्धि का भी प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा प्रदेश में स्थित चारधाम, शक्तिपीठ, सिद्धपीठ और अन्य मंदिर, हमारी सनातन परंपरा और सांस्कृतिक पहचान के जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण एवं पुनरुत्थान का कार्य भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार देवभूमि की सांस्कृतिक विरासत को भव्य रूप प्रदान करने का काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह देवभूमि है, यहां देवताओं का वास है, राज्य सरकार देवभूमि की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत को दिव्य,भव्य और सुरक्षित बनाने का अपना काम इसी प्रकार जारी रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, देवभूमि उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करने का कार्य कर रही है। केदारखंड के साथ ही मानसखंड के पौराणिक मंदिरों के सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा चंपावत के बालेश्वर मंदिर, पाताल रुद्रेश्वर मंदिर और माँ रणकोची मंदिर, मां पूर्णागिरी मंदिर का भी पुनर्विकास किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा चंपावत क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शारदा कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है।179 करोड़ रुपये की लागत से शारदा घाट के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास किया गया है। लगभग 430 करोड़ रुपये की लागत से गोल्ज्यू कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सामंत, वाराही शक्ति पीठ ट्रस्ट संरक्षक/संस्थापक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, अध्यक्ष हीरा बल्लभ जोशी, निर्मल माहरा, श्याम नारायण पाण्डे एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# मजिस्दों में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्वक ढंग से की गई अदा

■ दूसरे मजहब के लोगों का ध्यान रख मनाए ईद का त्योहार: पेश ईमाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** माह-ए-रमजान मुबारक के आखिरी जुमा; अलविदा जुमे की नमाज पछवादून की सभी मस्जिदों में शांतिपूर्वक ढंग से अता की गई। विकासनगर जामा मस्जिद में अलविदा जुमे की नमाज पेश ईमाम हाफिज बशारत अली ने अता करायी। सुबह से ही जुमे की नमाज की तैयारियां मुस्लिम समुदाए के लोगों ने शुरू कर दी थी। सभी मजिस्दों में भारी भीड़ रही। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पछवादून की सभी मस्जिदों के बाहर खाफी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही।

जामा मस्जिद विकासनगर के पेश इमाम हाफिज बशारत अली ने अपनी तकरीर में कहा कि रमजान उल मुबारक बड़ा ही बरकतों वाला महिना है। इस महीने में लोगों की मदद करना तथा अपने से गरीब लोगों को बराबरी में लाने के लिए अपनी कमाई का ढाई प्रतिशत हिस्सा तकसीम करना बड़ा सवाब का काम है।

उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज को चाहिए कि खैरात जकात देते वक्त पहले अपने खानदान रिश्तेदार तथा मुहल्ले व शहर के गरीबों को ढूंढे, न मिलने पर ही बाहर के लोगों को जकात दें। उन्होंने कहा समूचा क्षेत्र अमन व शांति का प्रतीक रहा है, दूसरे मजहब के लोगों को ध्यान में रखकर अपना ईद का त्यौहार मनाएं तथा एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दें। ताकि अमनों अमान की मिसाल कायम हो सके। जूमे की नमाज के बाद लोगों ने बाजारों में ईद की जमकर खरीददारी की। बाजार में मुस्लिम समाज के लोगों की कापफी भीड़ देखी गई।

# मिण्डाल में 50 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड चकराता के ग्राम मिण्डाल में जिला योजना के अंतर्गत आयोजित 50 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। जिला उद्योग केंद्र देहरादून के सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाना रहा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 20 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षक प्रमिला राणा ने प्रतिभागियों को विभिन्न रोजगारप.रक कौशलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया, जिससे महिलाओं में आत्मविश्वास और रोजगार के प्रति जागरूकता बढ़ी। समापन अवसर पर सहायक प्रबंधक बबीता चंद एवं गौरव नेगी ने महिलाओं को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत विनिर्माण क्षेत्र में 25 लाख रुपये तथा सेवा क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध है, जिसमें 35 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान किया गया है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने और स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में निर्मला देवी, अमिता, उर्मिला, सुनीता, लीला देवी, छुम्मा देवी, शीला, पूजा, पम्मी, सुशीला, मीरा सहित अन्य महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# चकराता की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी

■ किसानों-बागवानों को बड़ी राहत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता क्षेत्र की ऊँची चोटियों पर लगभग एक दशक बाद मार्च के अंतिम सप्ताह में बर्फबारी दर्ज की गई है। इससे पहले वर्ष 2019 और 2024 में मार्च के प्रथम सप्ताह में ही हिमपात हुआ था। ऐसे में इस बार मौसम का यह बदला हुआ मिजाज क्षेत्र के लिए खास माना जा रहा है।

पूरे सर्दी सीजन में अपेक्षित बर्फबारी और लंबे समय से बारिश न होने के कारण किसान व बागवान चिंतित थे। हालांकि, यह सप्ताह उनके लिए राहत लेकर आया। बीते गुरुवार रात से शुरू हुई बारिश शुक्रवार को पूरे दिन जारी रही। दोपहर बाद चकराता के ऊँचाई वाले इलाकोंकृदेवबन, खडम्बा, लोहारी और लोखंडी आदि स्थानों पर बर्फबारी शुरू हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में ठंड बढ़ गई और मौसम ने दिसंबर माह जैसा अहसास करा दिया। खबर लिखे जाने तक देवन, लोखंडी और आसपास की पहाड़ियों पर बर्फबारी का सिल.सिला जारी रहा। बर्फ से ढकी पहाड़ियों ने जहां प्राकृतिक सौंदर्य को निखार दिया, वहीं किसानों के चेहरों पर भी लंबे समय बाद मुस्कान लौट आई है। कई महीनों से सूखे जैसी स्थिति के कारण फसलें प्रभावित हो रही थीं और किसान अपनी खेती को लेकर परेशान थे। अब इस बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी आई है, जिससे फसलों में नई जान आने की उम्मीद जगी है। स्थानीय बागवान देवेंद्र सिंह चौहान, मुकेश तोमर, नरेंद्र सिंह और मुन्ना सिंह का कहना है कि यह बारिश उनके लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी। इससे फलों व अन्य फसलों के उत्पादन में सुधार होने की संभावना है। इसके साथ ही, वर्षा और हिमपात के कारण क्षेत्र के जल स्रोत भी रिचार्ज हुए हैं, जिससे आने वाले गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, चकराता क्षेत्र में हुई यह बारिश और ऊँचाई वाले इलाकों में हुई बर्फबारी किसानों और बागवानों के लिए नई उम्मीद और राहत का संदेश लेकर आई है। ऊंची चोटियों पर हुई बर्फबारी के चलते चकराता का पारा भी काफी गिर गया है वीरवार को चकराता का तापमान 15 व 6 डिग्री पर था जबकि शुक्रवार को यह गिरकर 8 व न्यूनतम 3 डिग्री पर आ गया जिससे लोगो को कड़ाके की सर्दी महसूस हुई ठंड के चलते जहां बाजार सुनसान पड़े रहे वहीं सरकारी दफ्त.रों में भी लोगो की भीड़ नही रही। बारिश के चलते टेक्सी चालक भी सवारियों को खोजते नजर आए।

# सर्वे ऑफ इंडिया मुख्यालय देहरादून से नहीं होगा स्थानांतरित

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सर्वे ऑफ इंडिया के मुख्यालय को देहरादून से अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव पर व्यक्त की गई चिंता के संबंध में केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस विषय पर अभी तक कोई स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। इस सम्बंध में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में स्पष्ट किया कि सर्वे ऑफ इंडिया के मुख्यालय को देहरादून से अन्यत्र स्थानांतरित किये जाने संबंधी किसी भी प्रस्ताव को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अब तक मंजूरी नहीं दी गई है।

केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए इस विषय तथा सर्वे ऑफ इंडिया के ऐतिहासिक, वैज्ञानिक एवं सामरिक महत्व के प्रति व्यक्त चिंताओं की भी सराहना करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

# जनता ने मौका दिया, तो गैरसैंण को बनाएंगे स्थायी राजधानी: गोदियाल

■ सत्ता की निरंकुशता को खत्म करने के लिए बदलाव आवश्यक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने श्रीनगर में पार्टी कार्यालय के उद्‌घाटन के अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता बदलाव का मन बना चुकी है तथा प्रदेश की जनता चुनाव में कांग्रेस पार्टी को अपना आशीर्वाद देकर बदलाव करेगी।

गोदियाल ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार अपनी जड़ें गहराई तक जमा चुका है और भाजपा सरकार तानाशाह और निरंकुश हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सत्ता का यह बदलाव वर्तमान और भविष्य के लिए आवश्यक है। सत्ता में बैठे लोगों में तानाशाही आ चुकी है। उन्होंने कहा कि सत्ता की निरंकुशता को खत्म करने के लिए बदलाव आवश्यक है। उन्होंने एकबार फिर से दोहराया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर राज्य की स्थायी राजधानी गैरसैंण बनाई जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि बागेश्वर, अल्मोड़ा, टिहरी, चमोली तथा पौडी जैसे जिलों के विधानसभा क्षेत्रों में विकास की एकतात्र उम्मीद गैरसैंण राजधानी बनने के बाद ही दिखाई देगी।

### सिरफुटौव्वल के चलते हुआ धामी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार

राज्य में हुए मंत्रिमंडल के विस्तार पर बोलते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा में सिरफुटौब्बल को देखते हुए धामी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार भाजपा की अंदरूनी कलह को दबाने के लिए किया गया है जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ विधायकों को सम्मान देने की बजाय कांग्रेस से दल बदल कर गये विधायकों को अधिक तवज्जो दी है इसीलिए मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस पृष्ठभूमि के लोगों को मंत्री बनाया गया है।

# सेब काश्तकारों के लिए बड़ी राहत-अति सघन बागवानी योजना में 29.25 करोड़ जारी

■ प्रदेश के सेब उत्पादक किसानों को योजनाओं का लाभ मिलने की प्रक्रिया तेज होगी: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश सरकार ने सेब काश्तकारों को राहत देते हुए सेब की अति सघन बागवानी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत 35 करोड़ के बजट के सापेक्ष 2925.00 लाख (29 करोड़ 25 लाख) की धनराशि अवमुक्त कर दी है। इससे प्रदेश के सेब उत्पादक किसानों को योजनाओं का लाभ मिलने की प्रक्रिया तेज होगी।

कृषि मंत्री जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में सेब की बागवानी योजना के लिए ध्35 करोड़ की बजट व्यवस्था की गई थी, जिसमें से 2925.00 लाख की धनराशि जारी कर दी गई है।

मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि एप्पल मिशन और सेब की अति सघन बागवानी योजना के अंतर्गत किसानों को मिलने वाली लंबित राजकीय सहायता के भुगतान में अब तेजी आएगी। उन्होंने विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 15 दिनों के भीतर लाभार्थी किसानों को उनकी लंबित सहायता राशि का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

# आपदा प्रभावित गांवों के 110 परिवारों को 87 लाख से अधिक की सहायता

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को सहस्त्रधारा स्थित एक निजी होटल में ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत संचालित ग्रामोत्थान (रिप) परियोजना के तहत विकास खण्ड रायपुर के आपदा प्रभावित ग्राम पंचायत सेरागांव, कार्लीगाड़ और धनौला के 110 परिवारों को बड़ी राहत प्रदान की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्वयं सहायता समूहों को 87 लाख से अधिक की सहायता राशि के चौक वितरित किए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास और महिलाओं के आजी.विका संवर्धन और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा**

पत्रांकः 786 / निविदा — दिनांक 18.03.2026

**निविदा सूचना (E- Tendering)**

राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा द्वारा निम्नलिखित कार्यों की निविदा सिंगल-बिड सिस्टम (Single Bid System) के अन्तर्गत ई-टैण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 24.03.2026 से उपलब्ध रहेगी।

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा की वैद्यता (दिवस) | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य योजना के अंतर्गत जनपद अल्मोड़ा में बागेश्वर गिरिछीना सोमेश्वर द्वाराहाट विमाण्डेश्वर ईडा रानीखेत मोटर मार्ग (बिन्ता सोमेश्वर गिरिछीना प्रभाग ) (राज्य मार्ग सख्या -58) में किमी 21.00 से किमी 50.410 में अवस्थित क्लास बी लोडिंग सेतुवों को क्लास ए लोडिंग सेतु में परिवर्तित हेतु प्रथम चरण का कार्य। (RFQ एवं TOR के अनुसार) | Rs 3000.00+ 18% GST | Rs 0.94 लाख | 90 दिन | 03 माह | लोक निर्माण विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड द्वारा मान्यता प्राप्त कंसलटेन्ट। (सेतु) |
| 2 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र अल्मोड़ा के अन्तर्गत बेरीनाग-अस्कोट (बाड़ेछीना-सेराघाट प्रभाग) मोटर मार्ग में अवस्थित सेतुओं को बी क्लास से क्लास ए लोडिंग सेतुओं में परिवर्तन हेतु प्रथम चरण का कार्य।(RFQ एवं TOR के अनुसार) | Rs 2500.00+ 18% GST | Rs 0.66 लाख | 90 दिन | 03 माह | लोक निर्माण विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड द्वारा मान्यता प्राप्त कंसलटेन्ट। (सेतु) |

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड हल्द्वानी**

पत्रांक: 923 / सिंखह/टी-2(निविदा) — दिनांक: 18.03.2026

**-:निविदा निरस्तीकरण सूचना:-**

कार्यालय द्वारा आमन्त्रित अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 04/अ0अ0/2025-26 जो कि दिनांक 05.03.2026 को दिनांक 20.03.2026 के अपरान्ह 2:00 बजे तक आमन्त्रित की गई थी। परन्तु माह मार्च के मध्य में अनुरक्षण मद में बजट प्राप्त होने के कारण, कार्य की अधिकता को मध्येनजर रखते हुए अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-04/अ0अ0/2025-26 को एतद्वारा निरस्त किया जाता है।

दिनेश सिंह
अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड, हल्द्वानी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर (चम्पावत)**

पत्रांक: 1405/कोटेशन सूचना/2025-28 — दिनांक:- 20/03/26

**कोटेशन सूचना**

सर्वसाधारण एवं इच्छुक फर्मों को सूचनार्थ अवगत कराना है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत स्वच्छता को और अधिक प्रभावशाली बनाये जाने एवं स्वच्छता में सुधार किये जाने हेतु नगर क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर वॉल पेन्टिग कराये जाने हेतु संस्थाओ / फर्मों से सील बन्द कोटेशन दिनांक 27/03/2026 को अपराहन् 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराहन् 3:00 बजे कोटेशनदाताओं या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी। निकाय क्रय समिति द्वारा दरों की स्वीकृति के उपरान्त यथा आवश्यक्तानुसार कार्यादेश जारी किया जायेगा।

**नोट:- निर्धारित तिथि को किसी अपरिहार्य कारण से अवकाश होने अथवा कोटेशन ना खोले जाने की स्थिति में उक्त कार्य की कोटेशन आगामी कार्यदिवसों में खोली जायेगी।**

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, टनकपुर।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी जसपुर (उधमसिंह नगर)**

पत्रांक : 1825/वि0निधि/निविदा सूचना/2025-26 — दिनांक : 13/03/2026

**निविदा सूचना**

विधायक निधि योजना में स्वीकृत वर्ष- 2024-25 के अन्तर्गत निम्नानुसार स्वीकृत कार्यो के सम्पादन हेतु महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अद्योहस्ताक्षरकर्ता निम्न कार्यो हेतु विधायक निधि के अन्तर्गत प्राक्कलन के आधार पर जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 27.03.2026 के अपरान्ह 12 बजे तक मोहर बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 02 बजे से पंजीकृत ठेकेदार अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खण्ड विकास अधिकारी, जसपुर के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। पंजीकृत ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा पंजीकरण के प्रमाण पत्रों की छाया प्रति प्रस्तुत कर तथा निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य देकर निविदा प्रपत्र दिनांक- 25.03.2026 तक प्रातः 11 बजे से सांय 04 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय जसपुर से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा सम्बन्धी शर्ते /अन्य जानकारी उक्त दिवसों में प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ खण्ड विकास अधिकारी के पद नाम से धरोहर राशि केवल डाकघर वचत पत्र /के0बी0पी0/एन0एस0सी0/एफ0 डी0 आर0 के रुप में मान्य होगी। व 100 रु0 नौनज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर 1.00 रु की रसीदी टिकट लगा/चस्पाकर हस्ताक्षर सहित संलग्न करते हुए निर्धारित समय में जमा करना होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेगीं। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क सं | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि लाख रु. में | धरोहर राशि रु0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यपूर्ण करनेकी अवधि | निविदा की वैद्यता | ठेकेदार की पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम भोगपुर डाम क्षेत्र में नौवहार सिंह के घर से आगे की ओर खडण्जा निर्माण कार्य। | 6.00 | 18000.00 | 1000+18प्रति जी0एस0टी0 | 06 माह | तीन माह | डी.एंव उच्चत्तर |
| 2 | ग्राम नादेही में वीरेन्द्र सिंह के घर से माधों शाह के घर तक सी0सी0 टाईल्स मार्ग निर्माण कार्य। | 7.00 | 21000.00 | 1000+18प्रति जी0एस0टी0 | 06 माह | तीन माह | डी.एंव उच्चत्तर |
| 3 | ग्राम हरियावाला में राख कालौनी में कैलाश के घर के आगे की ओर सी0सी0 टाईल्स मार्ग निर्माण कार्य। | 8.50 | 25500.00 | 1000+18प्रति जी0एस0टी0 | 06 माह | तीन माह | डी.एंव उच्चत्तर |

खण्ड विकास अधिकारी
जसपुर उधमसिंह नगर।


BRITE PAPER PRODUCTS
के मुख्य प्रबंधक
सलमान जावेद
एवं श्रमिको की और से
समस्त देश वासियों को
ईद उल फितर
की दिली मुबारकबाद
BRITE PAPER PRODUCTS
An ISO Certified Company
Manufacturers Of
Corrugated Sheets & Boxes
Kh, No. 151, Vill, Sisona Raipur,
Sisona Chowk, Bhagwanpur 247661,
Roorkee Uttarakhand


समस्त देश वासियों को
ईद उल फितर
की दिली
मुबारकबाद
हाजी फुरकान अहमद
विधायक पिरान कलियर
निवेदक: समस्त विधानसभा क्षेत्र की जनता


समस्त देश वासियों को
ईद उल फितर
की दिली
मुबारकबाद
हाजी राव इन्तजार अली
पूर्व दर्जा राज्यमंत्री एवं
बिल्डर्स पनियाला चंदापुर
Hotel Haven
Opp: Roadways Bus Stand
Roorkee 9837444403


समस्त देश वासियों को
ईद उल फितर
की
दिली
मुबारकबाद
हाजी मौ0 शहजाद
बसपा विधायक लक्सर
निवेदक : समस्त बसपा कार्यकर्ता, लक्सर विधानसभा

गर्दिश में सितारे

# जैक एडवर्ड्स आईपीएल-2026 से बाहर



● जैक एडवर्ड्स को नीलामी में एसआरएच ने 3 करोड़ रुपये में खरीदा था

**हैदराबाद, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर जैक एडवर्ड्स पैर की चोट के कारण आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं।

25 वर्षीय एडवर्ड्स को नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने 3 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस सीजन में वह अपना आईपीएल डेब्यू कर सकते थे, जिसके लिए उन्हें अब इंतजार करना होगा। वह 2025 की नीलामी में साइन किए जाने वाले इकलौते अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी थे। एडवर्ड्स का बीबीएल 2025-26 सीजन काफी अच्छा रहा था, जिसमें उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए 13 मैचों में 19 विकेट लिए थे और 133 रन भी बनाए थे। उन्होंने सिक्सर्स के बीबीएल फाइनल में पर्थ स्कॉर्चर्स से हारने के चार दिन बाद पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 में अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया, लेकिन यह प्रदर्शन यादगार नहीं रहा। उन्होंने दो ओवर में 25 रन देकर कोई विकेट नहीं लिया और छह गेंदों में सिर्फ 5 रन बना पाए। तब से उन्होंने अपनी राज्य की टीम न्यू साउथ वेल्स के लिए दो शेफील्ड शील्ड मैच खेले हैं, जिनमें से आखिरी मैच गुरुवार को ही समाप्त हुआ। यह एसआरएच के लिए एक और बड़ा झटका है।

## हेजलवुड, स्टार्क और नेथन पर भी संशय

### सीए आगामी व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए अपने प्रमुख बॉलरों के वर्कलोड को मॉनिटर कर रही है







**चेन्नई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड के अपनी टीमों के शुरुआती आईपीएल मैचों के लिए उपलब्ध रहने की संभावना कम है, क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) आगामी व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए अपने प्रमुख तेज गेंदबाजों के वर्कलोड को मॉनिटर कर रही है।

इसका मतलब है कि स्टार्क (दिल्ली कैपिटल्स) और हेजलवुड (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) उन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं, जो आगामी आईपीएल सीजन के कुछ हिस्से या पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। पैट कमिंस पहले ही सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती मैचों से बाहर हो चुके हैं, जबकि जैक एडवर्ड्स (सनराइजर्स हैदराबाद) भी शुक्रवार को पूरी तरह से टूर्नामेंट से बाहर हो गए। नेथन एलिस (चेन्नई सुपर किंग्स) के भी हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर होने की प्रबल संभावना है।

कमिंस ने ऑस्ट्रेलियाई समर में सिर्फ एक टेस्ट खेला था। दिसम्बर में खेला गया तीसरा एशेज टेस्ट, जुलाई 2025 के बाद उनका एकमात्र मैच था। उन्होंने इस टेस्ट मैच से पहले और बाद में अपनी पीठ की स्ट्रेस चोट को मैनेज किया। वहीं, हेजलवुड हैमस्ट्रिंग समस्या के कारण पूरी एशेज सीरीज से बाहर रहे। हेजलवुड ने पिछले साल घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ सीमित ओवर के कुछ मैच खेले थे, साथ ही नवम्बर में एक शेफील्ड शील्ड मैच में भी हिस्सा लिया था। लेकिन पिछले कई महीनों में वह ज्यादातर समय बाहर ही रहे हैं। स्टार्क एशेज में ऑस्ट्रेलिया के मुख्य गेंदबाज रहे। उन्होंने सभी पांच टेस्ट खेले और 31 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता था। वह सीजन के अंत में बीबीएल में भी खेले थे। स्टार्क टी-20 से संन्यास ले चुके हैं, इसलिए वह फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में हुए टी-20 विश्व कप के लिए उपलब्ध नहीं थे, जहां ऑस्ट्रेलिया पहले राउंड में ही बाहर हो गया। कमिंस और हेजलवुड भी उस टूर्नामेंट में नहीं खेले थे।

## फर्ग्यूसन आईपीएल के शुरुआती हिस्से से बाहर रहेंगे



● लॉकी फर्ग्यूसन जो हाल ही में पिता बने हैं, अपने परिवार को प्राथमिकता देंगे

**ऑकलैंड, वार्ता।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन आईपीएल 2026 के शुरुआती चरणों में पंजाब किंग्स के लिए नहीं खेल पाएंगे। फर्ग्यूसन, जो हाल ही में पिता बने हैं, टूर्नामेंट के दूसरे हाफ में पंजाब किंग्स से जुड़ने और सर्दियों के दौरों के लिए 'ब्लैक कैप्स' (न्यूजीलैंड टीम) के साथ खेलने से पहले अपने परिवार के साथ समय बिताने को प्राथमिकता देंगे।

द. अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 से पहले ऑकलैंड में फर्ग्यूसन ने कहा कि अभी-अभी मेरा एक छोटा बेटा हुआ है, मैं घर पर जितना हो सके उतना समय बिताने और अपनी पत्नी की मदद करने की कोशिश कर रहा हूं। इसके बाद मुझे कुछ हफ्तों का आराम मिलेगा, जिसके बाद मैं आईपीएल के बाद के चरणों में खेलने और सर्दियों के दौरों के लिए बाहर जाऊंगा। ब्लैक कैप्स के लिए खेलना हमेशा खुशी की बात होती है, मुझे भारत में टीम के साथ बिताया गया समय बहुत पसंद आया, हालांकि यह दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि सीजन की शुरुआत में मुझे चोटों का सामना करना पड़ा। मैं सच में अपने देश में क्रिकेट खेलना चाहता था और अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलने का मौका मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। भारत और श्रीलंका में हुए 2026 टी-20 विश्व कप के दौरान फर्ग्यूसन ने कुछ दिनों की 'पैटर्निटी लीव' (पिता बनने पर मिलने वाली छुट्टी) ली थी।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### ऑस्ट्रेलिया में पहले राउंड के बाद दीक्षा संयुक्त 8वें स्थान पर

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** पार-71 सैंक्चुअरी कोव गोल्फ एंड कंट्री क्लब में हो रही ऑस्ट्रेलियन डब्ल्यूपीजीए चैंपियनशिप के पहले राउंड के बाद भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर सबसे आगे रहीं। उन्होंने 4-अंडर 67 का मजबूत शुरुआती राउंड खेला और लीडरबोर्ड पर संयुक्त रूप से 8वें स्थान पर रहीं। वह लीडर केल्सी मैकडॉनल्ड (64) से चार शॉट पीछे हैं, जिन्होंने अपने शुरुआती राउंड के साथ एक नया कोर्स रिकॉर्ड बनाया है। हिताशी बख्शी का शुरुआती राउंड भी काफी अच्छा रहा( उन्होंने 2-अंडर 69 का स्कोर बनाकर अपने हफ्ते की शुरुआत की। इस प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स (72) और वाणी (73) हैं, जिनके लिए हफ्ते की शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही।

#### खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स 2026 में 3800 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**रायपुर, वार्ता।** रायपुर में बुधवार से शुरु होने वाले खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स 2026 में देशभर के 3800 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स की तैयारियां को लेकर शुक्रवार को रायपुर संभाग कार्यालय में बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अधिकारियों ने विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्वीमिंग पूल और कोटा स्टेडियम सहित प्रमुख खेल स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा भी लिया गया। 25 मार्च से तीन अप्रैल तक होने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 3800 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों और उनके साथ आने वाले स्टाफ की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट पर सहायता केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## थाईलैंड पहुंची भारतीय महिला टीम

● भारतीय महिला टीम एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप में जापान के खिलाफ पहला मैच खेलेंगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-20 महिला टीम 24 खिलाड़ियों के साथ शुक्रवार सुबह एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप के लिए थाईलैंड पहुंच गई। 20 साल बाद एशिया कप के लिए क्वालिफाई करने वाली 'यंग टाइग्रेस' टीम को 2 अप्रैल को जापान के खिलाफ अपने पहले ग्रुप सी मुकाबले से पहले बैंकॉक की परिस्थितियों के अनुकूल ढलने के लिए 13 दिन का समय मिलेगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे खेला जाएगा। इसके बाद भारत 5 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे ऑस्ट्रेलिया और 8 अप्रैल को दोपहर 2:30 बजे चीनी ताइपे से भिड़ेगा। एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप थाईलैंड 2026 का सीधा प्रसारण फैनकोड पर किया जाएगा। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीनों ग्रुपों में से दो सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। इसके अलावा, क्वार्टर फाइनल जीतने वाली चार टीमें फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप पोलैंड 2026 के लिए क्वालिफाई करेंगी। स्वीडन के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन के मार्गदर्शन में भारतीय टीम ने जनवरी में आईडब्ल्यूएल के पहले चरण के बाद बेंगलुरु में प्रशिक्षण शिविर शुरू किया था। इसके बाद टीम ने स्वीडन में एक महीने का कैंप किया, जहां उन्होंने स्वीडिश क्लबों की सीनियर टीमों के खिलाफ पांच फेंडली मैच खेले। स्कैंडिनेविया से लौटने के बाद टीम ने कोलकाता में अपनी तैयारियां जारी रखीं, जहां से वह शुक्रवार तड़के थाईलैंड के लिए रवाना हुई। एलेक्जेंडरसन टूर्नामेंट के करीब अंतिम 23 सदस्ईय टीम की घोषणा करेंगे।

**एएफसी** अंडर-20 महिला एशिया कप 2026 के लिए थाईलैंड गई भारत की 24 सदस्ईय टीम-

**गोलकीपर:** मोनालिशा देवी मोइरांगथेम, नंदिनी, रिबांसी जामू

**डिफेंडर:** अलका इंडवार, सिडी रेमरुआतपुई कोल्नी, निशिमा कुमारी, रेमी थोकचोम, रुचि यादव, साहेना टीएच, शुभांगी सिंह, थोइबिसाना चानू तो. इजाम

**मिडफील्डर:** अंजू चानू काएनपाइबम, अरीना देवी नामेइ. रकपम, भूमिका देवी खुमुकचम, मोनिशा सिघा, नेहा, पूजा, श्रुति कुमारी

## न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका को आठ विकेट से हराया



● न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है

**ऑकलैंड, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद टॉम लैथम (नाबाद 63) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 22 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हराया। न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। टॉम लैथम को उनके शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए टॉम लैथम और डेवोन कॉन्वे के बीच पहले विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। 11वें ओवर में केशव महाराज ने डेवोन कॉन्वे को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। डेवोन कॉन्वे ने 26 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रन बनाए। टिम रॉबिन्सन 17 रन बनाकर 17वें ओवर की पहली गेंद पर पगबाधा आउट हुए। उन्हें लुथो सिपामला ने आउट किया। टॉम लैथम ने 55 गेंदों में सात चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 63 रनों की पारी खेली।

यह टी-20 में लैथम का चौथा अर्द्धशतक है। लैथम को 27 के स्कोर पर जीवनदान मिला था, जब डियान फॉरेस्टर ने एक आसान सा कैच टपका दिया। न्यूजीलैंड ने 16-2 ओवरों में दो विकेट पर 137 रन बनाकर मुक. ाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। उल्लेखनीय है कि यह डेवोन कॉनवे, मिचेल सैंटनर और लॉकी फर्ग्यूसन के लिए इस सीरीज का आखिरी मैच है, बाकी दो मैचों में इन तीनों खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 136 का स्कोर बनाया। दक्षिण अफ्रीका के लिए नकोबानी मोकोएना ने 20 गेंदों में नाबाद 26 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में तीन छक्के और एक चौका भी लगाया। जॉर्ज लिंडे ने 19 गेंदों में (23), डियन फॉरेस्टर (17), गेराल्ड कोएत्जी ने (16) तथा टोनी डी जॉर्जी और कॉनर एस्टरहुइजन (15-15) रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए काइल जैमीसन, मिचेल सैंटनर, बेन सियर्स ने दो-दो विकेट लिए। लॉकी फर्ग्यूसन, कोल मैककॉन्ची, नीशम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अनाहत-अभय क्वार्टरफाइनल में



● अनाहत सिंह ने मिस्र की फरीदा को सीधे गेम में हराकर टॉप आठ में जगह बनाई

**मुम्बई, वार्ता।** भारत की अनाहत सिंह, अभय सिंह और जोशना चिनप्पा ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर इंडियन ओपन 2026 स्क्वैश टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। सीसीआई ब्रेबॉर्न स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में मौजूदा महिला चैंपियन और टॉप सीड अनाहत सिंह ने मिस्र की फरीदा वालिद को सीधे गेम में हराकर टॉप आठ में जगह बनाई। 17 साल की इस भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने पूरे मैच के दौरान अपना दबदबा बनाए रखा और 3-0 से मैच जीत लिया। वहीं तन्वी खन्ना ने म्रि की नूर खफागी के खिलाफ शांत और आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन करके सबको प्रभावित किया। जहां खफागी ने हर गेम में जोरदार टक्कर दी, वहीं खन्ना ने अहम मौकों पर अपना संयम बनाए रखा और 3-0 से जीत हासिल की। अनुभवी खिलाड़ी और पांचवीं सीड जोशना चिनप्पा भी आयरलैंड की ब्रीएन फ्लिन को 3-1 से हराकर अगले दौर में पहुंच गईं। पुरुष वर्ग में, दूसरे वरीयता प्राप्त और पिछले साल के उपविजेता अभय सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हांगकांग के मैथ्यू लाई को हरा दिया। शुरुआत में मुकाबला कड़ा होने के बावजूद, एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय ने 3-0 से शानदार जीत हासिल की।

वीर चोत्रानी भी अगले दौर में पहुंच गए, क्योंकि उनके जर्मन प्रतिद्वंद्वी यानिक ओम्लोर को मैच की शुरुआत में ही चोट के कारण हटना पड़ा। हालांकि, मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी याह्या अल-नवासाणी अपने ही देश के इब्राहिम अल- कब्बानी से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इस परिणाम के बाद, अभय अब पुरुषों के ड्रॉ में सबसे ऊंची वरीयता वाले खिलाड़ी बन गए हैं। जोरदार प्रयास के बावजूद, वेलवन सेंथिलकुमार शांत और संयमित अमीशेनराज चंद्रन के सामने पिछड़ गए।

## दूसरे दौर में अल्काराज से भिड़ेंगे फोन्सेका



● प्रशंसकों की भारी भीड़ के सामने इस जीत के साथ फोन्सेका ने अल्काराज के साथ दूसरे राउंड के एक दिलचस्प मुकाबले की नींव रखी

**मियामी, वार्ता।** ब्राजील के जोआओ फोन्सेका ने गुरुवार को मियामी ओपन में एक बड़ी जीत हासिल करने के लिए अपना पूरा जोर लगा दिया। फोन्सेका का दूसरे दौर में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अलकाराज से मुकाबला होगा।

नेक्स्टजेनएटीपी स्टार ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के पहले राउंड के कड़े मुकाबले में फैबियन मारोजसान को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया। ब्राजीलियाई प्रशंसकों की भारी भीड़ के सामने एक घंटे 50 मिनट की इस जीत के साथ, फोन्सेका ने अल्काराज के साथ दूसरे राउंड के एक दिलचस्प मुकाबले की नींव रखी। यह इन दोनों खिलाड़ियों के बीच पहला मुकाबला होगा। अल्काराज के साथ फोन्सेका का मियामी में यह मुकाबला, ब्राजीलियाई खिलाड़ी के जानिक सिनर के साथ पहले टूर-स्तरीय मुकाबले के ठीक बाद हो रहा है। पिछले हफ्ते इंडियन वेल्स में पहली बार मास्टर्स 1000 के चौथे राउंड में खेलते हुए, फोन्सेका ने सिनर को दो टाई-ब्रेक सेट तक कड़ी टक्कर दी थी।

प्रशंसक अब यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि 19 वर्षीय यह खिलाड़ी दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी अल्काराज के साथ अपनी पहली भिड़ंत में कैसा प्रदर्शन करता है, अल्काराज का इस सीजन में रिकॉर्ड 16-1 का है, जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन और दोहा में जीते गए खिताब भी शामिल हैं। अल्काराज का सामना करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर फोन्सेका ने कहा कि मैं निश्चित रूप से उत्साहित हूं। मुझे दूसरे खिलाड़ियों के बारे में तो नहीं पता, लेकिन मैं टॉप खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का बेसब्री से इंतजार करता हूं। पिछले टूर्नामेंट में मैं जानिक के खिलाफ खेला था, और अब मैं कार्लोस के खिलाफ खेल रहा हूं। यह एक बहुत ही शानदार अनुभव है, इसलिए मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और यह एक बेहतरीन मैच होने वाला है। उम्मीद है कि मैं जीत हासिल कर पाऊंगा।

ड्रॉ के ऊपरी हिस्से में, बेल्जियम के राफेल कोलिग्नन ने एक 'मैच पॉइंट' बचाते हुए 2024 के फाइनलिस्ट ग्रिगोर दिमित्रोव को 7-6(3), 4-6, 7-6(6) से हरा दिया। कोलिग्नन ने निर्णायक सेट के 'टाई-ब्रेक' में 5-6 के स्कोर पर दिमित्रोव के 'मैच पॉइंट' को बेहद नाटकीय अंदाज में नाकाम कर दिया( उन्होंने 11 शॉट्स की एक लंबी 'रैली' को एक जोरदार 'फोरहैंड पास' के साथ अपने नाम किया। उस रैली के दौरान दिमित्रोव ने तीन 'वॉली' शॉट लगाए, लेकिन वे गेंद को कोर्ट से बाहर भेजने (पॉइंट हासिल करने) में नाकाम रहे। स्टेफानोस सित. सिपास ने ब्रिटिश खिलाड़ी आर्थर फेरी को 6-1, 7-6(4) से हराकर, पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर के साथ दूसरे दौर में मुकाबले की राह बनाई। एटीपी हेड2हेड सीरीज में सितसिपास, डी मिनौर से 11-1 से आगे हैं। बोटिक वैन डी जैंड्सचल्प ने डेनिस शापोवालोव को 7-5, 6-3 से हराया।

## महिला कीवी टीम ने द. अफ्रीका को छह विकेट से हराया



● सोफी डिवाइन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया

**ऑकलैंड, वार्ता।** सोफी डिवाइन ( दो विकेट/नाबाद 55) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को तीसरे टी-20 मुक. ाबले में आठ गेंदें शेष रहते दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली हैं। सोफी डिवाइन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया गया। 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने 18-4 ओवरों में चार विकेट पर 152 रन बनाकर मुक. ाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर (चार) और इजाबेला गेज (17) के विकेट जल्द ही गंवा दिए थे। इसके बाद कप्तान अमेलिया केर और सोफी डिवाइन की जोड़ी ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। 10वें ओवर में नॉनकुलुलेको म्लाबा ने अमेलिया केर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

अमेलिया केर ने 28 गेंदों में चार चौके लगाते हुए 30 रन बनाए। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर ब्रुक हॉलिडे (दो) रनआउट हुई। मैडी ग्रीन ने सोफी डिवाइन के साथ पांचवें विकेट के लिए 84 रनों की अविजित साझेदारी कर अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिला दी। सोफी डिवाइन ने 38 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 55 रनों की पारी खेली। वहीं मैडी ग्रीन ने 25 गेंदों में दो चौके और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 34 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के लिए एनेरी डर्कसेन, अयंदा लुबी और एन म्लाबा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 149 रनों का स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र नौ रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। ताजमिन ब्रिट्स (शून्य) और सुने लुस (तीन) रन बनाकर आउट हुई।

### ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम न विंडीज को 43 रनों से हराया

**किंग्सटाउन, वार्ता।** बेथ मूनी (79) और अलाना किंग (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 43 रनों से हराया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। बेथ मूनी को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 121 रन ही बना सकी और मुकाबला 43 रनों से हार गई। कियाना जोसेफ और हेली मैथ्यूज की सलामी जोड़ी ने सधी हुई शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 33 रन जोड़े। सातवें ओवर में अलाना किंग ने हेली मैथ्यूज (11) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आई शेमेन कैंपबेल ने कियाना जोसेफ के साथ पारी को संभाला और स्कोर को 76 के स्कोर तक ले गई। 12वें ओवर में किम ग्राथ ने कियाना जोसेफ को आउट कर वेस्टइंडीज को बड़ा झटका दिया। कियाना जोसेफ ने 39 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 45 रन बनाए। अगले ही ओवर अलाना किंग ने शेमेन कैंपबेल (15) और डिआंड्रा डॉटिन (शून्य) को आउटकर मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ मजबूत कर ली। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का कोई मौका नहीं दिया। 20वें ओवर में स्टेफनी (28) और जाहजारा (शून्य) को वेयरहम ने आउट किया। चिनेल हेनरी 12 रन बनाकर नाबाद रही।इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने गुरुवार रात खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 164 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

## फ्रांसेस्का जोन्स की विजयी शुरुआत

● फ्रांसेस्का जोन्स ने वीनस विलियम्स को सीधे सेटों में 7-5, 7-5 से हराया

**अमेरिका, वार्ता।** ब्रिटेन की फ्रांसेस्का जोन्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मियामी ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट अमेरिका की दिग्गज वीनस विलियम्स के खिलाफ सीधे सेटों में जीत दर्ज की। ग्रैंडस्टैंड कोर्ट पर गुरुवार रात एक घंटा 51 मिनट तक चले मुक. ाबले में 25 वर्षीय गैर-वरीयता प्राप्त फ्रांसेस्का ने सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन और टूर्नामेंट की वाइल्डकार्ड खिलाड़ी वीनस विलियम्स की जोरदार चुनौती को पार करते हुए, पहले दौर का यह मुकाबला सीधे सेटों में 7-5, 7-5 से जीत लिया।

एक्ट्रोडैक्टाइली एक्टोडर्मल डिस्प्लेजिया नाम की एक जेनेटिक बीमारी के साथ जन्मी, दुनिया की 93वें नंबर की खिलाड़ी जोन्स हर हाथ में तीन उंगलियों और एक अंगूठे के साथ खेलती हैं। इस बीमारी की वजह से उन्हें कई बार सर्जरी करवानी पड़ी है, लेकिन इसने उन्हें महिलाओं के टेनिस में अपनी छाप छोड़ने से कभी नहीं रोका। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में चोट के बाद खेल में वापसी करते हुए, जोन्स ने अपने पहले राउंड के मैच में विलियम्स की सर्विस को पांच बार तोड़ा। दोनों सेटों में 4-5 से पीछे होने के बावजूद उन्होंने शानदार वापसी की और उत्साहित भीड़ के सामने एक यादगार जीत हासिल की। 45 वर्षीय टेनिस स्टार के कनाडा की लेयला फर्नांडीज के साथ महिलाओं के युगल मुकाबले में खेलने की उम्मीद है, जबकि जोन्स महिलाओं के एकल टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में पहुंच गई हैं, जहां उनका मुकाबला पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा। मैच के बाद फ्रांसेस्का ने कहा कि अगर वे दो महिलाएं (वीनस और सेरेना विलियम्स) न होतीं, तो मुझे पक्का नहीं पता कि मैं यह कदम उठा पाती या नहीं। उन्हीं की वजह से मैं आज यहां हूं। उन्होंने कहा कि मेरा यह साल अब तक बहुत मुश्किल भरा रहा है। मुझे कई चोटें लगी हैं और मैं अभी भी बीमार हूं। मुझे हर समय खांसी आ रही थी। मुझे चिंता थी कि कहीं मैं किसी दिग्गज खिलाड़ी को भी बीमार न कर दूं।

# गंगोत्री-यमुनोत्री धाम का प्रकृति ने किया सफेद श्रृंगार, दिलकश हुआ नजारा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** आधे मार्च महीने तक 39 डिग्री तक पारा चढ़ गया था जिससे देश के अधिकांश हिस्सों में गर्मी ने दस्तक दे दी है, वहीं हिमालय की ऊंची चोटियों पर कुदरत का अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है।

पिछले 48 घंटों से हो रही भारी बर्फबारी ने पूरे पहाड़ी क्षेत्र को चांदी जैसी सफेद चादर से ढक दिया है। जिससे गंगोत्री का नजारा दिलकश हो गया है।

बीते रविवार को उत्तराखंड में एक बार फिर से मौसम ने करवट ली है। उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है। बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में भारी बर्फबारी हो रही है, जिससे एक बार फिर कड़ाके की ठंड लौट आई है, मौसम विभाग ने पहले ही राज्य में बदलाव की संभावना जताई थी।

23 जनवरी के बाद पहाड़ों में दूसरी बार गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरकीदून, केदारकांठा, पिथौरागढ़, मुनस्यारी, औली, हर्षिल, दयारा, हरकी दून, सरूताल, जैसे कई ऐसे ऊंचाई वाले क्षेत्र हैं जहां पर दूसरी बार बर्फ गिरी है, इसके अलावा उत्तराखंड के पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि और बारिश भी हुई है, कई जगह पर ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान हुआ है।

**गंगोत्री में बर्फबारी जारी, हाईवे सुक्की टॉप में आवाजाही ठप्प:** पहाड़ों लगातार हो रही बारिश-बर्फबारी गंगोत्री हाईवे सुक्की टॉप से बंद हैं।

शुक्रवार को हर्षिल वैली में सुबह से लगातार जारी बर्फबारी के कारण गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सुक्की टॉप में वाहनों की आवा. जाही के लिए बंद हो गया है। जिससे उप्पला टकनौर समेत भारत चीन सीमा का जनपद मुख्यालय से संपर्क कट गया है।

लगातार हो रही बारिश और बर्फबारी के बीच बीआरओ भी मौसम साफ होने का इंतजार कर रहा है मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के पहाड़ी जनपदों के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को भारी बारिश और बर्फबारी की चेतावनी जारी की गई।

# केदारनाथ में दो फीट तक जमी बर्फ, पुनर्निर्माण कार्य प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** हिमालयी क्षेत्रों सहित केदारनाथ धाम में पिछले कई दिनों से जारी बर्फबारी ने जनजीवन के साथ-साथ पुनर्निर्माण कार्यों की रफ्तार पर भी ब्रेक लगा दिया है। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में करीब दो फीट तक बर्फ जमने से निर्माण कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं।

उच्च हिमालयी इलाकों में लगातार हो रही बर्फबारी से पूरा क्षेत्र सफेद चादर से ढक गया है, जबकि केदार घाटी के निचले क्षेत्रों में रुक-रुक कर हो रही बारिश और सर्द हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मौसम के इस बदलाव के चलते तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे ठंड का प्रकोप एक बार फिर बढ़ गया है।

केदारनाथ, वासुकीताल, मनणामाई तीर्थ, पाण्डव सेरा, नन्दीकुण्ड, मदमहेश्वर और विसुणीताल सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लगातार बर्फबारी से पूरा इलाका हिमाच्छादित हो गया है। मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहा तो तुंगनाथ घाटी, मोहनखाल, कार्तिक स्वामी, काली शिला और पवाली कांठा में भी बर्फबारी शुरू होने की संभावना है। वहीं निचले इलाकों में बारिश के चलते गांवों के पैदल मार्ग फिसलन भरे हो गए हैं, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों को दैनिक कार्यों में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बदलते मौसम के कारण सर्दी, खांसी और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ने लगी हैं। लगातार बारिश से जहां प्राकृतिक जल स्रोतों के जल स्तर में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, वहीं बेमौसमी बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। धान की बुवाई प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। मदमहेश्वर घाटी के बुरुवा गांव के भेड़पालक वीरेन्द्र धिरवाण के अनुसार लगातार बारिश से तापमान में भारी गिरावट आई है और पशुओं के लिए चारे का संकट खड़ा हो गया है। वहीं सीमांत गांव गौण्डार के निवासी भगत सिंह पंवार ने बताया कि बर्फबारी और बारिश के कारण ग्रामीण घरों में कैद होने को मजबूर हैं।



■ केदार घाटी में झमाझम बारिश से तापमान में भारी गिरावट

## मोरी फिताड़ी ओबरागाड़ में पुलिया व सम्पर्क मार्ग की गुणवत्ता पर सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला / उत्तरकाशी।** जनपद के मोरी विकासखंड अंतर्गत गोविंद वन्य जीव पशु विहार क्षेत्र के फिताड़ी गांव के ओबरागाड़ में वन विभाग द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। यहां पुलिया और सम्पर्क मार्ग के गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं।



फिताड़ी निवासी सुरेन्द्र राणा सहित अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि ओबरागाड़ में बनाई गई पुलिया और फिताड़ी से ओबरा होते हुए बेंचा तक बनाए जा रहे अश्वमार्ग का कार्य मानकों के अनुरूप नहीं किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल और रास्तों की स्थिति बेहद खराब है और निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि गांव के ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्य कितने समय तक टिक पाएंगे, क्योंकि निर्माण की गुणवत्ता पर पहले से ही संदेह बना हुआ है। इस मामले में जब गोविंद वन्य जीव पशु विहार के निदेशक से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है। अब सवाल उठाता है कि जब गोविंद वन्य जीव विहार में लाखों रुपए के निमार्ण कार्य हो रहे तो विभाग के निद. शक अंधेर में है? वहीं, रेंज अधिकारी गौरव अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में यह कार्य मरम्मत श्रेणी में है और अभी तक ठेकेदारों को किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राक्कलन (एस्टीमेट) के अनुसार ही भुगतान किया जाएगा और जब तक कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा नहीं होगा, तब तक ठेकेदारों को भुगतान नहीं किया जाएगा।

# अंतर-महाविद्यालयी सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का समापन

■ राजनीति का आधार सकारात्मकता और सेवा भाव होना चाहिए: कंडारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर-महाविद्यालयी सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम-2026 का अंतिम दिन उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। हालांकि, मौसम के करवट बदलने और भारी बारिश के कारण प्रतियोगिताओं के स्थानों में परिवर्तन करना पड़ा, लेकिन छात्र-छात्राओं के जोश में कोई कमी नहीं दिखी।

बारिश को देखते हुए विश्व. विद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतियोगिताएं सीनेट सभागार और एसीएल सभागार में आयोजित कीं। अंतिम दिन एसीएल सभागार में यहाँ कव्वाली की सुरीली तानों और शास्त्रीय नृत्य की गरिमापूर्ण प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति को दर्शाते लोकनृत्य में विभिन्न टीमों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं सीनेट सभागार में छात्र-छात्राओं ने मीमिक्री और माइम के माध्यम से समसामयिक विषयों पर कटाक्ष किया और अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियां दी।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि देवप्रयाग विधानसभा के विधायक विनोद कंडारी ने अपनी छात्र राजनीति की यादों को ताजा किया। बताया कि कैसे इसी विश्वविद्यालय के गलियारों से उनकी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत हुई थी। उन्होंने युवा नेताओं को सुझाव देते हुए कहा कि राजनीति का आधार सकारात्मकता और सेवा भाव होना चाहिए। छात्र राजनीति में अपनी पहचान बनाने के साथ-साथ हमेशा अपने गुरुओं का सम्मान करें, क्योंकि उनके मार्गदर्शन के बिना शिखर तक पहुँचना संभव नहीं है। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी गुसाईं ने सभी अतिथियों और विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल प्रतिभा को मंच देते हैं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों के छात्रों के बीच आपसी समन्वय भी बढ़ाते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रो. एचबीएस चौहान, प्रो. मोहन सिंह पंवार, प्रो. आरएस नेगी, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. अतुल ध्यानी, प्रो. राकेश कुंवर, प्रो. अरुण रावत सहित आदि मौजूद थे।

## एक नजर .......

### राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय देवाल के छात्र-छात्रों ने बढ़ाया विद्यालय का नाम



**थराली / देवाल।** राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय देवाल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालय, ब्लॉक और जनपद का नाम रोशन किया है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमन रानी ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के छात्र-छात्राएं लगातार विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार सफलता हासिल कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सत्र 2024ख्25 में विद्यालय के तीन विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय में तथा दो विद्यार्थियों का चयन राजीव नवोदय विद्यालय में हुआ था। वहीं सत्र 2025ख्26 में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल, गणित विजार्ड, इंग्लिश विजार्ड और एफएलएन प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिताओं में उपलब्धियां हासिल की हैं।

हाल ही में आयोजित नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जनपद चमोली में विहान खत्री ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि दक्ष बिष्ट ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस वर्ष विद्यालय से कुल पांच विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है।

प्रधानाध्यापिका सुमन रानी ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के समस्त शिक्षको और, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दलवीर सिंह बिष्ट, डाइट मेंटल मिश्रा, खंड शिक्षा अधिकारी तथा जिला स्तर के अधिकारियों के मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और मार्गदर्शन से विद्यालय के बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है।

उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### शराब की दुकान और भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेसियों का डीएम दफ्तर में धरना

**उत्तरकाशी।** जिला कांग्रेस कमेटी उत्तरकाशी ने शासन प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अनिश्चितकालीन धरने की घोषणा की है। उनका कहना है कि हर्षिल-झाला जैसे गंगोत्री मार्ग के पवित्र क्षेत्रों में शराब की दुकान खोलना आस्था के साथ खिलवाड़ है और यह देवभूमि की मर्यादा के विरुद्ध है।



कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष मनीष राणा ने कहा कि स्थानीय ग्राम पंचायतों और महिला मंगल दलों द्वारा लंबे समय से इस क्षेत्र को श्नशामुक्त क्षेत्रश घोषित करने की मांग की जा रही है, लेकिन प्रशासन द्वारा शराब का आवंटन करना लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने भ्रष्टाचार और आपदा कार्यों की अनदेखी का भी आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन हर्षिल-झाला में शराब की दुकान खोलने का निर्णय वापस लिया जाए वहीं भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। आपदा प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता प्रदान की जाए, वहीं निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई जाए।

इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष मनीष राणा, कमल सिंह रावत, उत्तम सिंह गुसाईं, शीशपाल पोखरियाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज मीनान,पपेंद्र सिंह नेगी, आदि कांग्रेसियों धरना पर बैठे हैं।

# चौधरी के मंत्री बनते ही रुद्रप्रयाग में आतिशबाजी की गूंज

■ 'मंत्री जी जिंदाबाद' के लगे नारे
■ कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को लगाया अबीर-गुलाल
■ नगर मुख्यालय में मिठाई बांटकर जताई खुशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड कैबिनेट में विधायक भरत सिंह चौधरी की एंट्री होते ही जनपद में जबरदस्त उत्साह की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को उनके कार्यालय के बाहर ऐसा माहौल बना, मानो पूरा शहर जश्न में डूब गया हो। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया और भव्य जुलूस निकालते हुए नगर मुख्यालय बाजार में जोरदार नारेबाजी की।

जुलूस के दौरान कार्यकर्ता अबीर-गुलाल में सराबोर नजर आए और हर ओर "मंत्री जी जिंदाबाद" के नारों से वातावरण गूंजता रहा। सड़कों पर उमड़ी भीड़ ने इस मौके को यादगार बना दिया। समर्थक सुरेन्द्र रावत, रोशन झा, राकेश मोहन, लक्ष्मण सिंह, चंद्रमोहन सेमवाल, रमेश सिंह चौधरी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गेनाइजेशन उत्तराखंड के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णानंद डिमरी ने कहा कि भरत सिंह चौधरी ने विधायक रहते हुए जनपद के विकास में अहम भूमिका निभाई है। वर्षों के संघर्ष और समर्पण के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है, जिससे अब क्षेत्र में विकास कार्यों को नई रफ्तार मिलेगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट ने कहा कि जनता ने उन्हें लगातार दो बार विधायक बनाकर उनके काम पर मुहर लगाई है। पार्टी ने भी उनके अनुभव और कार्यकुशलता को देखते हुए मंत्रिमंडल में स्थान देकर सम्मानित किया है। उन्होंने भरोसा जताया कि मंत्री बनने के बाद अब जनपद में बड़े स्तर पर विकास योजनाएं धरातल पर उतरेंगी और चहुंमुखी विकास को नई दिशा मिलेगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गंभीर बिष्ट, रोशन झा, विकास डिमरी, राहुल मेवाड़, अरूण कप्रवाण, लीला सिंह, भूपेन्द्र जगवाण समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे, जिन्होंने पूरे जोश और उत्साह के साथ इस ऐतिहासिक पल का जश्न मनाया

## सड़कों पर बहते गंदे पानी की निस्तारण की मांग

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में सड़कों पर बहते गंदे पानी की समस्याओं का निस्तारण किए जाने की मांग की है। इस संदर्भ में स्वच्छ भारत अभियान श्रीनगर के ब्रांड ऐम्बेसडर डॉ. बीपी नैथानी ने नगर निगम के सफाई निरीक्षक को ज्ञापन प्रेषित करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है। डॉ. बीपी नैथानी का कहना है कि सड़कों पर बह रहा पानी न केवल आवागमन में बाधा बन रहा है, बल्कि इससे संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। कहा कि पूर्व में अधिकांश जगहों में पानी सड़कों में फैल रहा था, लेकिन नगर निगम ने इसका निस्तारण किया है, जो कि एक सरहानीय कदम है।

## 23 मार्च को लगेगी पैलिएटिव केयर ओपीडी

श्रीनगर। बेस चिकित्सालय श्रीनगर में कैंसर के मरीजों की सुविधा के लिए सोमवार 23 मार्च को पैलिएटिव केयर ओपीडी लगाई जायेगी। कैंसर स्पेशलिस्ट ऑन्कोलॉजी सर्जन डॉ. अजीत तिवारी रहेगे मौजूद। पैलिएटिव केयर ओपीडी के नोडल एनेस्थिसिया विभाग के असि. प्रोफेसर डॉ. मोहित ने बताया कि कैंसर संबंधी जांच या परामर्श के लिए सर्जरी ओपीडी के पास बनायी गयी पैलिएटिव केयर ओपीडी 114 नंबर कमरे में पहुंच सकते है।

# उक्रांद में हरिभजन भंडारी को मिली महामंत्री की जिम्मेदारी

■ विनोद कप्रवाण संभालेंगे वरिष्ठ उपाध्यक्ष की कमान, उक्रांद की जिला कार्यकारिणी गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखण्ड क्रान्ति दल की जनपद इकाई का विधिवत गठन करते हुए नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। संगठन को धार देने और आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए सक्रिय व अनुभवी कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

स्यालसौड़ (चन्द्रापुरी) स्थित एक स्थानीय होटल में जिलाध्यक्ष बलबीर चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विचार-विमर्श के बाद कार्यकारिणी का गठन किया गया। घोषित कार्यकारिणी में विनोद कप्रवाण को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विक्रम सिंह फर्स्वाण को जिला उपाध्यक्ष, हरिभजन भंडारी एवं दीप प्रकाश भट्ट को जिला महामंत्री तथा महिपाल भंडारी को जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई।

इसके अलावा राज किशोर विष्ट को अगस्त्यमुनि ब्लॉक अध्यक्ष और राय सिंह पंवार को जखोली ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। युवा उक्रांद की कमान रवि राणा को सौंपी गई, जबकि गगनदीप रावत को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी बंदना भट्ट को दी गई है। इस अवसर पर केंद्रीय महामंत्री देवेन्द्र चमोली, केंद्रीय सचिव पृथ्वी पाल रावत, जितार सिंह जंगवाण, आशुतोष भंडारी, आरती पांडेय, अर्जुन कंडारी, सुबोध नौटियाल, प्रेम सिंह रावत, विपिन विष्ट, राय सिंह रावत, प्रदीप विष्ट, उपेन्द्र पंत, अंकुश जखवाल, जसपाल सिंह रावत सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मंत्रिमंडल में स्थान न मिलने से कई विधायकों में मायूसी

■ जिले को नहीं मिला मंत्री पद, नेतृत्व विहीन हुआ उत्तरकाशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला /उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी जनपद का दुर्भाग्य ही कहें की राज्य बनने के बाद इस से ही इस जिले की उपेक्षा होती रही है। इस जनपद को भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों ने मंत्री पद नहीं दिया। कुल मिलाकर इस सीमांत जनपद की लगातार अनदेखी हुई है। 2012 में यमुनोत्री विधानसभा से निर्दलीय विधायक के चुनाव जीते प्रीतम पंवार के बाद उत्तरकाशी तीन विधानसभा पुरोला, यमुनोत्री, और गंगोत्री के हिस्से मंत्री पद नहीं आया।

इस बार भी सियासत के दावों के बीच जनपद के हाथ खाली रह गई है। अब उत्तराखंड की राजनीति में एक बार फिर वही पुराना सवाल खड़ा हो गया है क्या उत्तरकाशी जनपद सिर्फ चुनावी वादों तक ही सीमित रह गया है? वर्षों से सत्ता में रही कांग्रेस और भाजपा, दोनों ही दलों पर अब यह आरोप तेज हो गया है कि उन्होंने हमेशा इस सीमांत जनपद की उपेक्षा की है। ताजा मामला धामी सरकार के संभावित कैबिनेट विस्तार से जुड़ा है, जिसमें कयास लगाए जा रहे थे कि इस बार उत्तरकाशी को प्रतिनिधित्व मिलेगा। लेकिन शुक्रवार को यह साफ हो गया कि जनपद के हिस्से एक बार फिर निराशा मिली है।

गौरतलब है कि राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं थीं कि पुरोला विधानसभा से विधायक दुर्गेश लाल को कैबिनेट में जगह मिल सकती है। इसके पीछे कई कारण भी गिनाए जा रहे थे। पहला, दुर्गेश लाल को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के करीबी नेताओं में माना जाता है। दूसरा जिले का मंत्री विहीन है।इतना ही नहीं दो दिन पूर्व गंगोत्री और पुरोला विधायक ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात भी की थी।

जिससे संभावनाएं और मजबूत हो गई थीं। तीसरा, सोशल मीडिया पर भी दुर्गेश लाल के नाम को लेकर काफी चर्चा चल रही थी, जहां उन्हें संभावित मंत्री के तौर पर देखा जा रहा था।

लेकिन इन तमाम अटकलों के बावजूद उत्तरकाशी को फिर नजर. अंदाज किया जाना कई सवाल खड़े करता है। क्या वाकई जनपद की राजनीतिक पकड़ इतनी कमजोर है या फिर अंदरूनी राजनीति ने एक बार फिर अवसर छीन लिया?

दूसरी ओर, राजनीतिक विश्लेषकों का एक वर्ग यह भी मानता है कि मौजूदा विधायक को कैबिनेट में जगह न मिलने के पीछे उनकी अपनी कार्यशैली भी एक बड़ा कारण हो सकती है। अपनी ही सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों के आवास के बाहर धरना देना, लगातार विवादित बयानों में बने रहना और जातिवाद के आरोपों से घिरना ये सभी बातें उनके खिलाफ जाती रही हैं।

विश्लेषकों का कहना है कि राजनीति में सिर्फ लोकप्रियता ही नहीं, बल्कि संतुलन और संयम भी उतना ही जरूरी होता है। विधायक के बड़े बोल और आक्रामक शैली ने उन्हें सुर्खियों में जरूर रखा, लेकिन शायद यही शैली उनके लिए कैबिनेट का रास्ता मुश्किल बना गई। कुछ राजनीतिक पंडित विधायक का मनरेगा मजदूर चर्चाओं में आने का भी मुख्य कारण मान रहे हैं।

**धामी सरकार ने 2027 विधानसभा चुनाव की कवायद की तेज**

शुक्रवार को उत्तराखंड कैबिनेट में शामिल किए गए ये पांच चेहरे अपने-अपने क्षेत्रों में मजबूत पकड़ रखते हैं। उनका राजनीतिक इतिहास उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त बनाता है। अब सभी की नजर इस बात पर होगी कि ये नए मंत्री अपने विभागों में किस तरह प्रदर्शन करते हैं और राज्य के विकास में क्या योगदान देते हैं। साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव 2027 पर इस मंत्रिमंडल विस्तार का क्या असर पड़ता है।

# धामी मंत्रिमंडल पर त्रिभुवन चौहान का तंज

■ चार सालों तक कई विभागों की मलाई खाने के बाद आई याद

**शाह टाइम्स संवादददाता**

**रुद्रप्रयाग।** पूर्व केदारनाथ विधानसभा प्रत्याशी त्रिभुवन चौहान ने पुष्कर सिंह धामी के मंत्रिमंडल विस्तार पर तीखा व्यंग्य कसा है। उन्होंने कहा कि चार साल तक कई विभागों की "मलाई" खाई गई और काम में ढिलाई भी बरती गई, जबकि जनता को "कम लोग, ज्यादा काम" का मॉडल दिखाया जाता रहा।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि "अरे वाह! आखिरकार वो ऐतिहा. सिक पल आ ही गया" जब चार साल तक मंत्रिमंडल की कुर्सियाँ खाली रखने के बाद अब चुनाव नजदीक आते ही मंत्रियों को मौका देने की याद आई। उनके अनुसार, यह फैसला जनहित से ज्यादा राजनीतिक मजबूरी का परिणाम नजर आता है।

चौहान ने कहा कि पहले "अकेला चलो" की नीति अपनाई गई और अब अचानक "सबको साथ लेकर चलो" का नया नारा दिया जा रहा है, क्योंकि चुनावी माहौल में विधायकों की नाराजगी का डर सताने लगा है। उन्होंने इसे "वोट की खुशबू" से जुड़ा फैसला बताया।

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या नए मंत्री वास्तव में विकास करेंगे या सिर्फ चुनाव तक "मंत्री" का टैग लेकर घूमते रहेंगे।